* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 175












# कांग्रेस सनातन विरोधियों के साथ क्यों : नरेंद्र मोदी

● प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू में विपक्ष पर साधा निशाना, तो अपने वादे को भी दोहराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस से पूछा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सनातन विरोधी बयानों के बावजूद कांग्रेस उनके साथ क्यों खड़ी है? उन्होंने कहा कि विपक्ष के लिए राम मंदिर एक राजनीतिक मुद्दा था। मंदिर बन गया तो यह विपक्ष के हाथ से निकल गया। प्रधानमंत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआइ को दिये एक इंटरव्यू में विपक्ष पर निशाना साधा, तो राम मंदिर, यूक्रेन-रूस जंग, इलेक्टोरल बांड, भारत के विकास का रोडमैप जैसे कई मुद्दों पर बात की। पेश है इंटरव्यू के कुछ सवाल और प्रधानमंत्री का जवाब।

**सवाल:** डीएमके ने तमिलनाडु में सनातन के खिलाफ काफी बयान दिये हैं?

**मोदी:** सवाल कांग्रेस को पूछना चाहिए। तुम्हारी क्या मजबूरी है। सनातन के खिलाफ इतना जहर उगलने वाले लोगों के साथ तुम (कांग्रेस) क्यों बैठे हो। डीएमके का जन्म शायद इस नफरत में हुआ होगा। डीएमके के प्रति जितना जबर्दस्त गुस्सा पैदा हुआ है, उसकी मैं कल्पना नहीं कर सकता। वह गुस्सा भाजपा की तरफ डायवर्ट हो रहा है, सकारात्मक रूप में।

**सवाल:** राम मंदिर को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए था, लेकिन हो गया। इस पर क्या कहेंगे?

**मोदी:** उनके (विपक्ष) लिए ये राजनीतिक हथियार था। अब हुआ क्या? राम मंदिर बन गया। उनके हाथ से मुद्दा निकल गया।

**सवाल:** आपने कई भाषणों में कहा है कि आपका लक्ष्य 2024 नहीं, 2047 है तो 2047 तक क्या कुछ होने वाला है? क्या ये चुनाव महज फॉर्मेलिटी है।

**मोदी:** मैं समझता हूं कि 2047 और 2024 दोनों को मिक्सअप नहीं करना चाहिए। दोनों अलग-अलग चीजें हैं। देश जब आजादी के 75 साल मना रहा था, उसी समय मैंने यह विषय लोगों के सामने रखना शुरू किया था। मैं कहता था कि 2047 में देश की आजादी के 100 साल होंगे। ये माइलस्टोन होगा। ये ऐसी चीजें हैं, जो व्यक्ति में नये संकल्प भरती हैं। मेरा मानना है कि ये एक मौका है। 75 साल पर हम खड़े हैं और 100 साल पर पहुंचने वाले हैं। इस 25 साल का हम सर्वाधिक उपयोग कैसे करें। हर इंस्टीट्यूशन अपना लक्ष्य बनाये कि मैं इतना करूंगा। दूसरा है 2024- इसमें चुनाव का जो क्रम है, वो आया हुआ क्रम है। मैं मानता हूं कि चुनाव एक ऑल टूगेदर डिफरेंट थिंग है। लोकतंत्र में चुनाव को लाइटली नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुत बड़ा महापर्व है। मेरा मानना है कि इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। जैसे स्पोर्ट्स के इवेंट्स होते हैं, वो स्पोर्ट्समैन स्पिरिट को पैदा करते हैं। जब खेल का मैदान होता है, तब खेलने वाले, देखने वाले, स्पोर्ट्समैन स्पिरिट का एनवायर्नमेंट क्रिएट होता है।

**सवाल:** आप स्पीच में कहते हैं कि अभी तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करने वाला हूं। आपका विजन क्या है? 2047 तक ये विजन कैसे सक्सेसफुल होगा?

**मोदी:** मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान होते हैं। उसके लिए बड़े-बड़े फैसले हैं। किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने, दबाने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण के लिए हैं। मैं देश बिगाड़ना और समय बर्बाद नहीं करना चाहता। ज्यादातर सरकारों का मिजाज होता है कि हमने तो सब कुछ कर लिया। मैं नहीं मानता कि उन्होंने सबकुछ कर लिया। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने और सही दिशा में जाने का प्रयास किया है। फिर भी बहुत कुछ है, जो मुझे करना है। मोदी का विजन मेरी बपौती नहीं है, इसमें 15-20 लाख लोगों के विचारों को समाहित किया गया है।

**सवाल:** पहले कहा जाता था कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा। अब कहा जाता है कि मोदी इज भारत, भारत इज मोदी। क्या आप उस लेवल पर पहुंच गये हैं?

**मोदी:** देश जो कहता है और जो मैं खुद भी फील करता हूं, मैं मां भारती का बेटा हूं।

## कांग्रेस-लेफ्ट का अब सिर्फ नाम बचा: प्रधानमंत्री



पलक्कड़/तिरुवनंतपुरम (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को केरल और तमिलनाडु के दौरे पर थे। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस का केवल नाम ही बचा है। जनता ने दोनों को रिजेक्ट कर दिया है। केरल की जनता आज इसी पीड़ा से गुजर रही है। आज केरल की चर्चा राजनैतिक हिंसा और अपराधों के लिए होने लगी है। उन्होंने कहा कि रविवार को दिल्ली में भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा का संकल्प पत्र यानी मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी में भारत विश्वस्तरीय संरचना का केंद्र बनेगा। मोदी की गारंटी में भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में गगनयान जैसी स्मरणार्थ उपलब्धि हासिल करेगा। कांग्रेस और एलडीएफ ने केरल राज्य को बुरी तरह से लूटा है। असंख्य घोटालों में शामिल और सोने के तस्करों को बचाने वाले कभी आपकी रक्षा नहीं कर सकते। केरल को भ्रष्ट सरकारों के चंगुल से खुद को बचाने की जरूरत है। उन्होंने केरल के विकास में भाजपा सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया।

# केरल और दिल्ली की सत्ता में आयेगी कांग्रेस : राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद ने वायनाड में रोड शो किया और विपक्ष पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को इंडिया ब्लॉक के पार्टनर लेफ्ट पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस केरल और दिल्ली में सत्ता में आयेगी। वायनाड से दोबारा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के लिए राज्य और केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। सुल्तान बाथेरी में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वायनाड कुछ समस्याओं का सामना कर रहा है और इसमें मानव-पशु संघर्ष, रात के यातायात का मुद्दा और चिकित्सा सुविधाओं



से जुड़े मुद्दे, मेडिकल कॉलेज की कमी शामिल है। राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे और एक रोड शो किया। कुछ देर की यात्रा के बाद उन्होंने गाड़ी रोकी और सभा को संबोधित किया।

**वायनाड के प्रति सौतेला रवैया:** राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कई मौकों पर केंद्र और राज्य दोनों को लिखा है, लेकिन ये दोनों सरकारें वायनाड के प्रति सौतेला रवैया अपना रही हैं। समस्या यह है कि हम दिल्ली या यहां सत्ता में नहीं हैं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि वायनाड की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जायेगा, क्योंकि कांग्रेस दिल्ली और केरल में भी सत्ता में आने वाली है। उन्होंने कहा कि जब भी वह वायनाड आते हैं, तो उन्हें लगता है कि वह अपने घर आ गये हैं।

### वायनाड आ रही हैं सोनिया गांधी

कांग्रेस नेता ने कहा कि मैंने अपनी मां (सोनिया गांधी) से कहा है कि उन्हें 10 दिनों के लिए वायनाड रहने आना चाहिएऔर वह आयेंगी। इस पर भीड़ ने खुशी जतायी और एक महीने रुकने का आग्रह किया। इस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया कि वह एक महीने तक नहीं रह सकतीं, क्योंकि उन्हें नमी की समस्या है। मैंने उनसे कहा है कि वह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगह को मिस कर रही हैं। वह आ रहीं होंगी।

## न्यूज रील्स

### 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआइ को लिखी चिट्ठी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित कर-के न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं। हम कानून के संरक्षक, हैं। हमारी ही ईमानदारी पर सवाल उठ रहे हैं।

### भाजपा सत्ता में आयी, तो चुनाव नहीं होंगे: ममता

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर आप देश की आजादी बचाना चाहते हैं, तो भाजपा को सत्ता से बाहर करें। अगर भाजपा जीती, तो देश में भविष्य में कोई चुनाव नहीं होगा। सरकार निरंकुश हो जायेगी। वे एक नेता, एक देश, एक भाषण और एक भोजन चाहते हैं।

### चुनाव आयोग ने 44 दिन में 4658.13 करोड़ जब्त किये

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले 1 मार्च से 13 अप्रैल तक चेकिंग के दौरान देश भर में 4658.13 करोड़ रुपये जब्त किये हैं। इनमें कैश, सोना-चांदी, शराब, ड्रग्स और कीमती सामान शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 3475 करोड़ रुपए जब्त किये थे। आयोग ने सोमवार को बताया कि चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड़ रुपये जब्त किये गये थे।

## कल्पना सोरेन पहुंचीं गांडेय, लोगों से किया संवाद, कहा

# अपने हक और अधिकार के लिए आगे आयें

धनेश्वर मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांडेय।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल, जमीन हमारा है। फिर भी हम आदिवासियों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जाता है। अपने हक और अधिकार को प्राप्त करने के लिए आपको खुद आगे आना होगा। जो आपके अधिकार की बात करे, उसे संसद में पहुंचाना होगा। कल्पना सोमवार को गांडेय प्रखंड के मैदानीसारे पंचायत के खंभरबाद में आदिवासी समाज के लोगों के साथ हुई बैठक में बोल रहीं थीं।



कल्पना ने कहा कि आप लोगों की अच्छी और सकारात्मक सोच के कारण हेमंत सोरेन 2019 में राज्य के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने राज्य की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया। उन्होंने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में आदिवासियों के ऊपर किये गये केस को वापस लेने का फैसला किया। सर्वजन पेंशन योजना सिर्फ झारखंड में चल रही है। राज्य के 20 लाख परिवारों का राशन कार्ड बनवाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। राज्य के गरीबों को आवास नहीं मिल रहा था। हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू की।

कल्पना सोमवार को गांडेय पहुंचीं। यहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। मरगोडीह गांव में झारखंड आंदोलनकारी नेता रहे धनेश्वर मंडल की प्रतिमा और जोराआम स्थित झामुमो के नेता रहे बसंत पाठक के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि दी। खंभाटांड़ गांव में आदिवासी समाज के द्वारा आयोजित संवाद में भाग लिया।

# भाजपा का 400 पार केवल जुमला है: चंपाई

राजनगर में मुख्यमंत्री ने गठबंधन नेताओं के साथ किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता


**राजनगर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन इन दिनों सरायकेला प्रवास पर हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के अलावे आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने सोमवार को राजनगर प्रखंड के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें जीत के मंत्र दिये। चंपाई ने महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 400 पार का सपना देख रही है। इस बार भाजपा 150 भी पार नहीं कर पायेगी। झारखंड में भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा। झारखंड में 14 की 14 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी सिंहभूम लोकसभा सीट से महागठबंधन की जीत हुई थी। इस बार भी इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी को भारी मतों से जीत दिलानी है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जुमले की सरकार से जनता ऊब चुकी है। जनता को जुमला नहीं, भरोसा चाहिए। 10 साल से केंद्र सरकार ने देश की जनता को ठगा है। अब समय आ गया है, जनता अपने एक-एक दर्द का हिसाब लेगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा दिनों तक भाजपा ने राज किया है। मगर यहां की जनता मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से आज भी वंचित है। हमारी सरकार ने आते ही यहां के जल-जंगल और जमीन की रक्षा का बीड़ा उठाया और गांव- गांव सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम किया। उन योजनाओं से जनता में उत्साह है। इसका परिणाम आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

## रुर्बन मिशन में झारखंड को 9वां रैंक, मुख्यमंत्री ने दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन के तहत झारखंड को 9वां रैंक हासिल हुआ है। झारखंड के लिए यह गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस उपलब्धि के लिए झारखंडवासियों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि बधाई झारखंड। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों और आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं और उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वां रैंक दिया है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता की सेवा और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।



# सारे चोर परेशान, मोदी को कैसे रोकें: बाबूलाल

बेड़ो में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गारंटी की गारंटी है कि देश का कोई गरीब भूखा नहीं रहेगा। नरेंद्र मोदी ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है, इसमें कहा है कि 70 साल से ऊपर सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड देंगे। आज सारे चोर परेशान हैं, मोदी जी को कैसे रोका जाये। विपक्ष कह रहा है, हम लोगों की दुकानदारी बंद कर देंगे। बाबूलाल सोमवार को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर विधानसभा के बेड़ो में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार सीटें जीतनी है।



## हेमंत सोरेन पर साधा निशाना

बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री थे, नदी नाला से बालू तक नहीं छोड़ा। दिल्ली बंबई से दलाल को बुलाया और बालू को लुटाते हैं। लोहा लूटा, कोयला लूटा, पत्थर लूटा। हेमंत सोरेन ने झारखंड को दलालों के हाथों सौंप दिया था। कौन सा मुख्यमंत्री है जो अपने और अपनी पत्नी के नाम से खदान लीज पर लिया हो। आदिवासियों की जमीन गलत तरीके से हड़पी। इसीलिए वह जेल में हैं। इंडी गठबंधन कहता है भाजपा की सरकार बनेगी, तो जमीन लूट लेगी। झारखंड बनने के बाद 13 साल तक झारखंड में भाजपा की सरकार रही। कोई बता दे, भाजपावालों ने कहां जमीन लूटी है। क्या बाबूलाल ने लूटी, अर्जुन मुंडा ने लूटी, रघुवर दास ने लूटी। लूटा तो हेमंत सोरेन ने है, कांग्रेस के लोगों ने लूटा है। हेमंत सोरेन की कहां कहां जमीन नहीं है। 100 से ज्यादा डीड तो मेरा पास पड़ी है। झारखंड के हर बड़े शहर में उनकी जमीन है। देश को लूटने वाले मोदी को रोकना चाहते हैं।

## 10 साल में जितना विकास हुआ, पहले कभी नहीं

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य की स्थापना भाजपा ने की है। पहले जयपाल सिंह मुंडा ने राज्य की मांग की, तो उन्हें कांग्रेस में शामिल करा दिया गया। शिबू सोरेन को पैसा देकर चुप करा दिया गया। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग झारखंड राज्य बनाया। देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने 60 साल तक देश पर शासन किया, जबकि भाई नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विगत दस साल से सत्ता में है। आज दस वर्षों में जितना विकास हुआ है, पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा 370, मुस्लिम महिलाओं के अधिकार के लिए तीन तलाक जैसे नियम को खत्म करने का साहसिक कार्य किया। केंद्र सरकार जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का कार्य करेगी। बाबूलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी संविधान को धर्मग्रंथ मानते हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते हुए 80 बार संविधान संशोधन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसाई मुस्लिम विरोधी नहीं है। पिछले दस वर्षों से देश में कोई दंगा फसाद नहीं हुआ है। जबकि सभी समुदाय के लोगों को बराबर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बाबूलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी का सपना 2047 तक देश को विकसित देश बनाने का है। आप बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर पूरी जिम्मेदारी लोकसभा चुनाव जिताने की है। पिछली बार बहुत कम वोट से जीत हुई थी। इस बार दस प्रतिशत वोट बढ़ा कर 56 प्रतिशत वोट भाजपा को दिलाना है।13 मई को चुनाव है, इस बार समीर उरांव को सांसद बनाना है। कार्यक्रम में भाजपा के लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, प्रदेश भाजपा के महामंत्री मनोज सिंह, रांची जिला ग्रामीण भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाजपा के युवा नेता सह लोहरदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो उपस्थित थे।

# गोड्डा में इस बार दिखेगा जातीय राजनीति का असली दम

## ■ अपने गढ़ में लगातार चौथी बार जीत के प्रति आश्वस्त हैं निशिकांत दुबे
## ■ यदि गैर ब्राह्मण-मुस्लिमों का समीकरण बना, तो लड़ाई रोमांचक होगी
## ■ विकास के पैमाने पर राज्य के बाकी इलाकों से आगे है गोड्डा संसदीय क्षेत्र

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के आठ अनारक्षित संसदीय क्षेत्रों में से एक गोड्डा में हालांकि मुकाबले की तस्वीर अब तक साफ नहीं हुई है, लेकिन इतना तय है कि इस बार यहां जातीय राजनीति का असली दम देखने को मिलेगा। गोड्डा झारखंड का इकलौता ऐसा क्षेत्र है, जहां ब्राह्मणों की संख्या निर्णायक है और यदि उनके साथ दूसरी सवर्ण जातियां आ जायें, तो किसी को भी जिता या हरा सकती हैं। यही कारण है कि भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार अपनी जीत के प्रति इतने आश्वस्त हैं कि उन्होंने प्रचार नहीं करने की घोषणा कर दी है। उन्हें अपनी स्वजातीय वोटरों की गोलबंदी पर भरोसा ही नहीं, यकीन भी है। इसलिए कहा जा रहा है कि झारखंड की इस 'बिहारी सीट' पर इस बार जातियों की सियासत देखने को मिलेगी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि यदि गोड्डा में गैर-ब्राह्मण और मुस्लिम एकजुट हो गये, तो फिर लड़ाई रोमांचक हो सकती है। इसी समीकरण के बल पर यहां से कांग्रेस के फुरकान अंसारी और प्रदीप यादव पहले सांसद चुने जाते रहे हैं। जातीय राजनीति के अलावा डॉ निशिकांत दुबे के पास गिनाने लायक कई ऐसे काम हैं, जिनके बल पर वह वोट मांग सकते हैं। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के चुनावी मुद्दे अब तक तय नहीं हुए हैं, लेकिन निशिकांत दुबे को घेरने के लिए विपक्ष ने रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। क्या है गोड्डा संसदीय क्षेत्र का माहौल और चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

17वीं लोकसभा में झारखंड के सबसे मुखर और सक्रिय सांसद और गोड्डा से लगातार चौथी बार भाजपा के टिकट पर चुनावी मुकाबले में उतरे डॉ निशिकांत दुबे ने हाल में एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि यदि प्रदीप यादव या फुरकान अंसारी को इंडी गठबंधन उम्मीदवार बनाता है, तो वह चुनाव प्रचार नहीं करने जायेंगे। इनके लिए उनके कार्यकर्ता ही काफी हैं। इस बयान की क्रोनोलॉजी को समझना जरूरी है। दरअसल, झारखंड के आठ अनारक्षित संसदीय क्षेत्रों में से गोड्डा झारखंड का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां ब्राह्मणों की आबादी निर्णायक है। गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं के जातिगत आंकड़ों पर गौर करने से स्थिति काफी कुछ साफ होती दिखती है। गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 19 लाख 95 हजार 192 है। यहां सर्वाधिक चार लाख की आबादी ब्राह्मणों की है, जबकि मुस्लिम साढ़े तीन लाख के आसपास हैं। यादवों की आबादी ढाई लाख है। इसके अलावा वैश्य की आबादी ढाई से तीन लाख है और आदिवासियों की आबादी डेढ़ से दो लाख और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ की संख्या एक लाख के करीब है। शेष पंचगनिया दलित हैं।

इस जातीय आंकड़ों पर गौर करने से साफ हो जाता है कि ब्राह्मणों की इतनी बड़ी आबादी यदि एकमुश्त किसी को वोट दे दे, तो फिर उसकी जीत को कोई रोक नहीं सकता है। डॉ दुबे इसी जाति से आते हैं। उन्हें स्वजातीय वोटरों के अलावा दूसरी सवर्ण जातियों और भाजपा के कोर वोटर रहे वैश्य समुदाय पर भरोसा है। यदि इन जातियों के वोटरों की गोलबंदी हो गयी, तो फिर उनका रास्ता साफ हो जायेगा।

### गोड्डा में निर्णायक साबित होते हैं ब्राह्मण वोटर

इन सबमें एक बात साफ है की निर्णायक मत गोड्डा लोकसभा में ब्राह्मण वोटरों की है, जिनकी संख्या चार लाख के करीब है। ब्राह्मण बहुल मतों के कारण ही गोड्डा लोकसभा को झारखंड का मिथिलांचल कहा जाता है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह मिथिला का आंचल है, जहां बड़ी आबादी मैथिल ब्राह्मणों की है, जिससे एक वर्ग का एकमुश्त वोट भाजपा को मिलता रहा है। ब्राह्मण वोटर पहले कांग्रेस के साथ जुड़े रहे, लेकिन मोदी काल के बाद ये पूरी तरह से भाजपा के लिए वोट करते हैं। अब सवाल है कि अगर ब्राह्मण वोट में सेंधमारी होती है और ऐसा कांग्रेस कर पाने में सफल होती है, तो उनके लिए बड़ा दांव हो सकता है। लेकिन फिलहाल गोड्डा में ऐसा होता दिख नहीं रहा है।




### गैर-ब्राह्मण-मुस्लिम वोटों की गोलबंदी से खतरा

दूसरी तरफ गोड्डा संसदीय क्षेत्र में गैर-ब्राह्मण और मुस्लिमों की गोलबंदी पहले भी होती रही है और इस बार भी यदि जातीय गोलबंदी पर जोर डाला गया, तो यह समीकरण बन सकता है। यदि ऐसा हुआ और मुस्लिम, यादव और आदिवासी मत एकजुट हो गये, तो भाजपा के लिए चुनौती हो सकती है।

### गोड्डा में ब्राह्मण दो समूह में हैं

गोड्डा में ब्राह्मण भी दो समूह में हैं। एक मैथिल और दूसरा कन्नौजिया। कई बार ये एक-दूसरे के आमने-सामने होते हैं। हालांकि यह क्षेत्र मिथिला से सटा हुआ है, इस कारण मैथिलों की संख्या ज्यादा है और इसका प्रभाव अधिक है। वहीं कान्यकुब्ज उत्तप्रदेश, मध्यप्रदेश और गढ़वाल से आकर यहां बसे हैं। इन लोगों के घर पूजा-पाठ में मैथिली पद्धति ही हावी है। निशिकांत दुबे कान्यकुब्ज ब्राह्मण ही हैं।

### ब्राह्मण मतों में सेंधमारी की होगी कोशिश

पिछले दिनों भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री राज पलिवार के कांग्रेस में आने की बात आयी थी। हालांकि राज पलिवार ने बाद में इसका खंडन भी किया था। इसके पीछे भी यही समीकरण था कि एक मैथिल ब्राह्मण उम्मीदवार कांग्रेस से उतार कर भाजपा को उसी के नेता से ब्राह्मण मतों में सेंधमारी की जाये।

### गोड्डा का सियासी इतिहास

गोड्डा लोकसभा सीट को भले ही आज भाजपा का गढ़ माना जाता है, लेकिन इतिहास के पन्नों को पलट कर देखें, तो इस सीट पर कभी कांग्रेस का राज हुआ करता था। वर्तमान में यहां कांग्रेस दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। आखिरी बार 20 साल पहले साल 2004 में कांग्रेस के फुरकान अंसारी यहां से सांसद बने थे। उसके बाद गोड्डा में निशिकांत दुबे की इंट्री हुई और बीते तीन टर्म से निशिकांत यहां से सांसद हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने एक बार फिर उन पर ही भरोसा जताया है। निशिकांत ने गोड्डा में इंट्री के साथ ऐसा तूफान पैदा किया कि गोड्डा में कांग्रेस फिर वापस भी नहीं आ पायी। भाजपा ने अब तक गोड्डा से आठ बार और कांग्रेस ने छह बार जीत दर्ज कर की है। यहां क्षेत्रीय पार्टियों का दबदबा काफी कम रहा है। इस सीट के लिए मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चला है। 1977 के चुनाव में गोड्डा सीट पर जेपी आंदोलन का असर दिखा और 1977 में भारतीय लोक दल पार्टी से जगदंबी प्रसाद यादव सांसद बने और 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा से सूरज मंडल ने यहां से जीत हासिल की थी। इसके अलावा गोड्डा सीट पर कभी भी क्षेत्रिय पार्टियों की वापसी नहीं हुई है।

### गोड्डा संसदीय सीट का राजनीतिक परिदृश्य

गोड्डा संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिलों की छह विधानसभा सीटों में एक देवघर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इन छह में से दो सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था, जबकि दो पर कांग्रेस और एक-एक पर झामुमो और झाविमो की जीत हुई थी। बाद में झाविमो के विधायक प्रदीप यादव कांग्रेस में शामिल हो गये। इस तरह अभी चार सीट विपक्षी गठबंधन के पास और दो सीट भाजपा के पास है। देवघर सीट से वर्तमान में भाजपा के विधायक नारायण दास हैं, जबकि गोड्डा से अमित मंडल विधायक हैं। मधुपुर से झामुमो के हफीजुल अंसारी विधायक हैं। जरमुंडी, महगामा और पोड़ैयाहाट से क्रमशः कांग्रेस के बादल पत्रलेख, दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव विधायक हैं। गोड्डा विधानसभा सीट से भाजपा के अमित मंडल और पोड़ैयाहाट से झाविमो के प्रदीप यादव विधायक हैं।

### गोड्डा संसदीय क्षेत्र का चुनावी इतिहास

गोड्डा जब स्वतंत्र लोकसभा सीट के रूप में नहीं जाना जाता था और अविभाजित बिहार का अंग था, उस वक्त देश में हुए पहले चुनाव में संताल परगना प्रमंडल क्षेत्र से पहले सांसद के रूप में देवघर के पुरोहित समाज के पंडित रामराज जजवाड़े निर्वाचित हुए थे। 1962 और 1967 के चुनाव में इस सीट से कांग्रेस के प्रभुदयाल जीते। 1971 और 1977 के चुनाव में जगदीश मंडल विजयी रहे । जगदीश मंडल 1971 में कांग्रेस और 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़े थे। 1980 और फिर 1984 में मौलाना समीउद्दीन ने जीत दर्ज की थी। 1989 में इस सीट पर भाजपा के जनार्दन प्रसाद यादव जीते थे। 1991 में झामुमो के सूरज मंडल विजयी घोषित किये गये थे। पुनः गोड्डा सीट पर भाजपा की वापसी हुई। 1996, 1998 और 1999 का चुनाव भाजपा के टिकट पर जगदंबी प्रसाद यादव जीते। 2000 का चुनाव भाजपा के ही टिकट पर प्रदीप यादव जीते। 2004 में अपनी पारंपरिक सीट पर कांग्रेस ने वापसी की और फुरकान अंसारी चुनाव जीते। लेकिन उसके बाद एक बार फिर भाजपा ने गोड्डा सीट पर अपनी पुनर्वापसी की। 2009, 2014 और 2019 में पार्टी प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने जीत दर्ज की।

### गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे

बड़ा सवाल है कि गोड्डा में किन मुद्दों पर चुनाव लड़ा जायेगा। गोड्डा के ललमटिया में राजमहल कोल परियोजना के अंतर्गत एशिया का सबसे बड़ा कोयला पिट है। मुद्दा यह है कि स्थानीय ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिलता है। गोड्डा शहर में 16 सौ मेगावाट क्षमता वाला अडाणी का पावर प्लांट है। समझौते के मुताबिक इसका 25 फीसदी झारखंड को मिलना था, लेकिन नहीं मिल रहा है। गठबंधन इसे यहां मुद्दा बनायेगा। गोड्डा में बांग्लादेशी घुसपैठ भी इस बार मुद्दा बनेगा। इसके अलावा गरीबी, पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे तो हैं ही। लेकिन अभी से ही यहां जिस तरह जातीय गोलबंदी की कोशिशें होने लगी हैं, उससे तो यही लगता है कि यहां सबसे ऊपर जाति का ही मुद्दा रहेगा।

---

## लक्ष्मीकांत, बाबूलाल ने भाजपा के मीडिया सेंटर का किया उद्घाटन

# देश में कोई भी भूखा नहीं सोयेगा: बाबूलाल

**भाजपा के संकल्प, मोदी की गारंटी पर झारखंड को भरोसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को हरमू रोड में स्थित मारू टावर में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही सभी ने भरोसा जताया कि भाजपा के संकल्प, मोदी की गारंटी पर झारखंड के लोग भी चुनाव में भरोसा जतायेंगे। मौके पर मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रविवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी हो गया है। पीएम ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश में कोई भी भूखे नहीं सोयेगा। यह मोदीजी की गारंटी है। गरीबों को इलाज के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ा। पैसे के अभाव में इससे इलाज अब नहीं रुकता। इसे और विस्तार देते हुए पीएम ने 70 साल पूरा करनेवाले या इससे अधिक के सभी वर्ग के लोगों को भी इसका लाभ देने की बात की है। बीमार होने के बाद उनका इलाज नहीं हो पाता था, उसे भी लाभ मिलेगा। 10 वर्ष में 4 करोड़ से अधिक आवास दिया। आनेवाले समय में और तीन करोड़ लोगों को आवास सरकार देगी। इस तरह से सबको अपना घर देने की तैयारी है। फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की तैयारी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। अपोजिशन जो कहता है कि रोजगार की बातें भाजपा नहीं करती, अब इसका जवाब इससे दिखेगा। श्री अन्न योजना, सहकारिता नीति लायेंगे। स्वनिधि स्कीम से गांवों में 50 हजार का कर्ज मिलेगा। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक समेत पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे।

**जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ष मनाया जायेगा। इसके जरिये हमारे जनजातीय समाज से जुड़े नायकों, महापुरूषों को सम्मान मिलेगा। देश में तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाया जाना है। 5000 किमी रेल पटरियां बिछायी जा रही हैं। पिछले 10 वर्षों में देश में रेल, हवाई सेवा, सड़क निर्माण कार्यों का विस्तार हुआ है। यूसीसी लाया जायेगा। दिव्यांग जनों को पीएम आवास में प्राथमिकता मिलेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन प्लान भी महत्वपूर्ण है। मुद्रा लोन 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जा रहा है।



### मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा

बाबूलाल मरांडी ने दावा करते कहा कि मोदीजी की गारंटी पर लोगों को भरोसा है। पिछले 10 सालों में चार करोड़ मकान बना कर लोगों को दिया गया॥ इसी तरह आगे तीन करोड़ दिये जायेंगे। कांग्रेस देश से गरीबी को मिटाने की बात करती रही, मोदीजी ने अबतक देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया है। इससे कांग्रेस के नेताओं में डर भी है।

### झामुमो ने हार मान ली है

सांसद गीता कोड़ा पर अटैक मामले के सवाल पर कहा कि यह झामुमो नेताओं की हताशा है। उन्होंने हार मान ली है। इसलिए हमारे प्रत्याशियों को जगह-जगह रोक रहे हैं। झारखंड की जनता इन्हें समझ चुकी है, इसलिए वे अब हताशा में ऐसा कर रहे हैं। वहां का वीडियो देखने से पता लग जायेगा कि झामुमो वाले इस मामले में कितना झूठ बोल रहे हैं।

---

# ढुल्लू और उनके परिजनों की बेनामी संपत्तियों का जल्द खुलासा : सरयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने भाजपा नेताओं को नसीहत दी। उन्होंने भाजपा के उन नेताओं पर निशाना साधा है, जिन्होंने सरयू राय को अपना ज्ञान अपने पास ही रखने की सलाह दी है। सरयू राय ने कहा कि उन्हें इन विवरणों की वस्तुस्थिति और सत्यता की जांच अपने सूत्रों से करा लेनी चाहिए। उसके बाद उन्हें इस बारे में प्रतिक्रिया देनी चाहिए कि प्रधानमंत्री की घोषणा की कसौटी पर भाजपा के ऐसे उम्मीदवार खरा उतरते हैं या नहीं?



**भाजपा उम्मीदवार के पास बेनामी अचल संपत्ति :** सरयू राय ने कहा है कि मेरे पास भाजपा के इस घोषित उम्मीदवार और उनके परिवारजनों द्वारा खरीदी गयी बड़ी संख्या में बेनामी अचल संपत्तियों और कंपनियों के नाम का विस्तृत ब्योरा भी है। ये कंपनियां दो साल पूर्व दिवालिया होने के कगार पर पंहुच चुकी थीं। इनमें से कई भूखंड गोविंदपुर अंचल के तुमादाहा मौजा में ही स्थित है। ये कंपनियां अभी भी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के दस्तावेज में सक्रिय दिख रही है। जीएसटी और आयकर का भुगतान भी कर रही हैं।

### जल्द ही सार्वजनिक करूंगा

सरयू राय ने कहा कि ढुल्लू के पास आय की तुलना में अचल परिसंपत्तियां अधिक हैं। ऐसे व्यक्तियों और कंपनियों के बारे में प्राप्त सूचनाओं का मिलान आधिकारिक दस्तावेजों से करने के उपरांत शीघ्र ही इसे भाजपा नेताओं की जानकारी के लिए सार्वजनिक करूंगा, ताकि वे नहीं चाहते हुए अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। उनका जमीर जग सके। यह मामला आय से अधिक संपत्ति का ठोस उदाहरण है।

---

## गीता कोड़ा पर हमला मामले में भाजपा ने एडीजी को सौंपा ज्ञापन

# एसपी-थानेदार को हटाने और कार्रवाई की मांग

**नहीं मिले डीजीपी, मीटिंग का दिया हवाला, शिष्टमंडल ने जतायी नाराजगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद गीता कोड़ा पर झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा हमला किये जाने के मामले को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। सरायकेला के एसपी और गम्हरिया के थानेदार को हटाने और कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा का उच्चस्तरीय शिष्टमंडल सोमवार को डीजीपी से मिलने पहुंचा, लेकिन डीजीपी ने मीटिंग का हवाला दिया गया। इस पर भाजपा ने नाराजगी जतायी। साथ ही एडीजी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में लोकसभा चुनाव की गतिविधियां तेज हो रही हैं। ऐसा लगता है कि राज्य की पुलिस सत्ताधारी गठबंधन सरकार के टूल्स के रूप में कार्य कर रही है। गीता कोड़ा पर हमले के मामले में सबसे पहले सरायकेला खरसावां के एसपी और गम्हारिया थानेदार को अविलंब स्थानांतरित करते हुए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो।





# पहले थे सिरमौर, अब नहीं ठौर

## यूपी में इस बार नहीं दिखाई देंगे माफिया के चेहरे, पहले अपराधियों की बोलती थी तूती

सलोनी

**यूपी की** सियासत में लंबे समय तक तमाम सियासी दलों में बाहुबलियों-माफिया का बोलबाला रहा। पर, बदले हालात में अब ऐसे माफिया और बाहुबली नेताओं को सियासत में ठौर नहीं मिल रही है। खास तौर पर मौजूदा चुनाव में प्रत्याशियों की फेहरिस्त देखें तो आपराधिक पृष्ठभूमि के तमाम नेताओं की धमक इस बार के चुनाव में देखने को नहीं मिलेगी। 2017 के बाद सियासत में मजबूत मोहरे के तौर पर इस्तेमाल होने वाले बड़े-बड़े माफिया कानून का शिकंजा कसने के बाद लुप्त होने लगे। संभवतः ये पहला आम चुनाव होगा, जिसमें माफिया का चेहरा नहीं दिखाई देगा। राजनीति और अपराध के गठजोड़ का फायदा जहां सियासी दल उठाते थे, वहीं माफिया भी अपनी आपराधिक जमीन को मजबूत करने के साथ अपना आर्थिक साम्राज्य खड़ा करते थे। राजनीति के अपराधीकरण की शुरुआत जहां गोरखपुर के हरिशंकर तिवारी से होना माना जाता है। वहीं, पश्चिम में डीपी यादव सूत्रधार थे। इसके बाद तो राजनीति में अपराधियों को शामिल करने की होड़ सी मच गयी। मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, बृजेश सिंह से लेकर विजय मिश्रा, धनंजय सिंह, रिजवान जहीर, अमरमणि त्रिपाठी जैसे तमाम आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सियासी चोला ओढ़ने के लिए इन दलों का सहारा लेने लगे।

### जानकारी



### हर चुनाव में चलती थी अपराधियों की

लोकसभा और विधानसभा ही नहीं, निकाय चुनावों में भी मुस्लिम मतदाताओं को साधने के लिए हर दल अतीक अहमद जैसे माफिया पर निर्भर रहे। अतीक को पहले सपा ने अपनाया, तो बाद में अपना दल और कांग्रेस ने भी सियासी फायदे के लिए उसका इस्तेमाल किया। इसका फायदा अतीक ने भी उठाया। इसी तरह मुख्तार अंसारी जैसे अपराधी को भी सियासी दलों ने सिर आंखों पर बैठाया। पूर्वांचल में अल्पसंख्यक वोटों के आकर्षण ने सियासी दलों को मुख्तार से दूर नहीं जाने दिया।

### हरिशंकर तिवारी का भाजपा और सपा ने बढ़ाया सियासी कद

यूपी के चुनावी इतिहास में जेल से चुनाव जीतने वाले गोरखपुर के हरिशंकर तिवारी पहले माफिया थे। श्रीप्रकाश शुक्ला जैसे दुर्दांत अपराधी के संरक्षक रहे हरिशंकर तिवारी के जलवे का असर कांग्रेस, सपा, बसपा और भाजपा पर खूब रहा। तिवारी की बाहुबली छवि का फायदा उठाने के लिए इन दलों ने न केवल कई बार विधायक बनाया, बल्कि सरकार बनी तो तीनों दलों ने तिवारी को कैबिनेट मंत्री भी बनाया। भाजपा ने तो दो बार कैबिनेट मंत्री बनाकर उपकृत किया। इसी तरह मुलायम सिंह ने मंत्री पद देकर सियासी कद बढ़ाया।

### धनंजय पर रही बसपा की विशेष नजर

छात्र राजनीति से अपराध और सियासत में कदम रखने वाले धनंजय पर भी अब तक हत्या, हत्या के प्रयास, सरकारी टेंडरों में वसूली व डकैती जैसे एक दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। 1998 में ही 50 हजार के इनामी बन चुके धनंजय ने 2002 के विधानसभा चुनाव में रारी क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव जीतकर सियासी दलों को अपनी ताकत का एहसास भी कराया।

### विजय मिश्र को सपा में मिली पनाह

1980 तक पेट्रोल पंप के संचालक रहे विजय मिश्र देखते-देखते ही अपराध की दुनिया में चर्चित हो गया। सियासी दल भी इसके नाम का फायदा उठाने लगे। हत्या, हत्या के प्रयास, वसूली जैसे आपराधिक मामलों से घिरे विजय को सबसे पहले सपा ने पनाह दी। सपा में विजय को इतनी अहमियत मिली कि देखते ही देखते विजय सपा प्रमुख मुलायम सिंह के किचन कैबिनेट का सदस्य बन गया।

### बृजेश सिंह ने निर्दलीय ही बनायी सियासत में जगह

तीन दशक से आपराधिक जीवन बिताने वाले बृजेश सिंह के खिलाफ 41 से अधिक मुकदमे हैं। इनमें सामूहिक हत्या, गैंगवार व अपहरण जैसे संगीन मामले शामिल हैं। मकोका, टाडा और गैंगस्टर में भी नामजद है। हालांकि, फरारी काटने के बाद जेल में दाखिल होने के बाद उसके मुकदमों का तेजी से निस्तारण हुआ। फिलहाल पत्नी अन्नपूर्णा एमएलसी हैं।

### कांग्रेस, सपा, बसपा और भाजपा सबका लाडला रहा रमाकांत

हत्या, जहरीली शराब के कारोबार, अपहरण, लूट जैसे संगीन अपराधों से घिरे रमाकांत यादव पर 46 से अधिक मुकदमे हैं। कई मामलों में ट्रायल कोर्टों से सजा भी हुई है। मौजूदा समय में भी फूलपुर पवई (आजमगढ़) से सपा विधायक है। जहरीली शराब कांड में जेल में है। 1985 में सबसे पहले कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचा रमाकांत सपा, बसपा और भाजपा तक का भी लाडला रहा।

### डीपी यादव रहा हर बड़े दल का चहेता

देश के बड़े शराब माफिया में शुमार धर्मपाल यादव उर्फ डीपी यादव के पश्चिमी यूपी में रसूख को देखते हुए विभिन्न सियासी दलों ने उस पर मेहरबानी की। कांग्रेस के जरिये सियासत में उतरे डीपी यादव पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह की विशेष कृपा रही। 1993 में मुलायम ने पहली बार बुलंदशहर से चुनाव लड़ाकर विधानसभा पहुंचाया। सपा ने दूरी बनानी शुरू की तो बसपा अपने पाले में खींच ले गयी। बसपा ने 1996 में डीपी को संभल से चुनाव लड़ाकर संसद में भेज दिया।

### अमरमणि पर सपा-भाजपा की रही विशेष नजर

गैंगस्टर से नेता बने अमरमणि ने पूर्वांचल के बाहुबली हरिशंकर तिवारी की छत्रछाया में कांग्रेस से सियासी पारी शुरू की। हालांकि, इससे पहले भाकपा से भी जुड़ा। सपा, बसपा और भाजपा ने भी अमरमणि को आजमाया। महराजगंज के नौतनवां से चार बार विधायक बना। कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या में नाम आने के बाद सियासी दलों ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी।


### 44 सांसदों पर थे आपराधिक केस

एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी के 80 सांसदों में से 44 पर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 सीटों पर 979 उम्मीदवार उतरे थे। इनमें से 220 ऐसे थे, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज थे। भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा के 216 उम्मीदवारों में से 117 आपराधिक पृष्ठभूमि वाले थे। यानी इन चार पार्टियों ने जितने उम्मीदवार उतारे थे, उनमें से 54 प्रतिशत से ज्यादा पर आपराधिक मामले थे।

# और शास्त्री जी ने अपनी जीप प्रतिद्वंद्वी को दे दी

### चुनावी किस्से

राजवीर चौधरी



**1962 के** लोकसभा चुनाव की बात है। 1957 में इलाहाबाद लोकसभा सीट से चुने गये लालबहादुर शास्त्री 1962 में फिर इसी सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी थे। चुनाव प्रचार के गिनती के दिन ही बचे थे और मुकाबला कड़ा न होने के बावजूद सारे मतदाताओं तक पहुंचने की ख्वाहिश में वे दिन-रात एक किये हुए थे। एक दिन वे एक चुनाव सभा को संबोधित करके लौट रहे थे, तो देखा कि उनके विरुद्ध खड़े और सभा करने जा रहे एक प्रत्याशी की जीप बीच रास्ते खराब हो गयी है और उसके कार्यकर्ता चिंतित हैं कि जब तक मिस्त्री बुलाकर जीप की मरम्मत करायी जायेगी, तब तक उनके पास निर्धारित समय पर सभास्थल पहुंचने का समय ही नहीं रह जायेगा। फिर तो सभा में आये मतदाता ऊबकर और नाराज होकर लौट जायेंगे। दरअसल, उन दिनों आजकल जितनी जीपें व कारें नहीं हुआ करती थीं कि फौरन दूसरी का इंतजाम हो जाये। न ही यातायात के साधन सुगम थे। दूर-दराज के इलाकों में तो और भी नहीं। हां, आजकल जितनी राजनीतिक कटुता भी नहीं थी। शास्त्री जी ने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी को पसीना-पसीना होते देख अपनी जीप रुकवायी, उसके पास जाकर प्रणाम किया और पूछा कि क्या वे उसकी कोई मदद कर सकते हैं? प्रतिद्वंद्वी ने समस्या बतायी, तो उन्होंने प्रस्ताव किया कि वे उसे अपनी जीप में बैठाकर उसकी सभा के स्थल तक ले चलते हैं। वहां दोनों बारी-बारी से मतदाताओं से अपनी बात कह लेंगे। अंततः तो फैसला मतदाता करेंगे कि वे किसे अपना सांसद चुनें। प्रत्याशी इस पर राजी नहीं हुआ, तो शास्त्री जी खुद उधर से गुजर रही अपने एक समर्थक की जीप में जा बैठे और अपनी जीप प्रतिद्वंद्वी को दे दी। एक कार्यकर्ता ने इस पर एतराज जताया तो बोले, हमारे विरोधी मतदाताओं से अपनी बात कहने नहीं जा सकें तो चुनावी मुकाबला बराबरी का नहीं रह जायेगा न! ऐसा नहीं होना चाहिए।

# बंगाल के लोकसभा चुनाव में एआइ एंकर समता की इंट्री

अक्षय

**पश्चिम** बंगाल चुनाव में सीपीआइ (एम) ने बीजेपी और टीएमसी की सोशल मीडिया कैंपेन के मुकाबले के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) एंकर समता को लाच किया है। यह एआइ एंकर बांग्ला भाषा में चुनाव की खबरें पढ़ रही हैं और सीपीआइ-एम का प्रचार कर रही है।

बंगाल में बीजेपी और टीएमसी की सोशल मीडिया कैंपेनिंग टीम काफी एक्टिव मानी जाती है, मगर समता के इंट्री से चुनाव में खलबली मच गयी है। सीपीआइ (एम) की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर समता का वीडियो पोस्ट किया, तो विपक्ष ने उसका जमकर मजाक मनाया। टीएमसी ने वीडियो पर कमेंट करते हुए कहा कि सीपीआइ-एम के लिए बोलने वाले अब बचे ही नहीं हैं, इसलिए पार्टी एआइ से काम चला रही है। विपक्ष को इस एआइ एंकर पर ऐतराज है, क्योंकि चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक, किसी पार्टी विशेष के प्रचार के लिए न्यूज का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

### चुनाव प्रचार



### टीएमसी का आरोप, कम्युनिस्ट पार्टियों ने किया था कंप्यूटर का विरोध

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कम्युनिस्ट पार्टी एक और हार से डर रही है, इसलिए एआइ से मदद लेने की कोशिश कर रहे हैं। 70 के दशक में उद्योगों के मशीनीकरण और 80 के दशक में कंप्यूटरीकरण के विरोध में कम्युनिस्ट पार्टियों ने मोर्चा खोल रखा था। तब कम्युनिस्ट नेताओं ने दावा किया था कि कंप्यूटर लोगों को रोजगार छीन लेगा। डिजिटल क्रांति के दौर में सीपीआइ-एम सोशल मीडिया में कम एक्टिव ही नजर आयी, जबकि बीजेपी, कांग्रेस समेत अन्य दल इस तकनीक को अपनाने में आगे निकल गये। सीपीआइ (एम) के नेता और जादवपुर लोकसभा सीट से पार्टी के कैंडिडेट सृजन भट्टाचार्य ने आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सीपीआइ-एम नयी तकनीकों का विरोध नहीं करती है। पार्टी कभी कंप्यूटरीकरण के खिलाफ नहीं रही। उस दौर में जिस तरह इसे लागू किया गया, उससे बेरोजगारी का खतरा बढ़ गया था।

### बंगाल में वाम दलों के लिए करो या मरो की स्थिति

करीब 40 साल बंगाल में सीपीआइ (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा का जलवा रहा। लेफ्ट पार्टियों ने 34 वर्षों तक लगातार बंगाल में राज किया। 1996 के लोकसभा चुनाव में सीपीआइ (एम) के 23 सांसद थे। वाम मोर्चा के साथ उसके कुल 33 लोकसभा सांसद थे। 2004 में अकेले सीपीआइ (एम) ने कुल 42 लोकसभा सीटों में से 26 जीत लीं। 2009 से वाम दलों की सीटें कम होना शुरू हो गयीं। 2011 में उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी। टीएमसी और बीजेपी की मजबूती के कारण वाम दल अपने गढ़ में कमजोर हो गये।

# पूर्णिया में पप्पू यादव के डटे रहने से रोचक हुई चुनावी जंग

### बिहार का रणक्षेत्र

विद्यासागर

**खेतों में** गेहूं की फसल तैयार है, जबकि मकई के तैयार होने में अभी देर है। गेहूं की फसल को देख किसानों को खुशी भी है और चिंता भी। खुशी की बात यह कि इस बार फसल ठीक-ठाक हुई है। चिंता यह कि खलिहान पहुंचने से पहले ही चूहे खेतों में ही सारे दाने चट नहीं कर जायें। इस चिंता के बीच किसान दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। एक मिनट की फुरसत नहीं। किसानों के अलावा एक और जमात परेशान है। यह जमात है-नेताओं और प्रत्याशियों की। किसानों को जहां अपनी फसल की चिंता है, वहीं नेताओं व प्रत्याशियों को वोट की।

ऐसे में नेता व प्रत्याशी भी जमीन-आसमान एक किये हुए हैं। किसान खेतों और नेता व प्रत्याशी चुनाव मैदान में पसीना बहा रहे हैं। यह संयोग है कि किसानों की तरह नेताओं ने जो सियासी फसल लगाये हैं, उसे काटने का भी यही वक्त है। फर्क सिर्फ इतना है कि गेहूं की फसल पांच माह में और सियासी फसल पांच साल में काटी जाती है। पूर्णिया में गेहूं की तरह सियासत की फसल लहलहा तो रही है, मगर यह वोट में कैसे तब्दील होगी? यह सवाल हर प्रत्याशी को बेचैन किये हुए है। चैत की इस तीखी धूप और पुरवा हवा के बीच किसानों की तरह प्रत्याशियों के होंठ सूखे हुए हैं।



पप्पू यादव



बीमा भारती



संतोष कुशवाहा

### क्या है चुनाव का समीकरण

पूर्णिया लोकसभा सीट पर चुनावी सफलता की कुंजी एम-वाइ (मुस्लिम और यादव) और अति पिछड़ा मतदाताओं के 'संतुलन' और 'असंतुलन' पर बहुत हद तक टिकी है। राजनीति के जानकारों की मानें, तो आमने-सामने की लड़ाई में एम-वाइ अपनी निर्णायक भूमिका निभाता रहा है। त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति में एम-वाइ दुविधा में पड़ सकती है। राजद ने अति पिछड़ा को खड़ा कर जहां भाजपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश की है, वहीं एम-वाइ के साथ अति पिछड़ों को जोड़कर जीत का एक बड़ा आधार भी बनाया है। लेकिन इसी वोट बैंक के आसरे पप्पू यादव के चुनाव मैदान में डटे रहने से महागठबंधन का यह चुनावी गणित फिलहाल उलझा दिख रहा है। कुल मिलाकर इस चुनावी जंग में एक ओर जहां महागठबंधन अपनी जीत के लिए एम और वाइ समीकरण को कांग्रेस के जरिये संतुलित करने की कोशिश में जुटा हुआ है, वहीं एनडीए लालू यादव के माय समीकरण को असंतुलित कर अपने कोर वोट बैंक के साथ महादलित और अति पिछड़ों को साधने की कोशिश में जुटा हुआ है। पप्पू यादव एम-वाई के पुराने समीकरण और नामांकन के बाद नये राजनीतिक ध्रुवीकरण से उपजे वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं।

### पप्पू यादव के डटे रहने से रोचक हुई चुनावी जंग

वैसे तो पूर्णिया लोकसभा सीट से इस बार कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए गठबंधन से जदयू प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा, इंडिया गठबंधन से राजद प्रत्याशी पूर्व विधायक बीमा भारती और निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के बीच है। पप्पू यादव के चुनाव मैदान में डटे रहने से इस बार पूर्णिया की चुनावी जंग रोचक हो गयी है। गौरतलब है कि एनडीए में यह सीट जदयू के खाते में है और जदयू ने इस सीट से संतोष कुमार कुशवाहा को तीसरी बार उतारा है। लगातार दो टर्म (2014 व 2019) से चुनाव जीत रहे श्री कुशवाहा इस बार हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। इस सीट से राजद-कांग्रेस के भरोसे पप्पू यादव महागठबंधन का उम्मीदवार बनना चाहते थे, लेकिन अंतिम क्षणों में राजद ने पूर्व विधायक बीमा भारती को चुनाव मैदान में उतारकर सभी को चौंका दिया। अति पिछड़ा वर्ग से आनेवाली बीमा भारती हाल ही में जदयू से राजद में शामिल हुई हैं। पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र की रुपौली विधानसभा सीट से वह पांच बार विधायक चुनी गयी हैं और दो बार मंत्री भी रही हैं। इधर, 25 साल बाद पप्पू यादव अपने पुराने घर वापस लौटे हैं। अपने 50 साल के राजनीतिक सफर में पप्पू यादव पांच बार सांसद बने। इनमें तीन बार पूर्णिया से ही सांसद रहे। 1991 में दसवीं लोकसभा चुनाव में पहली बार पप्पू यादव की लोकसभा में एंट्री हुई। 1996 में दूसरी बार जीते। 1998 हार गये। फिर एक साल बाद हुए 1999 के लोकसभा चुनाव में पप्पू यादव ने जीत का परचम लहराया।

### हर पार्टी में भितरघात का खतरा

कमोवेश सभी दलों व प्रत्याशियों पर भितरघात का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे लोग बाहर से कुछ अंदर से कुछ और ही दिखते हैं। तन से पार्टी की तरफ और मन से कहीं और हैं। वजह एक ही है। कोई दल से खफा है, तो कोई पार्टी की व्यवस्था से। सबसे ज्यादा उन नेताओं में नाराजगी है, जो इस बार टिकट से वंचित रह गये।

### छोड़िये चुनावी मुद्दे को, कौन करता है पूरा

क्या है चुनावी मुद्दा। छोड़िये मुद्दे को। किसको इसकी परवाह है। वादे तो सब करते हैं, पर पूरा कौन करता है। कहते-कहते रुपौली के संजय विश्वास की आवाज कुछ तल्ख हो जाती है। रुपौली चौक पर भी चहल-पहल है।

# खत्म हो गयी है महाराष्ट्र की सियासत के चाणक्य शरद पवार की पारी

शंकर यादव

**शरद पवार** के भतीजे अजित पवार ने छह महीने पहले उनकी पार्टी एनसीपी तोड़ी और अब चुनाव आयोग ने उनका चुनाव चिन्ह घड़ी भी शरद से छीन कर भतीजे अजित को दे दिया। इस तरह एनसीपी के अंदर ही शरद पवार अकेले पड़ गए हैं। शरद पवार का हश्र कुछ-कुछ वैसा ही हो रहा है, जैसा कि बाल ठाकरे और उनकी पार्टी शिवसेना का हुआ था। फर्क इतना ही रहा कि बाल ठाकरे अपनी पार्टी की दुर्गति देखने के पहले ही चल बसे। बाल ठाकरे ने भी अपने भतीजे राज ठाकरे को पीछे कर बेटे उद्धव को तवज्जो दी और शरद पवार ने भी भतीजे की जगह बेटी सुप्रिया सुले को पार्टी में अधिक तरजीह दी। अब भले शरद गुट के नेता कहें कि 'घर का भेदी लंका ढावे' किंतु वे भूल जाते हैं, कि लंका को ढहाने का काम विभीषण ने तब किया था, जब बड़े भाई रावण ने अपमानित कर उन्हें दरबार से निकाला था।

इसमें कोई शक नहीं कि शरद पवार महाराष्ट्र में पिछले पांच दशक से बहुत अधिक ताकतवर नेता रहे हैं। मराठा लॉबी का वहां इतना अधिक असर है कि महाराष्ट्र में शरद पवार को हटा कर राज्य की राजनीति में किसी भी पार्टी का राज करना मुश्किल रहा है। चार बार वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे हैं। महाराष्ट्र में सहकारिता आंदोलन और शुगर लॉबी के वे बड़े नेता रहे हैं। पैसे और पावर की कमी शरद पवार के पास कभी नहीं रही। राज्य में कुर्सी पर सरकार किसी की आयी हो, शरद पवार का डर उसे सदैव सताता रहा है। महाराष्ट्र में 48 लोकसभा सीटें हैं। इसलिए केंद्र की राजनीति में भी हर राजनीतिक दल को शरद पवार की चिरौरी करनी ही पड़ती है। लेकिन अब 83 की उम्र में उन्हें ऐसा झटका लगा है, जिससे उबरना आसान नहीं दिखता।

### कैसे-कैसे नेता



### शरद को पहले से था कलह का अंदेशा

शरद पवार को अपने परिवार और पार्टी के भीतर की कलह का अंदेशा काफी पहले से था। इसीलिए पिछले साल मई में उन्होंने पार्टी की अध्यक्षता छोड़ने की घोषणा की थी। चूंकि पवार का महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में सम्मान बहुत अधिक है, इसलिए उनके समर्थकों ने उनकी घोषणा का भारी विरोध किया था। परंतु उन्होंने कहा था, कि उनकी उम्र काफी हो चली है इसलिए वे अध्यक्ष पद छोड़ रहे हैं, सामाजिक जीवन से रिटायर नहीं हो रहे। अध्यक्षता छोड़ने की घोषणा से ही भतीजे अजित और बेटी सुप्रिया सुले के बीच अंतर्द्वंद्व शुरू हो गया था। शरद पवार का मन बेटी की तरफ था किंतु पार्टी पर पकड़ भतीजे अजित पवार के पास था इसलिए शरद ने एक गेम खेला और पार्टी का अध्यक्ष पद प्रफुल्ल पटेल को सौंपा। इसके पहले वे कार्यकारी अध्यक्ष थे।

### शरद पवार ने 1999 में की थी एनसीपी की स्थापना

शरद पवार ने 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की स्थापना की थी। उस समय कांग्रेस पार्टी छोड़ने की वजह सोनिया गांधी से अनबन थी। तब पीए संगमा और तारिक अनवर उनके साथ थे। इसके बाद से एनसीपी महाराष्ट्र में एक ताकतवर पार्टी बन कर उभरी। इसके साथ ही पूरे देश में इसकी छाप पड़ी और इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला। 2004 के चुनाव में सोनिया गांधी की अगुवाई वाले कांग्रेस गठबंधन यूपीए में शामिल हुए। मनमोहन सिंह सरकार में शरद पवार मंत्री भी रहे। बाद में जब यूपीए ने प्रणब मुखर्जी को राष्ट्रपति बनाने का निर्णय किया, तो संगमा ने पार्टी छोड़ दी और बाद में तारिक अनवर भी पार्टी से बाहर चले गये। पार्टी का राष्ट्रीय दर्जा भी पिछले वर्ष समाप्त हो गया। मगर ऐसा संकट पहली बार आया है, जब शरद पवार की पांच दशक पुरानी राजनीतिक ताकत ही ध्वस्त हो गयी।

ऐसा नहीं कि अजित पवार ने पहली बार चाचा से बगावत की हो। पिछले साल जुलाई में भाजपा के साथ हाथ मिला लिया था। परंतु इसके पहले 2019 में भी जब महाराष्ट्र विधान सभा में किसी को बहुमत नहीं मिला था, दूसरी तरफ भाजपा और शिव सेना के बीच रिश्ते बहुत तल्ख हो गये थे। तब अजित पवार एनसीपी के अपने समर्थक विधायकों के साथ भाजपा खेमे में चले गये थे। तत्काल राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भाजपा के देवेंद्र फडणवीस को उट की शपथ दिला दी और अजित पवार को डिप्टी सीएम। मगर अगले रोज ही शरद पवार अपने भतीजे को वापस अपने खेमे में ले आये तथा सरकार गिर गयी। उस समय शरद पवार ने कांग्रेस को साथ ले कर उद्धव ठाकरे के नेतृत्त्व में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी बनवायी। वह सरकार चल निकली मगर बाद में उद्धव ठाकरे की ही शिवसेना से वरिष्ठ मंत्री एकनाथ शिंदे ने बगावत कर दी और भाजपा से आ मिले।

# ऑटो लेकर प्रचार पर निकले जदयू प्रत्याशी दुलाल गोस्वामी

राजीव

**जैसे-जैसे** लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं। वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज हो गया है। लेकिन कटिहार से जेडीयू प्रत्याशी और मौजूदा सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी का अनोखा चुनाव प्रचार देखकर हर कोई हैरान है। वैसे दुलाल चंद्र को 'टेंपो वाले सांसद' भी कहा जाता है। दरअसल 80 के दशक में दुलाल चंद्र पटना की सड़कों पर टेंपो चलाते थे। इसलिए इस बार भी उन्होने टेंपो से ही चुनाव प्रचार का आगाज किया। और पार्टी कार्यकर्ताओं को ऑटो में बैठाकर चुनाव कैंपेन पर निकल पड़े। ऑटो से अनोखे चुनाव प्रचार को लेकर जब उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि टेंपो वाला, जो चालक होता है, उसका काम यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाना होता है। जब पैसेंजर को मंजिल तक पहुंचा सकते हैं, तो फिर देश और समाज के लिए जो काम है, उसको भी अंजाम तक पहुंचा सकते हैं। दुलाल ने कहा, चाहे वो पायलट हो, रिक्शा चालक हो, रेल चालक हो, सबका काम यात्रियों को सही सलामत मंजिल तक पहुंचाना होता है। यही बात मेरी लिए प्रेरणा बनी। पहले मैं पटना की सड़कों पर टेंपो चलाता था। मेरे साथ और भी लोग थे, जो टेंपो चलाते हैं। और हम सब खुशी-खुशी रहते थे। सवारियों को मंजिल तक पहुंचाने के दौरान मेरा कभी एक्सीडेंट नहीं हुआ।

### अनोखा प्रचार



## रामनवमी को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चैत्र नवरात्र और रामनवमी को लेकर नप क्षेत्र के बाजारों में चहल पहल दिखने लगी है। दुकानदारों ने पूजन सामग्रियों से अपनी दुकान सजा ली है, तो लोगों ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इधर, विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा रामनवमी में निकाली जाने वाली झांकी की तैयारी जोरों पर है। परंपरागत हथियारों के प्रदर्शन का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। इधर, पुलिस प्रशासन भी रामनवमी को लेकर पूरी तरह से सजग है। कोडरमा बाजारों की दुकानों में बजरंगी झंडा, झंडे में लगने वाले बांस सहित अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज धज कर तैयार है, जिसमें लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी गयी है। रामनवमी को लेकर बाजार में चौक चौराहे पर सभी खरीदारी शुरू कर दी है। रामनवमी को लेकर सभी चौक की सभी दुकानें आकर्षक नजारा पेश कर रही है। इस दौरान दुकानदार दिलीप पांडे से पूछे जाने पर उन्हें बताया कि 10 रुपये से लेकर झंडा 1200 तक बिक रहा है।

## चंदौल में मनी बाबा साहेब की जयंती



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदौल में रविदास महासभा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर उद्घाटन किया। विधायक ने इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके द्वारा किये गये राष्ट्रहित के कार्यों का स्मरण किया। अंबा प्रसाद ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर जी ने देश की आजादी के बाद जिस भारत का सपना देखा इस भारत के लिए हम सभी को अपना-अपना योगदान देना होगा। बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित दीये और आज के युवाओं को शिक्षा ग्रहण करके बाबा साहेब के दिखाए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेशवर नाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष सुरेश चौधरी, रघुवीर राम, अमित राम, दिनेश कुमार दास,अशेशवर राम, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, खुशबू देवी, मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, उप मुखिया शमशेर आलम, रवि रंजन, सूरज, रामविलास, विमल भुईया, अशोक कुमार, रामदेव राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में निकाली गयी शोभायात्रा




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव रामनवमी पूरे देश और विदेश में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी बीच हजारीबाग की पावन धरती पर कुछ अलग रूप देने में हर कोई लगा रहता है। नवरात्रि के सतमी के दिन भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद और रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव के संयुक्त रूप से बुढ़वा महादेव प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए एक निर्धारित स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में आगे आगे नारी शक्ति स्वरूप बहने बुलेट पर सवार होकर चल रही थी, उसके पीछे राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के द्वारा अपनी विशेष प्रस्तुति दी जा रही थी। राष्ट्रीय कलाकार उज्जैन सहित कई अन्य राज्यों से हजारीबाग की पावन धरती पर अपनी प्रस्तुति और अपना अलग अंदाज पेश करने के लिए पहुंचे थे। साथ ही स्थानीय कलाकारों के द्वारा भी अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही थी। जिसके पीछे सैकड़ो की संख्या में पुरुष, महिलाएं भगवा झंडा लिए कमद से कदम आगे बढ़ रहे थे। ढोल नगाड़ों के बीच युवाओं की टोली अस्त्र-शास्त्र का प्रदर्शन करते हुए भव्य शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बना रहे थे। शोभायात्रा में शामिल सभी जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि राम भक्तों के विशेष सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से जिले तथा शहर में भक्ति भाव का माहौल जागृत होता है। कलाकारों ने भी अपनी बेहद खूबसूरत प्रस्तुति से लोगों का मनमोहित किया। स्थानीय कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुति दिये हैं। सभी को हम लोगों की ओर से बहुत-बहुत आभार बहुत धन्यवाद साथ ही महासमिति के अध्यक्ष सहित तमाम सदस्य को विशेष रूप से धन्यवाद।

## भामाशाह जयंती मनाने को लेकर बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सोमवार को इंद्रलोक टावर में जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक का संचालन महासचिव नारायण साव द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भव्य रूप से भामाशाह जयंती मनाने को लेकर और शंकर साव द्वारा समाज के नाम से आवेदन देकर घर बटवारा को लेकर दोनो पक्ष को बुलाया गया था। बैठक में उपस्थित लोगो ने 23 अप्रैल को इंद्रलोक टावर में ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस जयंती में समाज के जिला इकाई और प्रखंड के सभी लोगो को आमंत्रित किया गया है। शंकर साव द्वारा दिए आवेदन में आगे भवन बटवारा करने के पहले चार लोगो की कमेटी बनाई गयी है। कमेटी उस मकान को जाकर भ्रमण करेगी जिसके बाद कमेटी इस पर बैठ के फैसला करेगी और मकान बटवारा करेगी। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव, उपाध्यक्ष नारायण साव, मीडिया प्रभारी हेमराज कुमार साव, खिरगांव अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, महिला अध्यक्ष रेणुका साहू, कपिल देव प्रसाद, दिलीप प्रसाद साव, आर के साहू, फैसला में शामिल प्रथम पक्ष शंकर साव व दूसरा पक्ष भोला साव उपस्थित हुए।

## युवा कवि सुशांत को सांगठनिक सम्मान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक संस्थान अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन झारखंड के जमशेदपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित किया गया । समारोह की अध्यक्षता सुभाष चंद्र मुनका ने की। जिसमें 18 भाषा के साहित्यकारों, कवियों को साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सेवाश्रम संघ झारखंड प्रमुख स्वामी मुक्तात्मानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भारतीय भाषाओं का देशव्यापी संगठन है। इसकी स्थापना 1966 में हुई थी। साहित्यकार जैनेन्द्र कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में इस संगठन के कई सारे कार्य हुए। वर्तमान में भी साहित्य के उत्थान के दिशा में कार्य हो रहें हैं, जो सराहनीय है। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के युवा कवि सुशांत कुमार पाठक को सांगठनिक सम्मान से सम्मानित किया गया। ये हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के भूताही मुरगांव के निवासी हैं। इन्होंने स्वरचित कविता पाठ में कई पुरस्कार अर्जित किया है।

### हजारीबाग की रामनवमी की अलग है पहचान

# महावीरी पताकों से पट गया शहर झांकियों की तैयारी अंतिम चरण में

दीपक सिंह

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी यूं ही नहीं कहा जाता। यहां के लाखों रामभक्त 36 घंटे से भी ज्यादा वक्त सड़क पर उतर श्री राम और वीर बजरंग बली हनुमान का जयकारा करते हैं। इसकी तैयारी भी अब लगभग पूरी हो चुकी है। पूरे शहर को महाबिरी झंडा से पाट दिया गया है। रामनवमी महासमिति और रामभक्त निस्वार्थ भाव से इंटरनेशन रामनवमी को एतिहासिक बनाने में दिन रात एक किए है। देश भर में जुलूस नवमीं को निकलती है और सब जगह जब संपन्न हो जाता है तो हजारीबाग में दशमी को जुलूस निकलता है और ग्यारहवीं को संपन्न होता है। जय श्रीराम के घोष से पूरा हजारीबाग गूंज उठता है। जुलूस में शहर के हीं नहीं शहर से 25 किलोमीटर दूर से



झांकियां शामिल होने आती है। झांकियों से पूर्व यहां झंडा शामिल होने आता था। आज शहर में आने वाले झांकियों की संख्या 100 से अधिक हो गयी है। जुलूस में शक्ति प्रदर्शन करने की भी एक परंपरा रही है। हाथ में पारंपरिक हथियार, डंडा- लाठी के साथ युवक सड़क पर उतरते हैं, एक से बढ़कर एक कलाबाजी दिखाते हैं। हजारीबाग के राम भक्त होली के बाद से ही इसकी तैयारियां शुरू कर देते हैं। जिला प्रशासन एवं राम भक्त दोनों अपने-अपने तरीके से तैयारी करते हैं। एक ओर जिला प्रशासन डीसी और एसपी के नेतृत्व में पूरे जिले में शांति समिति की बैठक कर लोगों से शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने को कह रहा। वहीं दूसरी ओर रामनवमी महासमिति भी अपने तरीके से तैयारी में लगा रहता है। होली के बाद से आने वाले पहले मंगलवार से ही पूरे शहर में मंगला जुलूस निकाला जाता है, जो नवमी से पहले आने वाले सभी मंगलवार को मंगला पूरे गाजे बाजे के साथ निकलता है। विभिन्न चौक चौराहों का नामांकरण भी पुरानों में दर्ज उल्लेख विभिन्न एतिहासिक गढ़ के नाम से किया गया है। लोगों पर रामनवमी का भाव खुमार मार रहा है। कोई भगवा गमछी ओढ़े दिख रहा है तो कोई हाथों में महाबिरी झंडा लेकर घूम रहा है। हजारीबाग रामनवमी जुलूस का मार्ग भी सुनिश्चित रहता है। सारे झांकियां शहर में लगभग 8 किलोमीटर का जुलूस मार्ग तय करते हैं जो झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर स्थान चौक, ग्वाल टोली होते हुए जामा मस्जिद रोड से गुजरते है। इस दौरान जय श्रीराम के घोष से पूरा हजारीबाग गूंज उठता है।

# बड़कागांव में छेड़खानी के विवाद में मारपीट, दर्जन भर हुए घायल

### पब्जी खेल रहे युवकों ने लड़की देख मारी सीटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** पबजी खेल रहे युवकों द्वारा लड़की को सिटी मारकर इशारा करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट और पत्थर बाजी में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया गया। घटना बड़कागांव थाना 8 किलोमीटर की दुरी पर स्थित ग्राम महुगाई कला की है। एक गुट आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन कूड़ा फेंकने के लिए बाहर निकली तो कुछ



मनचले लोग सिटी बजाकर इशारा कर रहे थे। जब मैं अपने आंखों से देखा तो उन लोग से जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन उल्टा ही वे लोग उग्र होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। वहीं दुसरा गुट का कहना है कि अंबा पोखर भीड़ पर पेड़ के नीचे हमलोग पबजी खेल रहे थे। इसी बीच लड़की के भाई ने आकर हम लोग को यहां बैठने के लिए मना करने के साथ मारपीट करने लगा। इससे पूर्व भी कई जगहों पर बैठने से हम लोग को रोका गया है। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होते हुए पथराव शुरू हो गयी देखते ही देखते घटनास्थल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। घटनास्थल पर अप्रत्यारी का माहौल बन गया। इस पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। इस पथराव में एक और से अमर कुमार, त्रिवेणी राम, मदन कुमार रवि, अवधेश राम सहित दो महिलाएं घायल हुए हैं। जबकि दूसरे ओर से मोहम्मद तौफीक गुड्डा, मोहम्मद तमीम, मोहम्मद मोसदिक, मोहम्मद रहमतुल्लाह, मोहम्मद मुसद्दीक और मोहम्मद आर्यन शामिल है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## घर से नगदी और जेवरात ले उड़े चोर

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बोंगागांव के दशरथ प्रजापति के घर के सदस्य यज्ञ में जागरण देखने गये थे। इसी बीच चोरों ने बाहरी छज्जा के सहारे छत पर चढ़ गये और सीढ़ी के दरवाजे में लगा ताला को रॉड से तोड़कर घर के अंदर घुस कर 15 हजार नकद और करीब एक लाख 85 हजार के सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। चोरों ने घटना को अंजाम रविवार सोमवार की रात को दिया। भुक्त भोगी दशरथ प्रजापति ने इचाक थाना में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया की गृहस्वामी ने आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में मामले का जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## सोलर पैनल की चोरी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो सियारी टांड में मुकुंद कुमार देव के बारी में सिंचाई के लिए लगा सोलर पैनल की चोरी रविवार रात को हो गया। मुकुंद देव ने बताया कि रविवार रात लगभग नौ बजे तक सिंचाई कर-के घर आया और सुबह जाने पर देखा कि सोलर है ही नहीं। काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिला।

# रामनवमी पर कुश्ती प्रतियोगिता और शोभा यात्रा का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति के साथ कदम से कदम मिला कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सेवा भावना से रामभक्तो और रामनवमी जुलूस देखने आये शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र के साथ जिले के बाहर व राज्य से बाहर लोगों को सहयोग प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी की आगाज होते हजारीबाग संरक्षण समिति ने भी रामनवमी को लेकर तैयारियों में



जुट गया है। इसी क्रम में समिति ने हजारीबाग बड़ा अखाड़ा में रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने संरक्षण समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कहा की हम हजारीबाग वासी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को मानने वाले लोग हैं और हमारा कर्तव्य है की हम उनके पद चिन्हों पर चलते हुए प्रेम और सद्भाव पूर्वक नशा मुक्त रामनवमी मनायें अपने संबोधन में श्री प्रधान ने कहा की रामनवमी संरक्षण समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें दंगल (कुश्ती) अष्टमी तिथि दिन मंगलवार को संध्या समय 3 से 8:30 तक बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में, दिन बुधवार नवमी तिथि को दंगल (कुश्ती) समयः 3 से 7 बजे तक बडा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में, दिन बुधवार नवमी तिथि को श्रीराम शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा से महावीर स्थान चौक से ग्वाल टोली पंच मंदिर होते हुए झंडा चौक से पुनः बड़ा अखाड़ा आयेगा। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव, सुनील केशरी, संजीव लाल भगत, ओम प्रकाश गोप, अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता, ओम प्रकाश सिन्हा, केदार कुमार, मोहन कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला समेत रामनवमी संरक्षण समिति के लोग उपस्थित थे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में लोकआस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा, उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समपन्न हो गया। सोमवार को अहले सुबह से ही बड़कागांव के विभिन्न गांवो के छठ घाटों पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी। सभी ने नेम-निष्ठा के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अपर्ण कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। छठवर्ती सोमवार 4:30 अपने अपने घरों से घाट के लिए निकले, जहां पहुंचकर पानी में डूब कर भगवान सूर्य की उदय होने का इंतजार करने लगे। जैसे ही 5:55 पर घड़ी की सुई पहुंची, वैसे ही पूरब दिशा में सूर्य अपनी लाल आभा लिए हुए चमकता दिखाई दिया। जिसे देखकर छठ व्रतियों के चेहरे खिल उठे और ढोल नगाड़े बजने लगे। छठवर्ती भगवान सूर्य को अरघय देने लगे। तत्पश्चा पी छठ घाट में ही छठवर्ती भगवान सूर्य और छठ माता की कथा सुनकर पूजा अर्चना किया इसके बाद बरखा गांव के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर में चक्रवर्तियों ने पूजार्चना किया। बड़कागांव में तारिणी प्रसाद चौरसिया, अनिल पांडेय, शशि कुमार मेहता, शिक्षिका नीलू कुमारी, बड़कागांव, दैनिक बाजार में मुरली सोनी, गुरु चट्टी में झमन प्रसाद, अरुण महतो, यद्दू प्रसाद दांगी, सिकंदर महतो, उमेश महतो (टायर दुकान), राजू महतो, घूरघूर महतो, प्रीतम महतो, विश्वनाथ महतो, प्रेम दांगी, बालेश्वर महतो, कमल महतो, रमेश साव, पहरा में जितेंद्र नाथ सिंह, समेत अन्य घरों में चैती छठ पूजा की गयी। चैती छठ पूजा बड़कागांव, हरली, बादम सांढ, विश्रामपुर, नयाटांड़, गोसाई बलिया, तलसवार, महुगाई खुर्द, चंदोल, सिकरी आदि गांव में मनायी गयी।

## सूर्य को अर्घ्य देकर सुख-शांति की कामना की



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के यमुनिया नदी के विभिन्न घाटों पर उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर चैती छठ महापर्व का समापन हो गया। छठ व्रतियों ने सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने सगे संबंधियों के साथ छठवर्ती अपने-अपने घरों से सीर पर दौउरा लेकर अहले सुबह परिवार और मोहल्ले की महिलाएं संग छठ गीत गाकर चल रही थी। घाट पर जाकर अर्घ्य दिया। छठ घाट में समाजसेवियों के द्वारा फल दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शंभू लाल यादव, विजय कुमार, युगल पांडेय, उमेश पांडेय, अंजू देवी, खुशबू कुमारी आदि शामिल थे। इसके अलावा प्रकाश सोनी पूरे परिवार के साथ देव् में जाकर छठ महापर्व किया। महापर्व में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा था।

## अलौंजा खुर्द में बाबा साहेब की मनी जयंती



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अलौंजा खुर्द के रविदास विकास समिति की ओर से बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इचाक प्रमुख पार्वती देवी और प्रखंड रविदास महासभा के अध्यक्ष बालेश्वर राम और पदाधिकारी गण प्रमुख पति सिकंदर दास, गंदोरी राम, सेवा राम, केशव राम, डॉ सुनील दास, जितेंद्र दास, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूर्व प्रमुख सरिता देवी ने संयुक्त रूप केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंच का संचालन शिक्षक अर्जुन कुमार दास ने किया। सबों ने बाबा साहब के विचारों को बढ़ाने की बात कही। मौके पर धनेश्वर राम, नाथो राम, सुरेंद्र, नेमीचंद, संजय, रिंकू, रतन, सवितर, राजकुमार, संतोष, कुलजीत, बसंत, अशोक, अमर, देगलाल, बिनोद, दिनेश, प्रेम, खिरोधर, सोहन, चरकू, सरोज, उपेंद्र, पंकज, अनुज, पवन, मुन्ना, मंटू, रवि, सुनील समेत कई युवा साथी, बुजुर्ग और महिलाएं, बच्चियां मौजूद थे।

## बासंती बालिका समिति ने निकाली शोभायात्रा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में रामनवमी पूजा के 100 वर्ष पूरे होने पर बासंती बालिका समिति के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से महासप्तमी को बालिकाओं के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा की शुरूआत कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों और बालिकाओं के द्वारा चैती दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर की गयी। समिति के प्रमुख वनी सिन्हा, करीना कुमारी, अंशु कुमारी, कृतिका कुमारी, सोनम कुमारी, ईशा कुमारी, सुहानी कुमारी, श्रेया कुमारी, साक्षी कुमारी एवं मिस्टी कुमारी कुमारी ने बताया कि हम सबों के लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है कि पूर्वजों के द्वारा बनाया गया चैती दुर्गा मंदिर का 100 वर्ष पूरा हो गया है। इसलिए शोभायात्रा को हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से निकाला गया है। शोभायात्रा में मां दुर्गा की नौ स्वरूप में बालिकाएं सजी है। इसके अलावे झांकी में भगवान राम, लक्ष्मण तथा माता सीता के स्वरूप प्रदर्शित की गयी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों अभिभावकों का सहयोग मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीण तथा रामनवमी अखाड़े के द्वारा जगह-जगह पर शोभायात्रा में शामिल महिलाएं और युवतियों के लिए शरबत खीर की व्यवस्था की गयी है। शोभा यात्रा से पूरा विष्णुगढ़ राममय हो गया है। शोभा यात्रा में सभी बालिकाएं पारंपरिक पोशाक में सजी दिख रही थी जो आकर्षण का केंद्र है। कड़ी धूप के बावजूद बालिकाओं का उत्साह देखते बन रहा था। शोभा यात्रा विष्णुगढ़ के चैती दुर्गा मंदिर से गोला चौक, अखाड़ा चौक, अस्पताल मोड़ होते हुए सात मिल मोड समेत विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में अभिभावक के तौर पर मुख्य रूप से रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विनोद सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, मिथिलेश वर्मन, बंटी मिश्रा, शशि लाहकार, अजीत मिश्रा, भीम प्रसाद गुप्ता, दर्जनों अभिभावक समेत पुलिस प्रशासन भी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना रविवार की देर शाम ग्राम वैधडीह शराब दुकान के समीप में एंबुलेंस व मोटरसाइकिल के टक्कर में दो लोगों के घायल हो गये। घायल की पहचान सुबोध कुमार उम्र 20 वर्ष पिता अनिल पंडित ग्राम मीरगंज, नीतीश कुमार 19 वर्ष पिता अशोक पंडित ग्राम पुनौल नवादा बिहार निवासी के रूप में की गयी है। डॉ आशीष कुमार के द्वारा उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया गया वहीं घटनास्थल पर पड़े मोटरसाइकिल को पुलिस कब्जे में लेकर थाने ले आयी है। इस संदर्भ में फरार एंबुलेंस को पुलिस के द्वारा खोजबीन की जा रही है।

## गाजे-बाजे के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड में बासंतिक दुर्गा पूजा झरपो, बेडमक्का, और होलग में हो रही है महासप्तमी पूजन के साथ मां दुर्गे का पट खुला। पट खुलते ही दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी झरपो में माता रानी के भक्त नवपत्रिका स्नान के लिए गाजे बाजे शंख ध्वनि के साथ आचार्य महेंद्र पंडा ज्योतिष पंडा गंगाधर पंडा चतुर्भुज पांडेय, विकास पांडेय छोटी ठाकुर और बननी राम झरपो खुटाहि तालाब में नवपत्रिका का स्नान होलंग में आचार्य गोपाल पंडा शंकर पंडा और बेडमक्का में रामचंद्र पांडेय और अन्य के द्वारा पूजा अर्चना कर स्नान ध्यान कर वापिस मंदिर में स्थापित कर पूजा अर्चना कलश स्थापना, मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा किया गया आरती और प्रसाद का वितरण के साथ महा सप्तमी पूजा समाप्त हो गयी आज महा अष्टमी पूजा है माता रानी का अष्टम रूप महागौरी देवी का पाठ पूजा होगी और संध्या समय आज शाम में 4:17 बजे संधि बलि होगी।

## सुरेंद्र कुमार अग्रवाल कोडरमा लोस से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ेंगे चुनाव




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोक सभा क्षेत्र से सुरेंद्र कुमार अग्रवाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लडेंगे। सोमवार को हजारीबाग प्रेस क्लब सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया की कोडरमा लोकसभा की जनता आज तक छले गये है। क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, मगर जीत कर संसद जाने वालों को कभी जनता की फिक्र नहीं रही। मैं यहां की जनता और युवाओं के मांग पर चुनाव मैदान में आया हूं। क्षेत्र का विकास के साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। कोडरमा लोकसभा के युवा और मजदूर भाई काम करने दूसरे प्रदेश में जाते हैं, अगर जनप्रतिनिधि और सरकार इस ओर ध्यान दे तो यहां के लोगों को यहीं रोजगार मिल पाता। मगर सभी नेता और जनप्रतिनिधि अपना जेब भरने में लगे रहते हैं। साथ ही कहा की कोडरमा लोकसभा की जनता तीसरा विकल्प तलाश रही है। मैं एक शिक्षक हूं और शिक्षा देता हूं। मुझे पता है की क्षेत्र की समस्या क्या है और उसका समाधान कैसे होगा। अगर कोडरमा लोकसभा की जनता मुझे आशीर्वाद देती है तो निश्चित रूप से लोक सभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूंगा।

## जिंदल स्टील एंड पावर में मना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी (जिंदल स्टील एंड पावर) पतरातू में रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गय। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड आशीस जैन ने अग्निशमन सेवा ध्वज फहराकर किया। मौके पर प्लांट हेड आशीस जैन ने बताया कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस को शहीद दिवस से रूप में भी जाना जाता है। यह अवसर हर साल भारत में उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डाकयार्ड आग और बड़े विस्फोट के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया था। उन्होंने उन बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखा और अग्नि सुरक्षा की शपथ ली।

## श्रीश्री सूर्य षष्ठी सात दिवसीय महायज्ञ हवण-पूर्णाहुति के साथ संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मईया मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ सोमवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हवण-पुर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों और बच्चों की भारी भीड़ अहले सुबह से उमड़ी रही। इसके पूर्व अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास महाराज जी के देख-रेख में आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। तत्पश्चात हवण-पुणार्हुति के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। वहीं रविवार की रात्रि उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास किशोरी पंडित निवार्णी दुबे द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस दौरान भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेव निशि पांडेय ने उज्जैन मध्य प्रदेश के कथा व्यास किशोरी पंडित निवार्णी दुबे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व पंसस रमिता मिश्रा ने महायज्ञ समिति की ओर से समाजसेवी निशि पांडेय व प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व उप्रपमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, कैलाश राउत आदि मौजूद थें। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 16 अप्रैल मंगलवार को भव्य भंडारा आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ को सफल बनाने में कमेटी के संजय मिश्रा, संजय वर्मा, संजीत राम, दीपक कुमार, सतीश सागर, शशि सागर, रवि दीप, विजय कुमार, अमृत कुमार विक्रम, योगेंद्र करमाली, कुमार आलोक, राजन राउत, संजय यादव, उपेंद्र शर्मा, अजय पासवान, दीपक भुइयां, विजय, शंकर, डब्लू पांडेय, राजगीरी, सुशील सिंह, विक्रम, विक्की, सौरव, सुदीप, मधुकर, गुरदयाल ठाकुर, श्रीनिवास अग्रवाल, डीके पंडित, अप्पू मिश्रा, उपेंद्र शर्मा, उत्तम सिन्हा, रमाकांत दूबे आदि का विशेष योगदान रहा।

## रुद्र महायज्ञ के लिए भूमिपूजन 19 को



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 19 अप्रैल से मंडा टांड, बोंगाबार में होने वाले पांच दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। साथ ही, नगर भ्रमण पश्चात मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया। आयोजित पूजन कार्यक्रम यज्ञाचार्य मनोज पांडेय की अगुवाई में आचार्य मेवा पांडेय, आशीष पांडेय, अजित तैयारी, धीरज पांडेय, बंटी पांडेय, संजय पांडेय, मनीष पांडेय, अतुल पांडेय द्वारा यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया। इसके बाद नगर भ्रमण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर गाजे - बाजे के साथ क्षेत्र का नगर भ्रमण के लिए निकले। वही, श्रद्धालु महावीरी झंडे के साथ देवी-देवताओं के जयघोष के बीच विभिन्न पूजन स्थल पर पहुंचे। पुन: यज्ञ स्थल पहुंचकर महावीरी झंडे का ध्वजारोहण किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजू साव, सचिव तेज नारायण महतो, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, रामबचन महतो, सुरेंद्र महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, केदारनाथ मिश्रा, भुवनेश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण पंडा, उत्तम पंडा, प्यारी लाल कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, धनेश्वर महतो, दीनू महतो, विनोद प्रजापति, रामप्रवेश साव, नरेश ठाकुर, कौलेश्वर प्रजापति, बाबूलाल मुंडा, अशोक करमाली, संतोष करमाली, जगेश्वर प्रजापति समेत बड़ी संख्या में यज्ञ समिति के लोग मौजूद रहे।

## मतदान जागरूकता को लेकर एनटीपीसी ने किया जागरूक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन के एसिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीइपी) के मार्गदर्शन में, एनटीपीसी उत्तर कर्णपुरा ने एक गतिशील मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा प्रशासनिक भवन के सामने संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वोट फॉर 20 मई के आकार में मानव श्रृंखला गठन किया गया। जो मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को प्रतिष्ठानित किया गया। यह पहल नागरिकों को शिक्षित करने और प्रेरित करने का उद्देश्य था। ताकि वे अपने मतदान के अधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिला प्रशासनिक अधिकारी चतरा उपायुक्त रमेश घोलप के कुशल मार्गदर्शन में, कार्यक्रम में एसडीओ सिमरिया सनी राज, और एचओपी उत्तरी कर्णपुरा स्वप्नेंदु कुमार पंडा ने लोकतांत्रिक समाज में मतदान के महत्व पर जोर देते हुए अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

## डीसी-एसपी पहुंचे दिगवार, किया क्षेत्र का मुआयना

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ विमल कुमार अपनी टीम के साथ सोमवार को दिगवार पहुंचे। जहां अधिकारियों ने क्षेत्र के काली मंदिर और दिगवार चौक का मुआयना किया। इस दौरान शनिवार की देर रात दिगवार चौक पर असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक तोरणद्वार को जलाये जाने की घटना से संबंधित जानकारी मौजूद अधिकारियों से ली। इधर, जिला प्रशासन की ओर से तैनात दंडाधिकारी और पुलिस बल के जवान दूसरे दिन भी मुस्तैदी के साथ दिगवार में डटे हुए हैं। क्षेत्र में आम दिनों की तरह माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है।

### रामनवमी पूजा को लेकर जिला शांति समिति की बैठक में डीसी ने कहा

# शांति भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

- 86 स्थानों पर दंडाधिकारी रहेंगे तैनात
- एसपी ने किया स्पष्ट, डीजे रहेगा पूरी तरह बंद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पोचरा गांव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोई कोशिश के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया है। डीसी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी पूजा समितियों और अखाड़ों के पदाधिकारी से संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दें। जुलूस में कोई डीजे पकड़ा गया तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक उसे छोड़ नहीं जायेगा।

डीसी चंदन कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। जिले में फोर्स और मजिस्ट्रेट की कमी नहीं है। ड्रोन से घरों और छतों का मुआयना होगा।

**कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई निश्चित: एसडीओ:** बैठक में एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में कमेटी के पदाधिकारी से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हर समिति और अखाड़े के 10 लोगों का नंबर थाना प्रभारी अपने पास रखें। अगर किसी को कोई सूचना देनी हो या कहीं कुछ वारदात हो तो समिति के पदाधिकारी से सबसे पहले संपर्क हो सके और समस्या के निवारण के लिए प्रयास किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि जुलूस में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम नहीं करना है। अगर जुलूस किसी धार्मिक स्थल से होकर गुजरती है तो वहां भी मर्यादा में ही रहे। आदर्श आचार संहिता लागू है और अगर इस दौरान किसी कानून का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी।

शांति समिति की बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद, सभी थानों के प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिले के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

### भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: एसपी

शांति समिति की बैठक में एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पूरा गाइडलाइन जारी किया गया है। पूजा कमेटी को एसडीओ कार्यालय से निर्देश दिये जा चुके हैं। रास्ते पर अगर भवन निर्माण से संबंधित कोई सामग्री रखी गयी है तो उसे तत्काल हटा लें। जिला पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ के बटालियन भी रामगढ़ में मौजूद है। जुलूस में सुरक्षा के लिए उनका भी प्रयोग किया जायेगा। एसपी ने कहा की पूजा समिति अपने क्षेत्र में रोशनी के पुख्ता इंतजाम करें। जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जायेगी।

# रामगढ़ में डीसी, एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार फ्लैग मार्च में शामिल हुए। उन्होंने रजरप्पा, चितरपुर और विभिन्न थाना व ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने साफ संकेत कर दिया कि अपराध पर लगाम लगाने और रामनवमी पर्व के अवसर पर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हर जगह पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जायेगी। डीसी और एसपी ने आम जनता से शांति, आपसी भाईचारा और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाने की अपील किया।

### पदाधिकारियों के साथ एसपी ने की बैठक, दिये निर्देश

एसपी डॉ बिमल कुमार ने रामनवमी त्योहार के मद्देनजर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातू एसडीपीओ, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से गाइडलाइन दिए गए हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के तहत भी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। पूजा कमेटी और अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न करना है। इसके अलावा कोई भी राजनीतिक लाभ न उठाए इसका भी ध्यान रखना है। किसी भी बैनर व पोस्टर पर किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी या उसके सिंबल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। कोई आम नागरिक ना तो वोट देने की बात करेगा और ना ही किसी दल विशेष के का प्रचार करेगा।



### भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रदेश प्रवक्ता ने की प्रेस वार्ता

# भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है: प्रतुल शाहदेव

- पिछले चुनाव में जो वादा किया, उसे पूरा किया,भविष्य में भी यही होगा
- राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण योजनाओं के सुनामी के सामने विपक्ष कहीं नहीं टिकता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** होटल शिवम इन में सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भाजपा का संकल्प है और भाजपा का संकल्प मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस अवधि में सरकार ने देश के लोगों की आकांक्षा पर खरा उतरने का कार्य किया है। बताया कि केंद्र सरकार ने कोरोना काल में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का कार्य किया है। जिसकी अवधि बढ़ाई गई है और आनेवाले 5 वर्ष तक लोगों को यह सुविधा मिलती रहेगी। बताया कि देश के 34 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया गया है। कहा कि इसके तहत लोगों के 5 लाख तक का इलाज मुफ्त होता है।

प्रतुल ने संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि आयुष्मान योजना में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को लाने का संकल्प भाजपा ने लिया है। श्री शाहदेव ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत देश की 10 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। भविष्य में सिलेंडरों की संख्या को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। देशभर में 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। प्रेस वार्ता में बताया कि 43 करोड़ को मुद्रा लोन उपलब्ध करवाया गया। इनमें से 13 करोड़ ने दुबारा योजना का लाभ लिया। प्रतुल शाहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश के 11 करोड़ किसानो के खातों में प्रतिवर्ष 600 हजार रूपए भेजे जाते हैं। बताया कि वर्ष 2014 के बाद देश का कृषि बजट 5 गुणा बढ़ाया गया है। 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के 11वें नंबर की अर्थव्वस्था थी जो अब विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। आनेवाले कुछ वर्षो में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश को आतंकवाद से पूरी तरह सुरक्षित करने का कार्य किया है। कहा कि उग्रवाद प्रभावित हिंसा में 52 प्रतिशत की कमी आयी है। कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाया गया। अयोध्या में 500 वर्षों के प्रयास के बाद प्रभु राम का मंदिर बना। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, रंजन फौजी, भीमसेन चौहान, ब्रजेश पाठक आदि उपस्थित थे।

### प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी को बड़ा झटका

# चार नक्सली समर्थकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- दो अमेरिका मेड पिस्टल और 100 चक्र जिंदा कारतूस समेत अन्य सामान बरामद
- टंडवा और पिपरवार समेत अन्य इलाकों में घटना को अंजाम देकर फैला रखा था दहशत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिले की पिपरवार थाना पुलिस ने प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादियों को बड़ा झटका दिया है। चार नक्सली समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो अमेरिकन मेड पिस्टल, दो मैगजीन, 7.65 एमएम का सौ चक्र जिंदा गोली, रंगदारी व लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन और नक्सली पर्चा सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। गिरफ्तार सभी नक्सली टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। एसपी विकास पांडेय ने बताया कि टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि कोयलांचल समेत आसपास के जिलों में गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा कोल व्यवसाईयों, ठेकेदारों व विकास योजना से जुड़े लोगों को डरा-धमकाकर लेवी और रंगदारी की वसूली करते थे। उन्होंने बताया कि पूर्व से भी कई मामलों में इन गिरफ्तार नक्सली मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल की पुलिस को तलाश थी। गिरफ्तार नक्सलियों में 29 वर्षीय मसी तिग्गा ग्राम खंधार थाना टंडवा, 25 वर्षीय बिफा उरांव पिपरवार थाना के झूलन डाहा गांव, 22 वर्षीय विकास उरांव पिपरवार थाना के कल्याणपुर गांव और 42 वर्षीय किरण नगरवाल टंडवा थाना के ग्राम चिरलौंगा का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के द्वारा ही पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंगाबिलारी गांव में जय अंबे ट्रांसपोर्ट कंपनी के हाईवा में आगजनी व जामडीह स्थित श्री एंटरप्राइजेज कंपनी के हाईवा गाड़ी में आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। एसपी ने कहा कि नक्सलियों को विरोध पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी नक्सलियों से अपील किया है कि हिंसावादी विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण कर झारखंड सरकार की नयी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ें।

## न्याय उलगुलान महारैली को लेकर हुई बैठक

**मांडू (आजाद सिपाही)।** हेसागढ़ा स्थित आवासीय कार्यालय में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र कोयलांचल झारखंड मुक्ति मोर्चा, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन, झारखंड श्रमिक संघ और रैयत विस्थापित मोर्चा पदाधिकारीयों की संयुक्त बैठक यूनियन के महासचिव फागु बेसरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली को सफल बनाने और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजय बनाने की बात कही गयी। मौके पर श्री बेसरा ने कहा कि केंद्र कि तानाशाही भाजपा सरकार ने लोकतंत्र कि हत्या करते हुए केन्द्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। जिस तरह से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बिना कोई ठोस सबूत के जेल में बंद कर रखा है। केंद्र के भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान को जिस तरह से खत्म करने का प्रयास कर रहा है। इसके विरोध में अगामी 21 अप्रैल 2024 को हजारीबाग और रामगढ़ जिला से प्रभात तारा मैदान रांची में हजारों की संख्या में न्याय उलगुलान महारैली में शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, जिला संयोजक सोनाराम मांझी, नीलकंठ महतो, गौरव पटेल, रेखा कुमारी, सैनाथ गंझू, रामकिशोर मुर्मू, लखनलाल महतो, योधेश्वर सिंह भोगता, अकल उरांव, बिजय हेम्ब्रोम, अलाउद्दीन अंसारी, एतो बास्के, कुर्बान अंसारी, बरतु करमाली, महेन्द्र मिस्त्री, महेन्द्र मुंडा, महेन्द्र मांझी, लखीराम मांझी, बोधन मांझी, अलख कुमार मॉझी, आनंद मरांडी, पन्नालाल मुर्मू, प्रदीप सोरेन, सनु मदन सोरेन, नरेन्द्र रविदास, सहादेव किस्कू, देवीराम हेम्ब्रोम, मंगरू मांझी, शनिचर मरांडी, बीरबल मरांडी, भुनेश्वर ठाकुर रीतलाल हंसदा, राजेश बेदिया, हांसदा समेत कार्यकर्ता शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा प्रियजनों का आवागमन। |
| वृष | सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी। |
| मिथुन | धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा। |
| कर्क | माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा। |
| सिंह | पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा, विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी। |
| कन्या | विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| तुला | नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| वृश्चिक | पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। |
| धनु | आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा। |
| मकर | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| कुंभ | विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा। |
| मीन | विना-विचारें कोई काम न करें, चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा। |

## मतदान करने को लेकर निकाली प्रभात फेरी




**मांडू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में वोट करने को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोराकरम मतदान केंद्र संख्या 203 और 204 के बच्चों और विद्यालय परिवार के लोगों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में बच्चों ने मतदान स्लोगन के साथ पोषक क्षेत्र मे लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ ही शिक्षकों ने लोगों से मिलकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। मौके पर बीएलओ पिंकी कुमारी मुर्मू, अनिला मरांडी, पर्यवेक्षक विमला कुमारी, सावना हेम्ब्रोम, सलीमुद्दीन अंसारी, गुडिया देवी, बुधनी देवी, सेविका चुन्नू देवी, बसंती देवी, सहिया रेनू देवी, वार्ड सदस्य सरस्वती किस्कू, असरिता सुरीन, लक्ष्मी देवी शामिल थी।

## रामनवमी और मंगला जुलूस को लेकर बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व और मंगला जुलूस को लेकर सोमवार को उरीमारी थाना में ओपी प्रभारी राम कुमार राम की अध्यक्षता में हुई ग्रामीणों की बैठक। रामनवमी पर्व में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों से विचार लिया गया। इस दौरान रामनवमी पूजा को लेकर गरसुला, पोटंगा और उरीमारी पंचायत के ग्रामीण, बुद्धिजीवी, सामाजिक, के साथ-साथ सभी अखाड़ा के अध्यक्ष उपस्थित थे। मौके पर ओपी प्रभारी राम कुमार राम ने रामनवमी पर्व और मंगला जुलूस में उरीमारी थाना क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सहयोग करने को कहा। साथ ही कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों को बक्सा नहीं जायेगा। उपद्रव मचाने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, डॉ जी आर भगत, आर के सिंह,असलम अंसारी, लालदेव सोरेन, बृजबिहारी प्रसाद, रामदुलार साव, महेश करमाली, उरीमारी पंचायत उपमुखिया सतीश कुमार, विश्वनाथ मांझी, नथू कुमार, रवि पावरिया, अशोक कुमार, चंदू जायसवाल, सुनील यादव, राधेश्याम बैठा, राजेश रजक, नरेश साव, राजू पासवान, रघुपति यादव, जतरु बेसरा, सीगू मांझी, मनू टुडू,पूरन मांझी, भकता चरण, सुरेश प्रजापति, दिपक यादव, नूर आलम, त्रिवेणी साहब, फिरोज अंसारी शहीद कई लोग मौजूद थे।

## रजरप्पा में छठ पूजा धूमधाम से संपन्न



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र महीना के छठ पूजा विधि विधान और धूमधाम से सोमवार सुबह संपन्न हो गया 36 घंटा निर्जला उपवास रखकर श्रद्धालु भक्तों ने छठ मैया की महिमा अपरंपार को लेकर आराध्य किया मां के पूजा अर्चना के बाद छठ ब्रत्तियां ने मनोकामनाएं की, विधि विधान से मन की पूजा अर्चना किया गया, भक्ति आस्था और विश्वास का पर्व में भगवान उदयमान भास्कर को अर्घ्य देते ही समापन हुआ, ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर चैती छठ पूजा की गयी विधि विधान से पूजा अर्चना हुई सोमवार सुबह उगता हुआ उदयमान भगवान सूर्य देवता को नदी नाला और विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य दिया गया, पूजा अर्चना को लेकर छठ मैया के भक्ति भरा गीत जगह-जगह पर गूंजता रहा और पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्ति का त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ।

# हेल्थ ड्रिंक के भ्रामक विज्ञापन

बचपन में हमें टीवी विज्ञापनों की मदद से यह विश्वास दिलाया गया कि हेल्थ ड्रिंक, जैसे बॉर्नविटा और हॉर्लिक्स हमारी ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी हैं। इसे पीने से मेंटल और फिजिकल ग्रोथ बढ़ती है। बच्चे भी चाव से दूध या किसी और पेय पदार्थ में मिलाकर इसे झटपट पी जाते थे। अभी भी हेल्थ ड्रिंक बनाने वाली कंपनियां यही दावा करती हैं। अब सरकार ने बॉर्नविटा और अन्य पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक के रूप में वर्गीकृत करने के लिए कहा है। सरकार की यह सलाह खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा इ-कॉमर्स वेबसाइटों को दी गयी टिप्पणी के बाद आयी है। एफएसएसएआइ ने वेबसाइटों पर खाद्य पदार्थों के उचित वर्गीकरण का अनुरोध किया था। चूंकि 2006 के खाद्य मानक कानून या उसके बाद के किसी भी नियम में 'स्वास्थ्य पेय' शब्द को परिभाषित या मानकीकृत नहीं किया गया था, इसलिए कोई भी पेय 'स्वस्थ' होने का दावा नहीं कर सकता।

**'स्वास्थ्य' सिर्फ कंपनियों के लिए फायदेमंद:** फूड सेफ्टी अथॉरिटी (एफएसएसएआइ) ने हेल्थ ड्रिंक के तौर पर वर्गीकरण के मुद्दे को उठाकर सही कदम उठाया है। भारत में पीढ़ियों से माल्ट आधारित पेय पदार्थों का सेवन किया जाता रहा है। हॉर्लिक्स, बूस्ट, बॉर्नविटा जैसे सफेद पेय पदार्थ 14.4 अरब रुपये के बाजार में लगभग 70% हिस्सा रखते हैं। इनका सेवन पूरे भारत में बच्चे करते हैं, जो कथित तौर पर जरूरत से तीन गुना ज्यादा चीनी का सेवन कर रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि माल्ट आधारित पेय पदार्थों को अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड माना जाना चाहिए। यह बच्चों में मोटापे और किशोरों में मधुमेह के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं।

**स्वस्थ ड्रिंक्स का दावा करने वाली कंपनियों, हॉर्लिक्स, बूस्ट, बॉर्नविटा को अब यह वगीर्कृत करना होगा कि उनका प्रोडक्ट हेल्थ ड्रिंक्स के अंदर आता है। सरकार ने इसे लेकर सलाह दी है।**

**ऑनलाइन विज्ञापन ही असली उत्पाद हैं:** कंपनियां तर्क देती हैं कि उनके उत्पादों पर लेबल साफ तौर पर लगे होते हैं और ग्राहक जागरूक होकर चुनाव करते हैं। लेकिन दशकों से इन पेय पदार्थों के विज्ञापनों में बच्चों के लंबा, मजबूत और ज्यादा दिमाग वाला बनने में सहायक के रूप में दिखाया जाता रहा है। दुकानों पर बिक्री अलग बात है, लेकिन ऑनलाइन स्टोर्स पर विज्ञापन ही असली उत्पाद होता है, जहां आप सिर्फ क्लिक करते हैं। याद करें कि भारत सरकार ने 24 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए शिशु आहार और दूध के विकल्पों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे इन उत्पादों की वृद्धि कम हुई और स्तनपान और घर के खाने को बढ़ावा मिला। इसलिए अब हेल्थ ड्रिंक के वर्गीकरण का नया फैसला स्वागतयोग्य कदम है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नये रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोर कर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अब भारत को इस धारणा को बदलने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाना चाहिए।**

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

**ललित सिंह**



**लोकसभा** चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही हैं। पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है। कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं, तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं। मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बजाय उनके तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छीछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखायी है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आंदोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिए हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

**नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें, तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा?**

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नये रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोर कर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं, मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नये संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है कि हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं, तो अपने पड़ोसी की छत पर गंदगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरुआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है।

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए, लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिये। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है। बात राजनीतिक आदर्शों की है, जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आंदोलन की अगुवाई करते देते थे। अब ना तो ऐसे आंदोलन होते हैं, न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें, तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का ख्याल चोरी को खुला आमंत्रण है।

भाजपा, जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा की कुछ मजबूरियां हों। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता, तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। इंदिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं, बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए। यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आयी। कहते हैं- जा के पैर न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीड़ परायी। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते, तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं, तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे, तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परंपराओं को और जीवन शैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका, जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गये हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिए व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा, क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रियन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना होगा। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें, पर उनके प्रति अपना रुख बदल कर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए, व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिए हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धांतों को शक्तिशाली बनाना होगा।

**(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आजसू पार्टी जिले में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करेगी : चंद्रगुप्त सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए आजसू पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी। सोमवार को आजसू पार्टी का पूर्वी विधानसभा स्तरीय बैठक केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह के सिदगोड़ा स्थित आवासीय कार्यलय में आयोजित की गयी। बैठक में आजसू पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष, सचिव के साथ पार्टी के वरिष्ट नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में जुटने का आह्वान किया।साथ ही आगामी 21 अप्रैल को होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने कई निर्देश दी। बैठक में बतौर अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह ने कहा आजसू पार्टी सदैव ईमानदारी पूर्वक अनुशासित रूप से कार्य करती है। लोकसभा चुनाव में आजसू पार्टी छल पूर्वक नही बल्कि बल पूर्वक एनडीए प्रत्यासी की जीत सुनिश्चित करेगी। उसके लिए पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के दिशा निर्देश पर तैयारी की जायेगी। उन्होंने आगामी 21 अप्रैल को होने वाले लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में सभी कार्यकताओं को एक जुट होकर ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में चंद्रगुप्त सिंह,कन्हैया सिंह, संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, अशोक मंडल, हेमंत पाठक, आकाश सिन्हा, राजेश चौधरी, विमल मौर्या, उमाशंकर सिंह,चंदन सिंह, सोनू सिंह,प्रमोद पाठक, राहुल प्रसाद, देवाशीष चौधरी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन में मार्गदर्शन क्लासेज का शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने सोमवार को विश्वविद्यालय के सभागार में मार्गदर्शन क्लासेज का शुभारंभ किया गया।मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह ने बताया झारखंड में विद्या र्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा प्रबंधन का लक्ष्य है शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा व सहायता मिले। बीते कई वर्षों से नेताजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा प्रदान की जा रही है। अथक प्रयासों का ही परिणाम है। आज शिक्षण संस्थानों में कुल 14000 हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। मदन मोहन सिंह ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल करते हुए मार्गदर्शन क्लासेज का शुभारंभ किया गया। जो अब तक की सभी परियोजनाओं में सबसे महत्त्वपूर्ण है। देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों तक विद्यार्थियों की पहुंच अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। समाधान के लिए मार्गदर्शन बैनर के तले मेडिकल, इंजीनियरिंग औरे दूसरी प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग क्लासेज की सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया। ताकि शहर के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा को लेकर दुविधा व शहर से पलायन की मजबूरी से बाहर निकल सके। न्यूनतम फीस व मुफ्त यातायात सुविधा के साथ मार्गदर्शन क्लासेज विद्यार्थियों को बेहतरीन सुविधायें उपलब्ध कराएगी। ताकि नीट, जेई जैसे प्रतियोगी परिक्षाओं में मार्गदर्शन क्लासेज के विद्यार्थी कीर्तिमान स्थापित कर सके।

# पुलिस ने बम कांड मामले में अभियुक्त विश्वनाथ दास को किया गिरफ्तार




**आदित्यपुर(आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बीते दिनों टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के एमटीसी मॉल के पीछे कारोबारी अजय प्रताप व बाबू दास पर हुए बम कांड मामले में अभियुक्त विश्वनाथ दास को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को थाना प्रभारी नितिन कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया अनुसंधान के क्रम में विश्वनाथ दास का नाम सामने आया था। उसकी गिरफ्तारी कर ली गई। इस मामले में अन्य आरोपियों में फंटूश और सरगना कार्तिक मुंडा की तलाश जारी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा इससे पूर्व मामले से जुड़े दो अपराधकर्मियों में मोती विशोई और मंतोष महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल मामले की तफ्तीश जारी है।

## इवीएम-वीपीपैट का हुआ फर्स्ट रैंडमाइजेशन

**रांची। लोकसभा चुनाव को लेकर इएमएस पर सोमवार को इवीएम-वीपीपैट का फर्स्ट रैंडमाइजेशन किया गया। समाहरणालय स्थित एनआइसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने फर्स्ट रैंडमाइजेशन किया। चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रैंडमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू कहां भेजा जाना है।**

# मतदाताओं के लिए ऑल-इन-वन एप बनकर तैयार, एक क्लिक पर मिलेगी पूरी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को आसान और मतदाताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए कई स्तर से प्रयास कर रही हैं। सोमवार को मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गयी। एप के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जानना,वोटर का रजिस्ट्रेशन कराना,वोटर स्लिप डाउनलोड करने से लेकर चुनाव से जुड़ी अन्य जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। एप की मदद से ही वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। वे चेक कर पाएंगे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। ऐप की मदद से वोटर्स चुनाव सूची में अपना वोट रजिस्टर कर सकते हैं या रजिस्ट्रेशन डिटेल्स में सुधार कर सकते हैं। ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप में यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

यह एप यूजर्स की किसी भी प्रकार की जानकारी स्टोर नहीं करता है। एप यूजर्स को ईपीआईसी कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करने की सुविधा देती है।

# गरीब, युवा और नारी शक्ति का कल्याण है मोदी की गारंटी : जेबी तुबिद




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा महानगर के जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता और राज्य के पूर्व गृह सचिव जे बी तुबिद ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र मोदी का गारंटी कार्ड है। भाजपा सिर्फ वादा ही नहीं बल्कि वादों को शत प्रतिशत पूरा करने वाली पार्टी है। उन्होने कहा भाजपा का संकल्प पत्र गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी शक्ति के उत्थान के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा 2025 में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी। भाजपा आदिवासी विरासत पर शोध को बढ़ावा देगी। डिजिटल जनजातीय कला अकादमी की स्थापना की जाएगी।उन्होंने कहा हमारे कथन और करनी में कोई अंतर नहीं रहा है। देश के प्रत्येक नागरिक यह मानने लगे हैं। 370 हटाने की बात कही थी खत्म हो गयी। महिलाओं के लिए आरक्षण की बात नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पूरा किया। राम मंदिर की बात कही थी व भी पूरा किया। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रही है।मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** तपती धूप और गर्म मौसम के बावजूद आस्था उल्लास के बीच मना सूर्योपासना का महान पर्व चैती छठ। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व पूरा हो गया। सुबह में व्रति महिलाओं पुरुषों ने जलाशय में पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की। अर्घ्य के बाद व्रतियों ने हवन करने के बाद व्रतियों ने दीप दान और सिंदूरदान किया और अदरक गुड़ खाकर पारण किया। इसके बाद घर में अरवा चावल का भात, कढ़ी, चने की दाल, सब्जी, बजका आदि का आहार ग्रहण किया।

उधर प्रखंड के तमाम घाटों और अन्य जगह जहां छठ व्रत के अनुष्ठान चल रहे थे छठी मईया के गीत बज रहे थे। कई जगह महिलाएं छठ की गीत भी गा रही थीं। खासतौर से कांच ही बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए..., केरवा जे फरे ला घवद से ओह पर सुगा मेड़राय..., कोपी कोपी बोल ले सुरूज देव सुन हो सेवक लोग..., हे दीनानाथ दर्शन दीहीं ना अपन..., पांच पुत्तर एक धियवा धियवा मंगबो जरूर आदि गीत लोक आस्था को और मजबूत बना रहे थे।

## भेजरिया में नाबालिग लड़की का मिला शव, संदेह के आधार पर एक गिरफ्तार



भंडरिया (आजाद सिपाही )। भंडरिया थाना क्षेत्र के भेजरिया गांव स्थित एक नवनिर्मित घर के बरांडा में ग्रामीणों के द्वारा सोमवार की सुबह एक नाबालिग लडकी का शव देखा गया, जिस लड़की की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के भेजरिया गांव निवासी स्व रगमराज भुईयां के16 वर्षीय नाबालिग पुत्री किरण कुमारी के रुप में की गयी, जो गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय की सात कलास छात्रा थी। घटना स्थल से महज 300 फीट की दुरी पर मृतका का घर स्थित हैं। सूचना पाकर पहुंची भंडरिया पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढवा भेज दिया। ग्रामीणों के द्वारा प्रेम प्रसंग में उक्त लड़की की हत्या करने की आशंका व्यक्त की गयी। भंडरिया पुलिस संदेह के आधार पर भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा गांव के टोला पचफेड़ी निवासी तेतरु सिंह के पुत्र पितरूस ऊर्फ नागेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही हैं। लड़की के मां के द्वारा नामजद पितरूस उर्फ नागेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या करने का प्राथमिक भंडरिया थाने में दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक की मां के द्वारा नामजद पितरूस उर्फ नागेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या करने का आवेदन प्राप्त हुआ है। वहीं हत्या करके भाग रहे आरोपी को रंका से गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है। मृतक के ही नवनिर्मित घर में हत्या करके शव रखा गया था। हत्या करके भाग जाने के क्रम में सीडीपीओ के द्वारा साधन छापामारी में वसुंधरा नामक यात्री बस पर मेरे पिता के प्रेमिका नागेंद्र सिंह को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

## विकास सोसायटी की ओर से आदर्श विवाह और सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुज मंदिर के विवाह मंडप हाल में कन्या विवाह और विकास सोसायटी के द्वारा एक असहाय बहनों की शादी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित संस्था के संरक्षक आकाशदीप भारती ने बताया कि कन्या विवाह और विकास सोसायटी झारखंड बिहार में हजारों लड़कियों की शादी में सहयोग कर चुका है। अब यह संस्था छत्तीसगढ़ और महानगर मुंबई में भी जागरूक करने का कार्य करती है। बहुत जल्द महानगर मुंबई में भी सामूहिक विवाह कर गरीब बहनों को डोली सजाने का कार्य करेगी। संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग गरीब, गरीबों के बीच कंबल वितरण सहित अन्य प्रकार की सहयोग किया जाता है। वहीं बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा जैसी कुर्तियों के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाती है। इस मौके पर गढ़वा जिला प्रबंधक बबन खान, टिंकू तिवारी, प्रतिमा कुमारी, मंजू देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, सामाजिक संगठन के संस्थापक मनीष कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आज निकलेगा मंगला जुलूस

**दिव्य व आकर्षक तरीके से रामनवमी पूजा मनाने को लेकर तैयारी पूरी**

**महाआरती का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रामनवमी पूजा को दिव्य और आकर्षक बनाने में श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल पिछले 17 वर्षों से अहम भूमिका निभा रहा है। इसकी जानकारी श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल का गठन वर्ष 2007 में किया गया था। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल का गठन संयोजक मुरली श्याम सोनी के नेतृत्व में किया गया था। उन्होंने कहा कि श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल का गठन के पूर्व गढ़वा में रामनवमी पूजा सीमित तरीके से मनाया जाता था। लेकिन जब श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल का गठन किया गया तो रामनवमी पूजा विस्तृत रूप में मनाया जाने लगा। वहीं दिनोदिन दिव्य व आकर्षक तरीके से यहां रामनवमी पूजा मनाया जा रहा है। जो गढ़वा जिला सहित अन्य जिला के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने लगा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को यहां भव्य मंगलवारी जुलूस निकाली जायेगी। जिसमें काफी संख्या में पुरुष के साथ महिलाएं व युवतियां भाग लेंगी। मंगलवारी शोभायात्रा का आयोजन काली मंदिर से अपराह्न एक बजे किया जायेगा। जो शहर के मुख्य पथ होते हुए रामललाला मंदिर तक जायेगी। उन्होंने इस मंगलवारी शोभा में सभी लोगों को शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर शहर के रंका मोड़ पर रामनवमी के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जुलूस, मानव झांकी, मूर्ति झांकी, रथ व भंडारा आयोजित करने वाले संस्थाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

संयोजक मुरली श्याम सोनी ने कहा कि मंगलवारी शोभा के दौरान पांच सौ फीट ऊपर तक भगवान हनुमान उड़ते नजर आयेंगे। जो गढ़वा जिलावासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं मंगलवारी शोभा में महाराष्ट्र के 50 सदस्यीय पताका टीम भाग लेगी। जो शोभा का मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। महाआरती का आयोजनः अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल ने कहा कि मंगलवारी जुलूस के समापन के बाद शहर के रंका मोड़ पर शाम सात बजे से महाआरती का आयोजन किया जायेगा। जो रात के दस बजे तक जारी रहेगा। प्रेसवार्ता मुख्य रूप से अध्यक्ष उमेश कश्यप, संयोजक मुरली श्याम सोनी, दौलत सोनी, सन्नी चंद्रवंशी, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, भुनेश्वर प्रसाद सोनी, भगत सिंह साहू, मोहन चन्द स्वर्णकार, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, मनोज केशरी, विनोद कमलापुरी, उमाकांत तिवारी आदि शामिल थे।

# स्कूल में छात्र को सांप ने डंसा, मौत

**परिजनों और ग्रामीणों ने विद्यालय में किया हंगामा, प्रबंधन समिति पर लगाये कई गंभीर आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय बिकताम में सोमवार को एक छात्र की मौत क्लास रूम में सांप के डंसने से हो गयी। जानकारी के अनुसार बिकताम गांव निवासी तासीर अंसारी का पुत्र तौकीर अंसारी 11 वर्ष जो चतुर्थ वर्ग का छात्र था। विद्यालय में प्रार्थना के बाद सभी बच्चे के साथ तौकीर अपने वर्ग कमरा में बैठा था, कि कमरा के अंदर स्थित बिल से एक जहरीला सर्प निकल कर डंस लिया, जिससे वह घायल हो गया। आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने तौकीर की नाजुक स्थिति को देखते हुए तुमेगाड़ा हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। तुमेगाड़ा हॉस्पिटल जाने के दौरान रास्ते में ही तौकीर ने दम तोड दिया। ग्रामीणों ने बताया कि छात्र के परिजनों को अस्पताल भेजने के बाद जानकारी दिया गया। तौकीर के मौत होने पर गुस्साये परिजन और ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंच कर शिक्षकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की लापरवाही के कारण स्कूल का रख रखाव सही ढंग से नहीं रहने के कारण यह घटना घटी है। लोगों ने लापरवाही के साथ-साथ कई गंभीर आरोप लग रहे थे।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

विशुनपुरा। पुलिस के द्वारा अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान विशुनपुरा हरिजन टोला में चलाया गया। इस दौरान 14 लीटर महुवा शराब को जब्त किया गया। साथ ही 80 किलो जावा महुवा को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया की रामनवमी और चुनाव को देखते हुए अबैध रूप से संचालित महुवा शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया है। अवैध महुआ शराब के धंधे में संलिप्त विशुनपुरा हरिजन टोला निवासी पलटू राम पिता नंदू राम के खिलाफ थाना कांड संख्या 17/24 उत्पाद अधिनियम 47 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी अबैध महुवा शराब के खिलाफ अभियान चलता रहेगा। वहीं पुलिस द्वारा लगातार चलायें जा रहे अभियान से महुआ शराब कारोबारियों मे काफी हड़कंप है।

# संकुल संरचना विद्यालयों की विकास के लिए अहमः अजय

**प्रांतीय एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संयोजक बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती द्वारा आयोजित एकदिवसीय संकुल प्रमुख व संकुल संयोजक बैठक का शुभारंभ भारत माता, ॐ और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विद्या विकास समिति के उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिंह, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी संयुक्त रूप से किया।

प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों की विकास के लिए अहम है। संकुल विद्यालय संसाधनों का संकुल के विद्यालय मिलकर उपयोग करें। संकुल का प्रमुख कार्य विद्यालय का शैक्षणिक उत्कर्ष करना है। संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक को कार्यकर्ता निर्माण की प्रवृत्ति होनी चाहिए, नये कार्यकर्ता को प्रेरित कर कार्य में संलग्न करना चाहिए और उन्हें हर संभव सहयोग भी प्रदान करना चाहिए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहा कि संकुल विद्यालय अखिल भारतीय स्तर से बनी योजनाओं का अपने विद्यालयों में क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें जिससे संकुल योजना का मूल उद्देश्य की पूर्ति हो। इसके लिए समय-समय पर प्रयोग बैठक और कार्यशाला करनी चाहिए। संकुल केंद्र आदर्श विद्यालय बने इसे भी प्रेरित करना चाहिए। इस बैठक में कुल 39 संकुल से संकुल प्रमुख और संकुल संयोजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, फणींद्रनाथ, राजेश प्रसाद, ओम कार प्रकाश सिंहा, सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडे, तुलसी प्रसाद ठाकुर, रमेश कुमार, ब्रेन कुमार टुडू और ब्रजेश कुमार सिंह और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य और आचार्य विषय प्रमुख के रूप में उपस्थित थे।

## 21 को होगा उलगुलान महारैली का आयोजन




रंका/सगमा (आजाद सिपाही)। रंका झामुमो प्रखंड कार्यालय में सोमवार को सभी पंचायत कमेटी के साथ प्रखंड अध्यक्ष प्रभारी रामसागर यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि आगामी 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान महारैली में इंडी गठबंधन के सभी घटक दल के नेता उपस्थित होंगे। केंद्र सरकार के इशारे पर जिस तरह से इंडी विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रहा है। वैसे सरकार को उखाड़ फेंकने का काम सभी झामुमो कार्यकर्ता करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने के खिलाफ झारखंड के जनता का आक्रोश उलगुलान महारैली में देखने को मिलेगा। रंका प्रखंड से हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उलगुलान महारैली में भाग लेंगे और इंडिया गठबंधन के नेताओं की बात को सुनेंगे। इस मौके पर दीपक सोनी, संजय सिन्हा, मोबिन अंसारी, मुकेश तिवारी, असमुदीन अंसारी, यूसुफ अंसारी, जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी सहित सभी पंचायत के सभी विंग के पदाधिकारी सहित झामुमो कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे। वहीं सगमा में झामुमो नेता व पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जो अत्याचार, जुल्म किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के तानाशाही रवाइयों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उलगुलान रैली आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इंडिया महागठबंधन खाते 14 सीट लोकसभा जीत दर्ज हो यही हमलोग प्रयास होगा और भारतीय जनता पार्टी का यहां सुपड़ा साफ हो। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जय गोपाल यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राहत हुसैन, श्रवण सिंह,नंदलाल प्रसाद यादव बुद्धि प्रसाद यादव, रामनाथ यादव, सुरेंद्र गुप्ता, सुनेश्वर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# संविधान सभी लोगों को समान अवसर प्रदान करता है : अहमद

**बाबासाहेब डॉ अंबेडकर का जयंती मनायी गयी, मंत्री ने किया 25 हजार रुपये का सहयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित खरवार छात्रावास चौक के समिप अंबेडकर युवा क्लब रंका के तत्वावधान में झामुमो नेता राजकिशोर राम की अध्यक्षता में सोमवार को भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ० भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंका प्रखंड 20 सूत्रि अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने कहा कि बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान के बदौलत ही आज दलित शोषित और पिछड़े वर्ग के लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। मेरा संविधान सभी लोगों को समान अवसर प्रदान करता है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबासाहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाया गया संविधान आज खतरे में है। हमें हर हाल में संविधान की रक्षा करना है और संविधान बचाने वाले दलों के हाथ को मजबूत करना है। बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने कहा कि बाबासाहेब डॉ० अंबेडकर जी के तीन मूल मंत्र शिक्षित बनो संगठित हो संघर्ष करो को अपना लो दुनिया के लोग आपके चरणों में गिर जायेंगे। इस अवसर पर मंत्री सह विधायक मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से आयोजक क्लब को 25 हजार रुपये प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में बाजार पथ पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इस मौके पर युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, मुमताज रंगसाज, संजय सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, कंचनपुर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय भुईया, पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष बच्चे और बच्चियां उपस्थित थे।

## रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

धुरकी (आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाने के लिए अनुमंडल पुलिस अधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने धुरकी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव मे सोमवार को डोर-टू-डोर मोटरसाइकिल से घुम-घुमकर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ अनुमंडल पुलिस अधिकारी ने धुरकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव व पंचायतों में मोटरसाइकिल पर सवार होकर आपसी भाइचारा और सौहार्द के साथ पर्व मनाने के लिए लोगो को संदेश दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह से शांति भंग ना हो इसके लिए पुलिस चुस्त-दुरुस्त है, वहीं अगर पर्व के दौरान किसी भी तरह की गैर कानुनी गतिविधी होगी तब पुलिस उसपर कड़ी कार्रवाई करेगी।

## आंगनबाड़ी सेविका के निधन पर शोकसभा का आयोजन



मेराल (आजाद सिपाही)। सेविका उषा देवी के असामायिक निधन पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना सभागार में शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। विगत शुक्रवार को इलाज के दौरान रिम्स रांची में रेजो हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका उषा देवी का असामायिक निधन हो गया था। महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ, कुमारी स्वास्तिका ने बताया कि उषा देवी अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहती थी, उनकी असामायिक निधन से परियोजना तथा गांव समाज के लिए अपूर्णीय क्षती हुई है। शोक सभा में आंगनबाड़ी सेविका संघ के जिलाध्यक्ष विभा रानी, श्याम दुलारी देवी, नागवंती देवी, पुष्पा देवी, जरीना खातून, खुश्बू गुप्ता, गीता देवी, सुमन देवी, सुषमा देवी, अजमेरुण खातून, अनिता देवी, प्रतिमा देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से जंगल और पहाड़ों को बचायें : डीएफओ



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत भवन में सोमवार को उतरी वन क्षेत्र के डीएफओ एबीन बेनी इब्राहिम ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर पर्यावरण को संरक्षित रखने के उद्देश्य से जंगल को बचाने का अपील किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएफओ ने बताया की जंगल, पहाड़ों से हमें ही नहीं जंगली जीव जंतुओं की जीने के लिए अनेक प्रकार के फायदे है। जिसे जानकारी के अभाव में या जन बूझकर कुछ लोग जंगल में लगे पेड़ पौधे और पहाड़ों को नुकसान पहुंचा रहे है, जो कानूनन जुर्म है और वैसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का भी वन विभाग के पास कानून है। कहा कि लोग जंगल में अभी महुवा फल को चुनने के लिए अनावश्यक रूप से आग लगा रहे है, जिससे पेड़ पौधे के साथ साथ जीव जंतु और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पहले जंगल को बचाने के लिए आम ग्रामीणों की जिमेवारी बनती है की इस पर रोक लगायें। साथ ही वन सुरक्षा कमिटी और वन विभाग के भी जिमवारी वन विभाग के बनती है। इस तरह की घटना की सूचना मिलते ही आग बुझायें या वन विभाग को सूचित करें। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि तासबीन अंसारी, सभी वार्ड सदस्य, बीडीसी और गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रीरामलला के दर्शन के लिए अवध की गलियों में भोलेनाथ भी घूमेः प्रपन्नाचार्य जी

**भगवान श्री राम के बाल चरित्र और राम विवाह का सारगर्भित वर्णन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नरगिर आश्रम मे चल रहे रामकथा मे अयोध्या निवासी पूज्य संत श्री बालस्वामी प्रपन्नाचार्य जी ने राम जी के बाल चरित्र का और राम विवाह का सुंदर और सारगर्भित वर्णन किया। भगवान सदाशिव ने केवल सती के शरीर का ही त्याग नहीं किया वरन श्रीराम की सेवा के लिए स्वयं के शरीर का भी त्याग कर दिया। वानररूप हनुमान बनकर भगवान शंकर ने श्रीरामजी व उनके परिवार की ऐसी सेवा की, आज भी कर रहे हैं और भविष्य में भी अनन्तकाल तक करते रहेंगे।

**श्रीरामलला के दर्शन के लिए अवध की गलियों में भोलेनाथ भी घूमेः** वे काकभुशुंडिजी के साथ बहुत समय तक अयोध्या की गलियों में घूम-घूमकर आनन्द लूटते रहे। एक बार शंकरजी काकभुशुंडि को बालक बनाकर और स्वयं त्रिकालदर्शी वृद्ध ज्योतिषी का वेष धारणकर शिशुओं का फलादेश बताने के बहाने अयोध्या के रनिवास में प्रवेश कर गये। **श्रीराम की शिशुक्रीड़ा देखकर परमानंद में डूबे भोलेनाथ :** माता कौसल्या ने जैसे ही शिशु श्रीराम को ज्योतिषी की गोद में बिठाया तो शंकरजी का रोम-रोम पुलकित हो उठा। प्रपन्नाचार्य जी ने अपने भजनों के माध्यम से कहा कि अपने जीवन मे सुकृत अर्जित करना चाहिए। सत्कर्म अनिष्ट से हमारी रक्षा करता है। विषम परिस्थितियों मे सत्कर्म एक कवच की तरह कार्य करता है। मनुष्य को हमेशा सत्कर्म की ओर प्रवृत होना चाहिए। विश्वामित्र जी अपने शिष्यों के साथ राजा दशरथ के पास पहुंचते हैं तथा उनसे राम लक्ष्मण को मांगते हैं। राजा दशरथ पहले तो इन्कार करते हैं, लेकिन बाद में गुरु वशिष्ठ जी के समझाने पर राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र जी के हाथ में सौंप देते हैं।

मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी को भगवान राम ने माता सीता के साथ विवाह किया था। इसलिए हर साल इस तिथि को श्रीराम विवाहोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान श्रीराम चेतना के प्रतीक हैं और माता सीता प्रकृति शक्ति की प्रतीक हैं। ऐसे में चेतना और प्रकृति का मिलन होने से ये दिन काफी महत्वपूर्ण हो जाताआज राम विवाह के अवसर पर बच्चों के द्वारा सुंदर झांकी के साथ साथ गढ़देवी मंदिर से बारात निकाली गयी।

## मीरा की कृष्ण भक्ति ने दर्शकों का मोह लिया मन



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर परिसर में चल रही रासलीला के छठे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त मीराबाई की भक्ति लीला का मंचन किया गया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा बड़े ही सुंदर ढंग से लीला मंचन में दिखाया गया कि राज परिवार में जन्मी मीराबाई के बाल मन में लड्डू गोपाल की ऐसी छवि बसी थी कि यौवन काल से लेकर अंत समय तक बसी रही। मीरा के प्रेम को देख कर भगवान श्री कृष्ण संत के स्वप्न में लड्डू गोपाल को मीरा को देने अन्यथा उनसे दूर चले जाने की बात कहते हैं। स्वप्न के बाद संत ने लड्डू गोपाल को मीरा के हाथों में दे देते हैं। इस दौरान मैं तो कहूंगी बजा के ढोल गिरिधर मेरो है, मीरा के प्रभु गिरिधर नागर आदि भजन पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शक श्रद्धालु भी मस्ती में मग्न होकर खूब तालियां बजायीं। मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया, एक ऐसा स्थान जहां भगवान ही इंसान का सब कुछ होता है। दुनियावी लोभ, मोह से कभी विचलित नहीं हुई। एक अच्छा खासा राजपाट होने के बाद भी मीराबाई वैरागी बनी रहीं। मंच का संचालन अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
08

## महिला हत्याकांड में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ के समीप खेत में काम करने के दौरान रविवार को कुंदगड़ी गांव निवासी स्व बिमला मांझी का 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी का गांव के ही तीन अपराधियों ने बेटी और मजदूरों के सामने धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिया था। वही पुलिस ने त्वरित कर्रवाई करते हुए 24 घण्टे के अंदर तीनो आरोपियों को गांव से गिरफ्तार कर लिया है। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने कहा की हत्या के मामले में तीनो अपराधी स्व. सिद्धार्थ उरांव का पुत्र अशोक उरांव, स्व. ताजे महतो का पुत्र काशीनाथ महतो और रामेशर मांझी का पुत्र विनोद मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान तीनो ने अपना अपराध स्वीकार किया है। तीनो अपराधियों के विरुद्ध जांच कर न्याय संगत कर्रवाई करने की तैयारी किया जा रहा है।

# आठ बम बरामद कर सुरक्षा बलों ने टाल दी बड़ी घटना

रवि कुमार गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक है। ऐसे में नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बालों को नुकसान पहुंचाने के लिए अपनी योजनाएं बना रहें है।

वही दूसरी और जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा लगातार चेकिंग अभियान के साथ साथ नशा करने वाले को भी ब्रेथ एनालाइजर के माद्यम से चेक किया जा रहा व जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। वही इसी क्रम में सुरक्षाबल के जवानों ने बरवाडीह थाना क्षेत्र से महज 20 किलोमीटर की दूरी में 8 कंटेनर बम बरामद किये है। सीआरपीफ की 11 बटालियन ने बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के लोहरा जंगल से ये बम बरामद



किए है। बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को छापामारी अभियान चलाया गया। सीआरपीएफ 11 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार कनोजिया और जिला पुलिस ने मिलकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बम को सुरक्षा बलों के जवानों ने जंगल में ही नष्ट कर दिया।

बताया जा रहा है कि डॉग स्क्वाड की मदद से सुरक्षा बल के जवान आस-पास के जंगलों में भी अभियान चला रहें है।

**कुछ वर्ष पूर्व भी नक्सलियों के हमले से दहल गया था इलाका**

बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व मोरवाई पंचायत के बढनिया घाट में नक्सलियों ने बम विस्फोट कर लैंड माइंस वाहन को उड़ा दिया था। जिसमे कई जवान भी घायल हो गए थे। एक तरह से कहे तो नक्सलियों के बड़े मंसूबो को पुलिस ने नाकाम कर दिया है।

# दर्शन गंझू ने चंदवा और बालूमाथ का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड पार्टी के चतरा लोकसभा प्रत्याशी दर्शन गंझु ने सोमवार को चंदवा और बालूमाथ का दौरा किया। दर्शन गंझु सबसे पहले चंदवा नगर भगवती मंदिर गये जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। उसके बाद चंदवा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव को लेकर रणनीति बनायी। साथ ही कार्यकर्ताओ को चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर विश्वनाथ गंझु, अमृत भोगता, नरेश गंझु, सोमनाथ गंझू, प्रकाश गंझू, सत्यनारायण गंझु, जगमोहन गंझू,दिलीप गंझू, सूरज गंझू, नरेश गंझू, पुनेश्वर गंझू, रामजीत गंझू,रामोतार गंझू, अरुण गंझू, भीम गंझू, कर्मा गंझू, रामवचन देव गंझू, मनोज गंझू, सत्यनारायण गंझू, बबलू गंझू, महेश गंझू, नागेश्वर गंझू, बसंत गंझू, सुदेश गंझू सहित कई लोग शामिल थे।

## आजसू पार्टी के कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष किशोर उरांव के नेतृत्व में हुई। मौके पर नीरू शांति भगत ने प्रखंड पदाधिकारियों को कहां की ग्राम कमेटी तक के एक-एक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और एनडीए की जीत लोहरदगा सीट पर सुनिश्चित करेंगे। लोहरदगा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव जी को इस बार रिकार्ड मतों से हम लोगों को विजयी बनाना है। बैठक में पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, केंद्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव ,जिला अल्पसंख्यक आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश उरांव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मालती टोप्पो, सचिव हेमंती देवी प्रखंड पदाधिकारी ब्रजेश महतो, राकेश कुमार नायक, महेंद्र उरांव, रुपेश मिश्रा, सामवीर भगत, चंद्रनाथ भगत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी मेला आयोजित करने को लेकर निकाला गया भव्य जुलूस



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत बाजार डॉडू में रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को मेला का आयोजन करने के लिये बाजार डॉडू के राम भक्त व नवयुवकों द्वारा सोमवार को चैत शुक्ल सप्तमी को पूजा अर्चना कर भव्य जुलूस निकाला गया। वही जुलूस में जय श्री राम, जय हनुमान, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की गगनभेदी जयघोष के साथ ढोल, नगाड़ा, बैंड बाजा और डीजे के साथ बच्चे बुजुर्ग नाचते झूमते उत्साहित नजर आये। वही जुलूस में शामिल लोगों का जगह जगह पर गुड़, चना, शरबत और पानी से लोगों का स्वागत किया गया। मिथलेश मिश्रा, राजू नायक, रामशरण नायक, दयानंद यादव, मनोहर नायक, रामजीत यादव ने बताया कि बाजार डॉडू में रामनवमी मेला आयोजित करने को लेकर प्रत्येक वर्ष चैत शुक्ल सप्तमी व अष्टमी को जुलूस भ्रमण कर लोगों को मेला में आने के लिये निमंत्रण दिया जाता है। मौके पर बिनोद नायक, सुनील महतो, रोहित नायक, श्यामप्रताप नायक, रामदेनी नायक, संजय महली, अक्षत राज सहित सैकड़ों लोग जुलूस में शामिल थे।

### महत्वपूर्ण खबरें

## आम आदमी के सुझावों पर आधारित है भाजपा का संकल्प पत्र : सुनीता सिंह




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में भाजपा संगठन लोहरदगा जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने भाजपा के जारी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र आम लोगों के सुझाव से बनाया गया है। इसमें कुल 15 लाख सुझाव प्राप्त हुए उसमें से नमो एप एवं वीडियो के माध्यम से 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए। भारतीय जनता पार्टी विगत 10 वर्षों में जितने भी संकल्प जनता के बीच लिए थे वह मोदी जी के नेतृत्व में पूरी किए हैं और यही कारण है कि मोदी जी की गारंटी यानी गारंटी की गारंटी हम सभी कहते हैं। जिस प्रकार से बड़े पैमाने पर आम गरीब जनता सभी वर्गों का उत्थान से संबंधित है बनायी गयी योजनाएं एवं उस योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर हुए हैं। समाज में बैठे हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंची है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए कही कि विपक्ष के घोषणा पत्र केवल घोषणाओं तक सीमित रह जाती है इसका जीता जागता उदाहरण हमारा प्रदेश है। जहां केवल जल जंगल जमीन के नाम पर राजनीति करने वाले लोग आम गरीब आदिवासी का जमीन छीन रहे हैं। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री ही इस मामले में जेल में है। भाजपा ने आदिवासी समाज को एक पहचान दी है। सरकार तुष्टिकरण की नीतियों को खत्म करने के लिए समान नागरिक संहिता को लागू करने का वादा किया है। ताकि सभी समाज में समानता आ सके। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस एवं सोशल मीडिया प्रभारी सजल कुमार उपस्थित थे।

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य एवं थाना प्रभारी नीरज झा के संयुक्त तत्वाधान में फ्लैग मार्च राजकीय मध्य विधालय गेट से प्रारंभ हो कर मुख्य चौक होते न्याटोली सहित सभी गली मुहल्ला होकर पुनः थाना परिसर पहुंची। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रसासन के पदाधिकारियों के द्वारा लोगो को रामनवमी सह भरत मिलाप शोभायात्रा को लेकर क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाने का निर्देश दिया। पर्व त्यौहार में सभी लोगो को एक जुटता का संदेश देते हुए सभी जाति धर्म का सम्मान कर पर्व मनाना ही असली भक्ति है। थाना प्रभारी ने कहा पर्व त्यौहार में कोई भी जाति धर्म के लोगो अगर किसी भी तरह का सरारत करते पकड़े जाते हैं जिस से समाज मे परेशानी उतपन्न होती है तो उसे किसी भी हाल में बक्सा नही जाएगा। मौके पर थाना के पदाधिकारी संजय सिंह, मनोज गुप्ता,वर्मा उरांव सहित कई जवान उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन की साइकिल रैली आज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से साईकिल रैली का आयोजन दिनांक 16 अप्रैल को किया जाएगा। यह साईकिल रैली नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा से पूर्वाह्न 7 बजे प्रारंभ होगी जो मैना बगीचा, समाहरणालय, कचहरी, कारागार (जेल), परिसदन, रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय, लोहरदगा में संपन्न होगी। उक्त जानकारी सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## बरवाडीह इलाके में चैती छठ संपन्न




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** अटूट अस्था का महा पर्व चैती छठ उदिमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही सोमवार को सम्पन्न हो गया। इस दौरान छठ व्रतियों मे काफी उत्साह देखा गया। बरवाडीह के आदर्श नगर छठ घाट, मंगरा छठ घाट, पुरानी बस्ती छठ घाट समेत विभिन्न छठ घाटों पर छठ वर्तियों की संख्या अधिक देखी गयी। सोमवार को सुबह उगते सूर्य को छठ वर्तियों ने लोक परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की और भगवान भास्कर को अर्ध्य प्रदान किया। वही ग्रामीण क्षेत्रो मे छठ पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इधर शहर मे परम्परागत छठ घाट मे छठ वर्तियों ने पूजा अर्चना की और भगवान भास्कर की आराधना करते हुए अर्ध्य प्रदान किया। मौके पर काफी संख्या मे श्रद्धालु जमे हुए थे।प्रकृतिक को समर्पित समानो के साथ घर मे बने पकवान को सुप मे लेकर जल मे खड़े होकर छठ वर्तियों ने पूजा अर्चना की। पुजाउपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

# रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने का संकल्प, डीसी ने लोगों से की सहयोग की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में रामनवमी को लेकर आवश्यक बैठक जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों व शांति समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति रामनवमी का त्यौहार बहुत धूमधाम से हम सभी मनाते आये हैं। इतनी भीड़ होने के बावजूद यह त्यौहार शांति से मनाया जाता रहा है। भगवान श्रीराम के जन्म के समय अयोध्या में एक अलग ही उत्सव का माहौल था जिसका वर्णन महर्षि वाल्मिकी द्वारा रचित रामायण और कवि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में किया गया है। अगर उसी माहौल को अपनाया जाय तो यह त्यौहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। अक्सर रामनवमी के मौके पर डीजे का इस्तेमाल विभिन्न अखाड़ों द्वारा किया जाता रहा है लेकिन उसमें सावधानी यह बरती जानी चाहिए कि किसी के भावनाओं को आहत करनेवाला या उन्मादित करने का गाना उसमें ना बजाया जाय। किसी के द्वारा डीजे संचालक पर किसी विशेष गाना को बजाने के लिए दबाव ना बनाया जाय। जुलूस के दौरान वॉलेंटियर्स पर्याप्त संख्या में रखे जाएं और उनका संपर्क अपने थाना प्रभारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी के साथ अवश्य हो। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा सोरेंग, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



**रामनवमी हमारी संस्कृति का हिस्सा है : डीडीसी**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि अखाड़ा संचालक अपने जुलूस के निर्धारित रूट का पालन अवश्य करेंगे। दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मौजूद अवश्य रहेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

**आपसी सहयोग से त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न होगा : एसपी**

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा थाना स्तर व जिला स्तरीय शांति समिति की बैठकों के कारण आपस में बातचीत का जो माहौल बना है वह संस्कृति बहुत ही अच्छी है। आपसी सहयोग से ही रामनवमी का यह त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न होगा। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेवारी लें। लोकसभा आम निर्वाचन को देखते हुए अखाड़ा संचालकों को कई सावधानियां बरतनी होगी। लाइसेंसी अखाड़ा अपने निर्धारित रूट का पालन करेंगे। गैर-लाइसेंसी अखाड़ा संचालक लाइसेंस के लिए आवेदन दें।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भौरों गांव में नवनिर्मित संकट मोचन हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गयी। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 18 अप्रैल तक चलेगी। इस बीच में रोजाना अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। संध्या समय बनारस से आए विद्वानों के द्वारा धर्म कथा वाचन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित कलश यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कलश यात्रा का प्रारंभ मंदिर स्थल से शुरू होकर भोरो नदी तक गया नदी से जल पात्र में जल भरकर वापस कलश यात्रा मंदिर स्थल तक गया। कलश यात्रा का नेतृत्व आचार्य सतीश चंद्र शास्त्री, बृजकिशोर मिश्रा के द्वारा किया गया। कलश यात्रा में शामिल लोगों की जलपान एवं भंडारा का व्यवस्था मंदिर स्थल पर किया गया था। संध्या समय राम कथा का प्रवचन पिंटू महंत के द्वारा किया गया। मौके पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बादल प्रजापति, उमेश प्रजापति, प्रकाश द्वीप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे लाइन से वृद्ध महिला का शव बरामद

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह - केचकी स्टेशन के बीच मंगरा स्टेशन के निकट अमडीहा स्थित डाउन रेलवे लाइन से खम्भा संख्या 266/ 16 के पास से पुलिस ने सोमवार को 55 वर्षीया एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने उक्त महिला की मौत होने के कारणों की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। अब शव का शिनाख्त नही हो पाया है। शव की निगरानी करते रेलवे पीडब्ल्यूआइ कर्मी धर्मेंद्र कुमार और आरपीएफ पुलिस ने बताया कि रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि डाउन रेलवे लाइन में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर रेलकर्मी और आरपीएफ घटना स्थल पर रात में ही पहुंचे। उस समय उस लाइन पर शव से थोड़ी दूर मालगाड़ी रुकी हुई थी। लाइन के बीच पड़े शव को हटाया गया।

# बढ़ती गर्मी में सावधानी जरूरी : गरिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। लातेहार जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिलों में हीट वेव की संभावना व्यक्त की गयी है। जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गयी है।

वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर



के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके।

**क्या करें :** आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।

**क्या न करें :** धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। शराब, चाय, कॉफी पीने से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें।

## पनशाला का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के कुटमू चौक अंतर्गत यात्री शेड के समीप हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता के द्वारा अपनी दादी स्वर्गीय गिरजा देवी की स्मृति में राहगीरों के लिए पनशाला की शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर के फीता काट कर किया गया । पनशाला की शुरूआत को लेकर जिला परिषद सदस्य ने कहाँ की युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता और दादा जी ललन प्रसाद के द्वारा कई वर्ष से मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा जरूरतमदो को पानी पीला कर की जा रही है जो हम भी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, रुपाली सिंह सुनील कुमार सिंह, जय प्रकाश रजक,ओम प्रकाश गुप्ता,अखलेश विश्वकर्मा, मनोज ठाकुर, विनोद सिंह समेत काफी सख्या में लोग मौजूद थे।

# सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे व अंतिम दिन चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार की सुबह में उदयगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इसके साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया। अर्घ्यदान को लेकर नदी, पोखर व तालाब में जाकर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रती व उनके स्वजन उदयगामी सूर्य की पूजा अर्चना करने के बाद आंगन एवं छत पर मिट्टी के कोशी को छठी के रूप में पूजा किए। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया और वे पारण किये। व्रती




महिला -पुरुष ने स्नान ध्यान कर पीला व लाल वस्त्र धारण कर पूरी पवित्रता के साथ हाथों में बांस की कलसूप में ऋतुफल ठेकुआ, ईख, नारियल,कला रखकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दान किया। भविष्य पुराण के अनुसार छठ पर्व लौकिक व परलौकिक दोनों ही जीवन को सुख देने वाला है। कहते हैं कि इस पर्व से मृत्यु के बाद भी सूर्य लोक में स्थान प्राप्त होता है और वहां जीवात्मा को सुख की प्राप्ति होती है।

## नदी घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में बांकी नदी सहित अन्य नदी तलाब के छठ घाटों में छठ व्रतियों द्वारा उद्यचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ अर्पण किया गया। चार दिवसीय चैती छठ महापर्व सम्पन्न हुआ। लोक आस्था का माह पर्व चैती छठ के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी, तलाब छठ घाटों में उद्यचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ अर्पण किया गया। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में हर्षोल्लाष के साथ भक्तों द्वारा भगवान सूर्य का पूजा अर्चना कर अर्घ अर्पण किया गया। शांति व प्रेम के साथ ही चार दिनी चैती छठ महापर्व संपन्न हुआ।

## ठाकुरबाड़ी में तीन दिवसीय भंडारा का आयोजन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार ठाकुरबाड़ी महावीर मंदिर तीन दिवसीय भंडारा का आयोजन श्री रामनवमी पूजा को लेकर शहर महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी अखाड़ा में तीन दिवसीय भंडारा का आयोजन रखा गया है इसके पहचान संस्कृति कार्यक्रम संध्या 7 :00 बजे से चालू होगा यहां के कार्यकर्ता द्वारा तैयारियां विगत कई दिन पहले से ही शुरू कर दी गयी है। बाइपास चौक के अलावा महावीरी झालर लगाये गये हैं और भी इसके अलावा कई बड़े महावीरी बैनर श्री राम जी के पोस्टर आदि लगाये गये हैं। यहां के कोषाध्यक्ष अध्यक्ष और रवि प्रसाद ने बताया कि इस आयोजन में स्थानीय लोगों को भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि रामनवमी मे तीन दिवसीय भंडारा का आयोजन किया गया है इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसके बाद नवमी में तीन बजे से महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी अखाड़ा से महावीरी जुलूस निकलेगा।

# मनरेगा योजना में बेखौफ करायी जा रही है बाल मजदूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** मनरेगा योजना में धड़ल्ले से बाल मजदूर काम कर रहे हैं। और बाल मजदूरी कराने वाले बेरोक टोक कम उम्र के बच्चों से मजदूरी करा रहे हैं। कराएं भी क्यों नहीं, क्योंकि इस तरह के अपराध करने वाले अच्छी तरह से जानते हैं कि अधिकारी पदाधिकारी का मुंह किस तरह से बंद किया जाता है। एक मामला बसिया प्रखंड अंतर्गत पन्था पंचायत के सोनमेर गांव में देखने को मिला ।सोनमेर गांव निवासी दिनेश साहू को मनरेगा योजना अंतर्गत एक कुआ मिला हुआ है जिसकी खुदाई की जा रही थी।



काफी अरसे से ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि दिनेश साहू ओर मनरेगा मेट कमला देवी के द्वारा कुआ खुदाई में बाल मजदूरी कराई जा रही है इस बात की पुष्टि के लिए शनिवार को मीडिया के द्वारा खुदाई स्थल पर जाने पर दो नाबालिक सहित कुल चार व्यक्ति कुआ खुदाई कार्य मे लगे हुए थे चार मनरेगा मजदूर में दो नाबालिक बच्चे थे, तीसरे में लाभुक दिनेश साहू खुद ओर चौथा मेट कमला देवी का पति जगमोहन साहू था। मीडिया के आने की खबर के उपरांत मेट कमला देवी दौड़ती दौड़ती कार्यस्थल पर आयी और कहने लगी कि ऐसे नहीं होता है। दोनो नाबालिक बच्चो ने बताया कि उनके मां का नाम से मनरेगा का भुगतान होता है और वे कार्य करते है। कार्यस्थल में कार्य कर रही नाबालिक बच्ची ने बताया कि उसकी मां प्रीति खड़ियाइन बीमार है और काम करने में सक्षम नही है। प्रखंड कार्यालय के मनरेगा विभाग से दिनेश साहू के कुआं निर्माण से संबंधित पता करने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि कुल दस लोगो के नाम पर मास्टर रोल निर्गत होता है। लेकिन मास्टर रोल के अनुसार मात्र दो व्यक्ति ही कार्यस्थल में कार्य करते है। दो में एक खुद लाभुक दिनेश साहू है और दूसरा मेट कमला देवी है। जबकि मनरेगा मास्टर रोल के अनुसार कोई भी मजदूर कार्यरत नही थे।

**इसी परिवार को मिला है एक और कुआः** सोनमेर गांव में दो लाभुकों को मनरेगा कुआ का लाभ मिला है जिसमे एक दिनेश साहू के नाम पर है जबकि दूसरा कुआ दिनेश साहू के भाई के पत्नी कुलवंती इंदवार के नाम पर है। पूर्व में भी दिनेश साहू के पत्नी रिंकी कुमारी के नाम पर मनरेगा बागवानी मिला हुआ है।

**मनरेगा योजना में होती रही है फर्जी मजदूरी भुगतानः** मनरेगा योजना अंतर्गत अनेक योजनाओं में फर्जी मजदूरी निकासी का मामला प्रकाश में आता है। इसमें मेट के द्वारा कुछ लोगो का जॉब कार्ड बनवाकर उनके नाम पर निकासी की जाती है जबकि कार्य कराने में दूसरे व्यक्तियों को कम मजदूरी दर में लगाया जाता है। दूसरी ओर योजना में कम लोग कार्यरत होते है जबकि मास्टर रोल में ज्यादा लोगो का नाम डालकर फर्जी निकासी कर ली जाती है।

**दिनेश साहू पेशा से एक व्यवसायी हैः** दिनेश साहू पेशा से एक व्यवसायी है और एक व्यवसायी को मनरेगा के तहत कुआ का लाभ किन वजहों से मिला है। खुद दिनेश साहू द्वारा यह स्वीकारोक्ति किया गया है कि वो पेशे से व्यवसायी है।

**इस मामले में बीडीओ सुप्रिया भगत का पक्ष :** बीडीओ सुप्रिया भगत ने कहा कि वे इस मामले की जांच करायेगे उंसके बाद ही कोई कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में केवल जॉब कार्डधारी ही कार्य कर सकते है। मनरेगा योजना में बाल मजदूरी कराना गलत है और उसपर बाल मजदूरी अधिनियम के तहत ही कार्रवाई होती है।

**प्रखंड में होती रही है जांच के नाम पर लीपापोतीः** प्रखंड प्रशासन के पास अनेकों शिकायते आती रहती है और कार्रवाई के नाम पर प्रखंड कार्यालय के द्वारा उसपर स्पष्टिकरण भी जारी किया जाता है ओर उंसके बाद पूरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

**मामले पर उपविकास आयुक्त का कथनः** इस संबंध में डीडीसी दिलेश्वर महतो ने कहा कि वे इस संबंध में जांच कराकर कार्रवाई करेगे।जब उनसे कहा गया पूर्व में भी अनेक मामलों में प्रखंड स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं कर लीपापोती की जाती रही है तब उन्होंने कहा कि वे इस मामले पर बसिया बीडीओ से बात करेगे।

## रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर मंदिर सजे



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत डूमरटोली गांव में रामनवमी पर्व को लेकर राम मंदिर की साफ सफाई रंग रोगन साज सज्जा का कार्य जोरों पर है 16 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ रामोत्सव प्रारंभ हो जाएगा। वही 17 अप्रैल को रामनवमी धूमधाम से मनाया जायेगा प्रातः पूजा पाठ के उपरांत भव्य जुलूस निकाला जायेगा। प्रखंड के हर क्षेत्र से जुलूस निकलकर झंडा मिलान कार्यक्रम होगा।

## आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड का बैठक आनन्द नगर तर्री में केंद्रिय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघठन की मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि 13 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सात जिलों में पिछड़ा जाति का आरक्षण को जीरो कर दिया गया है उसको लेकर लंबी बात चीत हुई पर बाबूलाल के तरफ से संतोष जनक बात नहीं बोला गया। जिसे हमलोग काफी आहत हैं। उनके द्वारा बैठक में टाल मटोल जबान दिया गया। अब 28 अप्रैल के बाद सभी पिछड़ा समाज के जातियों के यहां जाकर इन सभी बातों को बताएंगे। 28 से पहले शादी का लगन है और सभी लोग इस बीच व्यस्त रहेगें। इस लिए 28 के बाद गांव गांव पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी जाकर सभी को उनका अधिकार के बारे बताया जायेगा। उसके बाद लोकसभा चुनाव में किसको वोट करना है उसके बारे निर्णय लिया जायेगा। उससे पहले अगर काग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी अपना केंद्रीय पदाधिकारी से बात कराएंगे तो उस पर विचार किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के पास सड़क पार कर पैदल अपने घर जा रहे खस्सी मीट विक्रेता बुजुर्ग व्यक्ति मो शेख समीर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। जिससे वे सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल सी एच सी रायडीह में उपचार हेतु ले जाया गया। उसके बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायल का एक पैर एक और एक हाथ फैक्चर हो गया है।

# डीसी ने रायडीह में मतदान केंद्र संख्या 243 और 244 का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 13 मई को गुमला जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर रायडीह प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के सीलम में स्थित मतदान केंद्र संख्या 243 एवं 244 (राजकियाकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीलम - पू. और द.) मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था, बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए हेल्फ डेस्क की व्यवस्था, आवश्यक साइनेज लगाने, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार आदि का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ हरिशंकर बारिक, एइ सुजीत कुमार, जेइ रितेश रोशन, प्रभारी बीपीआरओ मनीष कुमार मौजूद थे।



## बाइक की टक्कर से ऑटो में बैठे दो लोग हुए घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली पुल के समीप बाइक व ऑटो की टक्कर में ऑटो में सवार किता निवासी 55 वर्षीय अद्रियाना कुजूर और 17 वर्षीय प्रियंका कुमारी घायल हो गए। घटना में दोनों के सिर में चोट लगी। इसके बाद दोनों को सादर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में 10 लोग सवार होकर किता गांव से कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप चंगाई सभा में भाग लेने गए थे। वहीं वापसी के दौरान बेहरा टोली नदी के समीप एक बाइक तेजी से ऑटो को टक्कर मार दिया घटना में ऑटो पलटते पलटते बच गया वहीं प्रियंका ऑटो से नीचे गिर गई जबकि महिला के सिर में चोट लगी। बाइक सवार युवक बाइक लेकर तेजी से पालकोट की ओर फरार हो गया।

# चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सोमवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, बिजली संबंधित कई जानकारी ली। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि मतदान कर्मियों और मतदाताओं को मतदान केंद्रो में किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए आप सभी ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। लापरवाही किसी भी कार्यों में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, शिक्षा विभाग बीपीओ पुष्पा टोप्पो, बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, राजलक्ष्मी देवी सहित कई पदाधिकारी और पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## बाजार में लोगों ने युवक को मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पनसो बाजार में सोमवार की अपराह्न कुछ लोगों ने लूटो निवासी 35 वर्षीय अकील अंसारी पिता अमानत अंसारी को लाठी डंडा व पत्थर से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे छुड़ाया। इसके बाद घायल को सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी देते हुए घायल अकील ने बताया सोमवार को बाइक से पनसो बाजार गया था जैसे ही बाइक से उतरा तभी अचानक आदम अंसारी, जहीर अंसारी, अफसर अंसारी, सत्तार अंसारी और दिलशाद अंसारी मुझ पर हमला कर दिया। लाठी डंडा व पत्थर से मारपीट करने लगे। वहीं एक युवक हाथ में चाकू भी पकड़ा था। घटना सोमवार की अपराह्न लगभग 4 :00 बजे की है। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत परिजन उसे लेकर गुमला थाना पहुंचे। जहां मामले की शिकायत दर्ज कराया। घायल युवक ने बताया कुछ माह पूर्व भी इन लोगों ने मेरे साथ मारपीट किया था और अक्सर जान से मारने की धमकी भी देते हैं।

## व्रतियों ने दिया उदीयमान सूर्य को अर्घ्य



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** सूर्योपासना के चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के चौथे दिन छठव्रतियों ने सोमवार को उदीयमान सूर्य भगवान मार्तण्ड को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया। वहीं चैनपुर में नेम निष्ठा के पर्व चैती छठ को लोगों ने पूरे भक्तिभाव से मनाया। इस दौरान लोगों ने छठ घाटों में जाकर उदीयमान सूर्य भगवान मार्तण्ड को लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। चैनपुर के सफी नदी छठ घाटों में गाजे-बाजे के साथ पहुँचे। वहीं चारों ओर छठ के गीत गुंजायमान रहा। वहीं तालाबों में पहुँचे उपासकों ने गाजे बाजे के साथ दीप, ठेकुआ, फल फूल, नारियल आदि से सूप सजाकर घाटों में पहुँचे और उपासकों के साथ लोगों ने अर्घ्य अर्पित किया। प्रखंड मुख्यालय के सहित अन्य सरोवरों और जलाशयों में दूसरा अर्घ्य दिया गया। इस दौरान अपने स्वजनों और परिवार की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मनोकामना पूर्ण के लिये याचना की।उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही आस्था का कष्टसाध्य चार दिवसीय महाव्रत का समापन हो जायेगा।

# बसंती डुंगडुंग ने दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** कलिगा में चैत्र मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को दुर्गा पूजा पंडाल का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग द्वारा विधिपूर्वक नारियल फोड़ एवं फीता काटकर उद्धघाटन किया गया। पूजा अर्चना पुरोहित दिलीप मिश्रा के नेतृत्व में विधिपूर्वक मंत्रोच्चार कर पूजा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य ने लोगो के सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्य रूप से सुनील साहू, प्रवीण सिंह पेड़ा, परमानंद राम, रघुनंदन महतो, विक्की कुमार, गणेश साहू, सचिदानंद नन्द, रामनिवास पांडे, घनश्याम महतो, पुरुषोत्तम राम, रखनु महतो, छटू महतो, प्रदीप साहू, संजू महतो समेत अनेकों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## झानद की बैठक 3 मई को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा इस बार का लोकसभा चुनाव में जोरदार ढंग से गुमला को रेल लाइन से जोड़ने का मुद्दा को उठायी जाएगी। लोहरदगा लोकसभा स्तरीय 3 मई 2024 को गुमला में होनेवाली महाबैठक में रेल लाइन के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी की जा रही है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाग लेने वाली खासकर केंद्र में सत्ताधारी पार्टी भाजपा भी अपने शासन के इन 10 वर्षों में गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए कोई रुचि नहीं ली और इनके द्वारा गुमलावासी को ठगने का ही काम किया गया है। जबकि भाजपा का लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से संसद में प्रतिनिधित्व रहा है।

# व्यान होम्योपैथिक क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर का जिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित शांति नगर में व्यान होम्योपैथी क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर का जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, और डी एच ओ नेहा निश्चल ने फीता काटकर किया। मौके पर क्लीनिक के संचालक सह डॉक्टर मनीष कुमार ने कहा इस क्लीनिक में होम्योपैथी के द्वारा सर्दी खांसी से लेकर कैंसर तक की जटिल बीमारी का इलाज किया जाता है। जिले के लोगों को होम्योपैथी के क्षेत्र में एक बेहतर एवं सस्ती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ही एकमात्र लक्ष्य एवं प्राथमिकता है। वहीं उपस्थित लोगों ने क्लीनिक में उपलब्ध हाई-टेक सुविधा व संसाधन की प्रशंसा की। इस अवसर पर ठेठ नागपुरी कलाकार महावीर साहू, सुधीर कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार साहू, मनमोहन प्रसाद, प्रवीण ओहदार, विजय चौधरी, भोला चौधरी, श्याम सुंदर यादव, नवीन अग्रवाल, नीरज साहू, गगन फोगला, शुभम खंडेलवाल, अजय मंत्री, सिस्टर सुशीला, मोहन नाथ साहू, जगन्नाथ साहू, अनुराग गुंजन, अजीत साहू, अनिल उरांव, महेश उरांव, संदीप उरांव, शंकर प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## ट्रक की टक्कर से युवक की घटना स्थल पर मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के जोड़ा जाम के समीप ट्रक के टक्कर से आजाद बस्ती रजा कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद शाहबाज पिता अब्दुल कादिर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक थाना रोड में एक जूता दुकान में काम करता था। वही सोमवार की अपराह्न बाइक से रायडीह तगादा का पैसा लेने जा रहा था। तभी जोड़ा जाम के समीप पीछे से एक ट्रक टक्कर मारते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पर रायडीह थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव पंचनामा किया। वहीं सदर अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ लग गई। घटना सोमवार के अपराह्न लगभग 4 :00 बजे की है वहीं सदर अस्पताल लाने के उपरांत राइटिंग थाना के सी राकेश कुमार सिंह दलबल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा किया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद शाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम, अफसर आलम, मोहम्मद लड्डन मौजूद थे।

# ब्राउन शुगर के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर एसपी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के युवाओं में ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन से आम व खास हर वर्ग के लोग चिंतित है। नशा का लत लगे अभिभावक अपने बच्चों को लेकर खासा परेशान है। बच्चों के ब्राउन शुगर के लत से अभिभावक का रात का नींद व दिन का चैन छीन गया है। नशा के बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए लोग चिंतित जरूर है लेकिन पहल कहीं से नहीं हो रही थी। मिशन बदलाव की टीम ने ब्राउन शुगर नशा उन्मूलन के दिशा में कार्य करने का पहल करते हुए सोमवार को एसपी शंभु कुमार सिंह ने मुलाकात की। शहर से गांव तक के युवाओं में ब्राउन शुगर एवं अन्य मादक पदार्थों के लगे लत से बर्बाद हो रहे उनके भविष्य एवं चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे मजबूर माता पिता के वस्तु स्थिति से एसपी को अवगत कराया गया और कहा कि इसके कारोबार पर अंकुश लगाकर ही युवा छात्रों को नशा के लत से दूर किया जा सकता है। मिशन बदलाव की जिला सचिव सैयदा खातुन,नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर, बिमला उरांव ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष बिनोद साहू आदि ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और सबसे पहले मादक पदार्थों के खरीद बिक्री करने वाले कारोबारी पर सख्ती से कार्रवाई किए जाने की मांग की। टीम के सदस्यों ने देश समाज व युवा छात्रों के हित में मर्म भाव से एसपी से ब्राउन शुगर, चरस गांजा अन्य मादक पदार्थों पर नियंत्रण लगाने का अनुरोध किया है।




# रामनवमी हनुमान जयंती तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे : सोमनाथ मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होकर श्री हनुमान वाटिका मंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान का दिनांक 17-04-2024 (बुधवार) रामनवमी को कन्या पूजन हवन महाआरती के साथ समापन होगा। हनुमान वाटिका में हनुमान जन्मोत्सव तक श्री हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना एवं सुन्दरकाण्ड एंव श्रीरामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का पठन-पाठन होगा । श्रीरामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाए। इस प्रयास में वाटिका परिवार परिश्रमरत हैं। श्रीराम जन्मभूमि में भव्य मंदिर निर्माण और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये प्रथम रामनवमी और हनुमान जयंती का अवसर हनुमान वाटिका मंदिर में अभी तक सभी पर्व त्यौहार पूजा अनुष्ठान आदि और विभिन्न कार्यक्रम आप सभी श्रद्धालुओं भक्तों माताओं-बहनों के सहयोग से उत्साह और आनंद के साथ आयोजित होते रहे हैं। मंदिर के पुजारी सोमनाथ मिश्रा ने कहा कि श्री हनुमान वाटिका के श्रद्धालुओं भक्तों माताओं-बहनों से आग्रह किया है कि श्री हनुमान वाटिका मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में समय से बढ़ चढ़कर भाग ले एवं मंदिर के विधि व्यवस्था को बनाते हुए वाटिका परिवार को सहयोग दें ।



## आवारा पागल कुत्ता का ग्रामीणों ने किया सेंदरा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिलम गांव में पिछले तीन दिनों से एक आवारा पागल कुत्ता ने घूम घूमकर आधा दर्जन लोगों को काटकर जख्मी कर दिया था। इसमें बच्चे ,युवा शामिल हैं। इसके आतंक से ग्रामीण भयाक्रांत हो गए थे। उसके बाद गांव के युवक एकजुट होकर उस कुत्ते को ढूंढने लगे। इस क्रम में बाजार टांड़ सिलम के पास उसे देखा गया। सभी ने दौड़ाया और घेर कर कुत्ते का सेंदरा कर दिया।

### लोकसभा चुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने में सहयोग की अपील

**पलामू में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन, फॉर्म 6 भरकर अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करें : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक की। सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की। कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है। आपके कॉलेज में जितने भी दोस्त 18 साल के उपर हैं उन सभी से चुनाव में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से उपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही। वहीं, बैठक में डीईओ ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारी जैसे ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट, फॉर्म 6, चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। कहा कि वोट हमें समानता का अधिकार देता है। मतदान कर मन में आत्म संतुष्टि की भावना जागृत होती है। इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है। हमने भी मतदान किया है। आप अब अपने परिवारजनों, दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


कैंपस अंबेसडरों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## उरसुला में डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत उरसुला गांव के चारमुहान चौक पर संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर की आदमकाद प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसका अनावरण समारोह पूर्वक किया गया। प्रतिमा का अनावरण बतौर मुख्य अतिथि वरीय बसपा नेता सह समाजसेवी गोपाल राम ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की जरूरत है। उनके सपने को पूरा करने के लिए संगठित हों, शिक्षित बने और संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को सिर्फ प्रतिमाओं में ही नहीं खोजें, बल्कि उन्हें किताबों में भी ढूंढें। अपने बच्चों को शिक्षित करें, तभी वे अपने हक और अधिकार को समझ पायेंगे। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे। इधर, भीम राव अंबेडकर जयंती पर रविवार की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बाबा साहेब की जयंती पर डीएसपी सहित पुलिस कर्मियों ने किया नमन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार की देर शाम देश के प्रथम कानून मंत्री और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर छत्तरपुर डीएसपी नौशाद आलम, पुनि सह थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण और केक काटकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमरावअंबेडकर की विचार धारा मानववादी रही है। उनके चिंतन में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता व न्याय के दर्शन होते हैं। वहीं इस मौके पर उपस्थित कई पुलिस अधिकारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर एसआइ लाल बहादुर हरिजन, सतीश गुप्ता, विगेश राय, राकेश सिंह, सोनु गुप्ता, धनंजय गोप, नंदलाल साहनी, अविनाश कुमार, रंजीत सिंह, एएसआई मनोज दास, संजय सिंह आदि व कार्यक्रम को सफल बनाने में थाने के सिपाही मनोज रवि, शीतल कुमार रौशन, राहुल रवि, सुरेंद्र रवि, अर्जुन पासवान, विवेक पासवान, नितीश पटेल,संत कुमार, संदेश पासवान, संजय रजक, शशिकांत पासवान, सुभाष पासवान, अखिलेश बैठा, सोबराम पासवान, महेन्द्र राम, विजय राम का अहम योगदान रहा।

## 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पलामू डीसी शशि रंजन के आदेश व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश पर गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक और प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कंपार्टमेंट में वोट के लिए भेजते हैं। इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। वहीं गौतम कुमार, खिरोधर रविदास, जितेंद्र कुमार सिंह, विकास सिंह, सत्येन्द्र कुमार, दिनेशचंद्र पासवान, अनिश कुमार सिंह, आशीष रंजन, नितेश कुमार, यमुना पंडा, संजय राम, कुंदन कुमार रंजन, अमर नोनिया, गौरव कुमार, मनोज कुमार अंबेडकर, सुमंत सिंह, विजेंद्र कुमार, अमरकांत कुमार, भरत सिंह, अजय सिंह, दीपक प्रकाश पाण्डेय, दूधनाथ साहू, निखिल कुमार सिंह, निशिकांत नीरव, निक्सन कुमार, सुनील कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, रणविजय ठाकुर,धर्मराज मिश्र, छठी राम, रामदेव विश्वकर्मा, अर्जुन राम, विजय कुमार, निरंजन कुमार दूबे, रवि कुमार, महताब खान, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, क्यूम अंसारी, अशोक कुमार, लालकृष्ण भारद्वाज, विष्णुदेव महतो, देवेश पाण्डेय व आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

## महाभंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ संपन्न

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के केतात ग्राम पंचायत में नव निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सोमवार को महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह यज्ञ के अंतिम नव निर्मित राम जानकी मंदिर के गर्भ गृह में भगवान राम अपने दरबार के साथ विराजमान हुए। मौके पर श्रीराम जानकी मंदिर निर्माण के प्रणेता शशि नाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे, प्रादेशिक कांग्रेस नेता विजय कुमार चौबे, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, अरविंद चौबे, बालजी चौबे, नवीन चौबे, राजेश चौबे, हर्षवर्धन चौबे, राजीव चौबे राजू, मारकंडे चौबे, गोल्डेन चौबे, अवध किशोर चौबे आदि थे।**

## उलगुलान रैली को सफल बनाने को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह के बक्सीडीह रोड स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने की। वहीं बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य रूप से 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में आहुत उलगुलान रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि कोडरमा व गिरिडीह लोकसभा के साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जो गठबंधन के प्रत्याशी हैं उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ खड़े रहेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि उलगुलान रैली में जिले के सभी प्रखंड से सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होने के लिए रांची जायेंगे। बताया कि रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी उपस्थित होंगी। मौके पर नरेश वर्मा, उपेंद्र सिंह, डॉ मंजू कुमारी, दुर्गा शर्मा, बिमल सिंह, अशोक बिश्कर्मा, मनोज राय, नागेश्वर मंडल, गंगाराम टुडू आदि थे।

## कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**जमीन के टुकड़े को बेचने को लेकर हुआ था पिता-पुत्र में विवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के चांपी में कलयुगी बेटा ने रिश्ते को तारतार करते हुए अपने ही पिता की पंखे के रॉड से पीट कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान कृष्णा भुईयां के रूप में हुई है। वहीं आरोपित का नाम रिकेश भुईयां (21) है। इसकी सूचना पाकर पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया। वहीं, पांकी पुलिस ने कांड संख्या 41/2024 दर्ज कर धारा 302 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित तिवारी के अनुसार रिकेश भुईयां ने बताया कि मां के निधन के बाद पिता पुस्तैनी जमीन को बेच रहे थे। विरोध करने के बाद भी नहीं मान रहे थे। इसी बात से कृष्णा भुईयां अपने पिता से काफी परेशान रह रहा था। रविवार की सुबह उसकी पिता से बहस हो गई। इसी बीच उसे गुस्सा आ गया और पंखे के रॉड से पिता पर वार कर दिया। जिसमें मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## लोस चुनाव के लिए प्रशिक्षण लेने गये सहायक शिक्षक की दुर्घटना में हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण लेने गए हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी दिव्यांग सहायक शिक्षक अखिलेश पटेल की मेदिनीनगर बाईपास रोड में हाईवा की चपेट में आने से मौत हो गई। वे अपग्रेड हाई स्कूल कटैया में कार्यरत थे। सहायक शिक्षक के आकस्मिक निधन से शिक्षक समुदाय में मातम और मृतक के गांव में शोक व्याप्त है। सहायक शिक्षक के आकस्मिक निधन पर शिक्षक चंदेश्वर राम, रामस्वरूप राम, अजय कुमार, रिंकू चौधरी, राजेश कुमार और किरण मेहता आदि ने गहरी संवेदना जताई है। सभी ने दिवंगत शिक्षक के आश्रित परिवार को समुचित सहायता देने की सरकार से मांग की है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ ने की सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को सीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी पंकज कुमार ने प्रखंड के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक कर के कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान सभी बीएलओ को मतदान केंद्र पर मतदाताओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधा का जायजा लेकर सभी बूथों पर बेहतर सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया। साथ ही बीएलओ को बूथ स्तर पर 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्ति को चिन्हित करने की बात कही। ताकि वैसे व्यक्तियों को मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी एमओ मनोज कुमार, अविनाश कुमार सिंह, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, शमीम, उमेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।


## अनियमित बिजली आपूर्ति से ग्रामीण और शहर के लोग हुए परेशान, सुधार की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** भीषण गर्मी और अनियमित बिजली की आपूर्ती से हरिहरगंज के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बीते कई दिनों से घंटों बिजली गुल रहने और लो वोल्टेज से ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र के लोग परेशान हैं। इस मामले पर स्थानीय स्तर पर चर्चा भी जारी है। अनिमित बिजली की आपूर्ति से लोगों की जीवनशैली पर भी असर पड़ रहा है। अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण उन्हें रोजगार, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में बाधा हो रही है। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि और भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग से सुधार करने की मांग की है। उक्त नेताओं ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता से फोन पर बात कर कहा कि बिजली की उपलब्धता में सुधार किया जाए, ताकि लोगों को उनकी दैनिक जीवनशैली में स्थिरता और सुविधा मिल सके। यह मुद्दा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिजली आपूर्ति के अभाव में विभिन्न क्षेत्रों में विकास और प्रगति में विराम आ सकता है। उधर, छत्तरपुर विद्युत कनीय अभियंता ने टालमटोल के अंजाद में जवाब देते हुए कहा कि बीते दिनों आंधी तूफान के कारण लहलहे में चार बिजली का टावर गिर गया है। जिस कारण बिजली आपूर्ति में समस्याएं आ रही है, सुधार होने में अभी समय लगेगा।

## स्पोर्ट्स



भारतीय शूटर पलक गुलिया ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आइएसएसएफ फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में भारत के लिए 20वां पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है।

# पलक गुलिया ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा

**आइएसएसएफ फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय शूटर पलक गुलिया ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आइएसएसएफ फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में भारत के लिए 20वां पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। गौरतलब हो कि फाइनल में पलक की शुरूआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरूआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा।वहीं पहले स्थान पर रही एल्मिरा करापेटियन पहले ही ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी थी, ऐसे में सिल्वर जीतने वाली साएंचा और ब्रॉन्ज जीतने वाली पलक को ओलिंपिक कोटा मिल गया।

### पलक एशियन गेम्स में जीत चुकी हैं मेडल

पलक गुलिया ने पिछले साल हुए एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता था। जबकि भारत की ईशा सिंह ने सिल्वर मेडल जीता था।

## टुंडी में एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त

**सात नामजद लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने सोमवार को टुंडी में छापामारी कर एक लाख क्यूबिक फीट अवैध बालू जब्त किया है। साथ ही इसमें संलिप्त 7 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि इस दिन टुंडी के अंचल अधिकारी शैलेन्द्र चौरसिया, खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक एवं मनियाडीह थाना के पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से मौजा-सर्रा में औचक छापामारी की गई। इस क्रम में अवैध रूप से खनन कर स्टॉक की गई लगभग एक लाख क्यूबिक फीट बालू को जब्त किया गया। जब्त बालू स्थानिय लोगों को जिम्मेनामा पर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में संलिप्त 7 नामजद व्यक्तियों, आरिफ अंसारी, पिता-स्व रहमान मियां, ललन राय, पिता-सुरेन्दर राय, अरूण चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, सिकंदर चौधरी, पिता-गणेश चौधरी, पप्पु राय, पिता-अयोध्या राय, रजाक अंसारी, पिता- स्व मगरूद्दीन मियां तथा गुलाम अंसारी, पिता-स्व बक्सी मियां, सभी ग्राम-सर्रा, थाना-मनियाडीह, के विरुद्ध मनियाडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## अर्जुन सिंह गिरिडीह लोकसभा व सतीश राय बने बेरमो विधानसभा के प्रभारी

# झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर होगी भाजपा की जीत: अर्जुन सिंह

**भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की हुई बैठक**
आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी की बैठक में मौजूद लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**फुसरो/बेरमो।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी की बैठक रांची कार्यालय में हुई। जिसमें लोकसभा प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी घोषित किये गये। रांची प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू और क्षेत्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई। जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री अजय मुंडा ने किया। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि झारखंड भाजपा का बनाया हुआ प्रदेश है। जिसे भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई ने बनाया था और भाजपा ही पूरे प्रदेश का विकास भी करेगी। वहीं, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा का पूरे प्रदेश में ग्रामीण स्तर तक कार्यकर्ताओं की एक टोली है। जिसके माध्यम से भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगी। प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कार्यकर्ताओं में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गरीब कल्याण के साथ ही किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक ले जाने का निर्देश दिया। इस दौरान लोकसभा और विधान सभा प्रभारी की घोषणा की गयी। गिरिडीह से अर्जुन सिंह को जिम्मेवारी दी गई है। जबकि गिरिडीह लोकसभा के बेरमो विधानसभा से सतीश राय, गोमिया अशोक मिश्रा, गिरिडीह गोविंद मंडल, डुमरी महेंद्र महतो, फनिंद्र सिंह, टुंडी सुरेश महतो, बाघमारा राजू दूबे को प्रभारी नियुक्त किया गया।

# भाजपा ने कार्पोरेट घरानों को दे रखी है लूट की खुली छूट : जगदीश रवानी

**धनबाद विधानसभा स्तरीय मासस व मायुमो की बैठक**
आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** विधानसभा क्षेत्र मासस एवं मायुमो की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेश पासवान और संचालन मायुमो जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक में मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सभी संपदा एवं सार्वजनिक उद्योगों को कॉरपोरेट कंपनी के हवाले करने के साथ ही संपत्तियों को लूटने की खुली छूट दे रखी है। आज झारखंड को भी नए रूप से शोषण का जरिया बना रहा है। देश में सबसे बड़ी समस्या महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती गरीबी है' जिसका निदान भाजपा के पास नहीं है। आज कोयलांचल में चाहे माफिया शक्ति हो या लुटेरा, रंगदार हर प्रकार के शोषण के खिलाफ मासस और लाल झंडा लड़ते आया हैं। यह चुनाव देश के साथ ही कोयलांचल का भविष्य भी निर्भर करता है। इसलिए जनता, मजदूर-किसान से अपील है कि मासस को अपना व्यापक मतदान देकर सही जनप्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजें। मुझे विश्वास है कि इस बार मासस एवं लाल झंडा भाजपा के विजय रथ को रोकने में कामयाब होगी। बैठक में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, सुभाष चटर्जी, विजय पासवान, राकेश सिंह, ललिता देवी, संतोष रवानी, अरविंद तिवारी, मंटू रवानी, भोला ताम्रकार, सुरेश पासवान, राजकुमार रवानी, औरंगजेब खान, मोहम्मद अख्तर, अधिवक्ता कन्हैया कुमार, राजकुमार सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, दिलीप भुईया, लालू राय और रियाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### तानाशाह को बढ़ावा दे रही केंद्र सरकार: मथुरा महतो



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत टांड़ मोहनपुर पंचायत क्षेत्र में झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी के आवासीय परिसर में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हीरालाल मांझी और संचालन जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह लोकसभा के आइएनडीआइए समर्थित प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही का बढ़ावा दे रही है। केंद्र सरकार षड्यंत्रकारी प्रवृत्ति की है। उसे केंद्र से उतार फेंकना होगा। देश कर्ज में डूब हुआ है। बेरोजगारी चरम सीमा पार कर चुकी हैं। जनता हमारे साथ है और आइएनडीआइए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मोदी सरकार की करतूतों को बताने का निर्देश दिया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य मंटु यादव, जयनारायण महतो, अजय किस्कू, बाबूचंद सोरेन, अकबर अंसारी, शफीक अंसारी, आजाद अंसारी, सोहनलाल मूर्मू, अम्बिका देवी और किष्टो भगत आदि उपस्थित थे।

### बस्ताकोला क्षेत्र में कोयला ट्रांसपोटिंग की आड़ में तस्करी की कोशिश, हाइवा जब्त

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र से कोयला ट्रांसपोटिंग की आड़ में तस्कर कोयले की तस्करी में लगे हैं। इसी कड़ी में रविवार की शाम बोरागढ़ पुलिस ने रेलवे साइडिंग से कुछ दूरी पर संदिग्ध अवस्था में खड़े कोयला लदे हाइवा वाहन को जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस को आता देख एक वाहन का चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे एक अन्य हाईवा वाहन चालक से जब सड़क के किनारे संदिग्ध व्यवस्था में गाड़ी खड़ी करने का कारण पूछा तो वह कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सका। पुलिस ने उसे कोयला लादे जाने का कागजात दिखाने को कहा तो उसने कहा कि अभी गाड़ी में कोई कागज नहीं है। आने पर दिखाएंगे। इस पर पुलिस को संदेह हुआ और कोयला लदे वाहन को बोरागढ़ ओपी ले आई। इस बीच उसे छुड़ाने के लिए सोमवार की सुबह से कई पैरवीकार को बोरागढ़ ओपी के समीप मंडराते देखा गया। लोगों का कहना था कि गाड़ी की एंट्री बीसीसीएल खाते में हुई है। राजापुर परियोजना चेक पोस्ट से बस्ताकोला, राजापुर, दोबारी, कुइयाँ कोलियरी ,बस्ताकोला ओसीपी के कोयला लोड होकर हाइवा गुजरते हैं। इसी का फायदा उठाकर तस्कर मनसूबे को अंजाम देते हैं।

# रामनवमी के दौरान सुरक्षा को लेकर धनबाद पुलिस ने की मॉक ड्रील

आजाद सिपाही संवाददाता


पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल करती धनबाद पुलिस।

**धनबाद।** रामनवमी पर जिले भर में अखाड़ा निकाला जाता है। अखाड़ा दल पारंपरिक शस्त्रों के साथ प्रदर्शन करते हैं। ऐसे में सुरक्षा और ऐतिहात के मद्देनजर धनबाद पुलिस की मुकम्मल तैयारी है। सोमवार को पुलिस लाइन में रामनवमी के मद्देनजर धनबाद पुलिस ने मॉक ड्रिल किया। जिसमें दंगा रोधी उपकरणों की जांच और अभ्यास किया गया। इसी के साथ आसू गैस के गोले और वाटर केनन का भी अभ्यास किया गया। डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यह मॉक ड्रिल किया गया है। रामनवमी को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जवानों को मॉकड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है।

# पदाधिकारियों-कर्मियों ने ली मतदान करने की शपथ

**टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक**
आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त टाटा स्टील माइनिंग डिवीजन कार्यालय में सुरक्षा ड्रिल के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर सोमवार को वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) और ओरिएंटेशन की बैठक हुई। सभी पदाधिकारी-कर्मचारी व पर्यवेक्षकों के बीच इस कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाता सूची में निबंध की प्रक्रिया से अवगत कराया गया एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया। लोकसभा चुनाव में सभी कर्मचारियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरूकता के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में नोडल पदाधिकारी की ओर से सभी कर्मचारियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

# रामनवमी अखाड़ा जुलूस मार्ग की ड्रोन से निगरानी

## सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : धीरज



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** रामनवमी त्योहार को लेकर महुदा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को विधि व्यवस्था संधारण के लिए महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी अखाड़ा के जुलूस मार्गो का निरीक्षण किया गया। जुलूस मार्ग वाले उन सभी रूट को थाना प्रभारी खुद पैदल चलकर मौजूदा वस्तु स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान ड्रोन कैमरा के जरिए पुलिस की टीम ने जुलूस मार्ग वाले रूट पर निगरानी का अभ्यास किया। कैमरे से युक्त ड्रोन की मदद से जुलूस मार्ग में पड़ने वाले सभी आवासीय परिसर व अन्य इमरातों का सत्यापन सुरक्षा दृष्टिकोण से किया गया। महुदा क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी, सेवाग्राम, भुरूंगिया सहित अन्य इलाकों में ड्रोन के जरिए निगरानी के दौरान पूरे क्षेत्र की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सभी अखाड़ा कमेटियों से मुलाकात कर सभी से पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्योहार मनायें की अपील की। साथ ही डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहने की जानकारी दी। इसका पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की भी हिदायत दी। इसके अलावे धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग को जोड़ने वाले तेलमोचो पुलिस चैकपोस्ट पर 24 घंटे महुदा पुलिस की एंटी क्राइम जांच जारी हैं। वहीं, थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि इंटरनेट मीडिया व सभी वॉट्सएप ग्रुप पर पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है। त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।



### रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले के गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के निर्देश पर सोमवार को रामनवमी को ध्यान में रखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे लोगों को भरोसा होगा की पुलिस उनकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह तैनात है।**

# नव निर्मित मंदिर में स्थापित हुई हनुमान जी की प्रतिमा





**शामिल हुई रागिनी सिंह, किया कोयलांचलवासियों की सुख-शांति व खुशहाली की कामना**
आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मारुति नंदन श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हवन और पूर्णाहुति के बाद नव निर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान 56 भोग लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंची और मत्था टेककर आशीर्वाद लेते हुए मारुति नंदन से परिवार व समस्त कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में जितेंद्र पांडेय, प्रिया पांडेय, विश्व प्रताप सिंह, दुष्यंत सिंह, ज्योति सिंह, अशोक कुमार ओझा, अंजू आनंद, मानिकचंद तिवारी, राकेश कुमार चौबे, उदय कांत ठाकुर, मंजू ठाकुर, धनंजय रवानी, आनंद ओझा आदि मौजूद थे।

# जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल हॉस्पिटल में जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी (जीएनएम) के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीबी करुणामय की ओर से परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया गया। इशके बाद स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल नीलिमा कुमारी और नर्सिंग अधीक्षक लिजी वर्गिस द्वारा जीएनएम की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर डॉ श्रवण कुमार, डॉ इंद्रनील चौधरी, डॉ वर्षा घनेकर और डॉ सोफिया अहमद, स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

## सलाह : फोन से दूरी बनाने की आदत डालें, ताकि परीक्षा या टेस्ट के लिए पूरा फोकस कर पायें

# निरंतरता नीट में सफलता की कुंजी : संजय आनंद

**पांच मई को होने जा रही है 'नीट' की परीक्षा**
आजाद सिपाही संवाददाका

## नीट परीक्षार्थी परीक्षा हॉल में कोई भी नया प्रयोग ना करें


नीट परीक्षार्थियों को जरूरी दिशा-निदेश देते धनबाद गोल के केंद्र निदेशक संजय आनंद।

**धनबाद।** देश की बहूप्रतिष्ठित व कठिनतम प्रतियोगिताओं में से एक नीट 'मेडिकल' की परीक्षा पांच मई को होने जा रही है। इसके लिए अब महज 19 दिन शेष हैं। ऐसे में क्या पढ़ें इससे ज्यादा जरूरी है कि क्या ना पढ़ें। अंतिम समय में अंतिम ताकत लगानी है। लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन पढ़ाई करने की धारावाहिकता को भी आत्मविश्वास के साथ बनाए रखना है। लेकिन यह भी सच है कि अंतिम तैयारी पावर ऑफ नॉलेज की नहीं, बल्कि पावर ऑफ इंप्लीमेंट की होती है। ऐसे में मेडिकल प्रतिभागी बचे हुए समय को कैसे सही तरीके से इस्तेमाल कर नीट में सफलता हासिल करें यह धनबाद गोल संस्थान के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने बताया। कहा कि मेमोरी बेस्ड पार्ट जैसे इनऑर्गेनिक, ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी में अब तक पढ़ें हुए टॉपिक के एनसीईआरटी के महत्वपूर्ण अंडरलाइन्स को रिवीजन करें। 15 दोनों में कम से कम दो बार रिवीजन करने के तरीके को अपनायें और बचे हुए चार दिन आप वो पढ़ें जो आत्मविश्वास व संतुष्टि दे। नये टॉपिक अब नहीं पढ़ें वरण पढ़ें हुए टॉपिक को ही बार-बार दोहराएं। छात्र अपना समय और क्षमता वहीं लगायें जहां से बेस्ट आउटपुट मिले। यानी खुद से पढ़ाई में सबसे ज्यादा समय स्कोरिंग विषय एवं महत्वपूर्ण विषय पर दें। नीट पैटर्न पर आधारित ऑलइंडिया टेस्ट, स्पोट टेस्ट, डीपीपी के साथ ही वैसे सारे प्रश्नों को दोबारा हल करें जहां पहले गलतियां हुई हैं। फिजिक्स एवं फिजिकल केमीस्ट्री के फॉमूर्ला रिवीजन, थ्यूरिटीकल अंडरलाइन्स एवं ऑर्गेनिक का नेमड रिएक्शन, कन्वर्जन, रिएजेंट नेम के साथ ही विशेषज्ञों द्वारा बताये गये ज्यादा बेटेज वाले टॉपिक पर फोकस करें। टेस्ट में मार्क्स के घटने या बढ़ने से परेशान ना हों। यह सबके साथ होता है। दूसरे से मार्क्स की तुलना ना करें। अपनी कमियों पर काम करें, नीट में मार्क्स बढ़ेगा। 200 मिनट में अच्छे प्रदर्शन के लिए ब्रेन को ट्रेंड करें, ताकि परीक्षा की रणनीति के साथ मानसिक जुड़ाव बनी रहे, इसलिए इस पीरियड में हर दिन एक टेस्ट जरूर दें। परीक्षा हॉल में कोई भी नया प्रयोग ना करें। किस विषय पर कितना समय दें, कट-ऑफ पार करने के लिए कम से कम कितने प्रश्नों को एटेम्प्ट लें, ऐसे बहुत सारे दुविधाजनक प्रश्नों का समाधान टेस्ट प्रैक्टिस से मिल जाता है, अन्यथा विशेषज्ञ की सलाह लें। असफलता का डर, किसी भी स्थिति में तनाव-दबाव एवं निगेटिविटी को हावी ना होने दें। नींद पूरा लें और बीच-बीच में गहरी सांसे लें। फोन से दूरी बनाने की आदत डालें, ताकि परीक्षा या टेस्ट के लिए पूरा फोकस कर पाएं।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (उत्पाद शाखा)

**-: आदेश :-**

लोक सभा आम चुनाव– 2024 के क्रम में कोडरमा जिला के सीमावर्ती बिहार राज्य के गया एवं नवादा लोक सभा क्षेत्र में मतदान की तिथि दिनांक: 19.04.2024 को निर्धारित है ।

आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रॉची के ज्ञापांक: 01/नीति–05–10/2022–651, दिनांक: 01.04.2024 तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक: 01/नि०वि०–22–23 (पार्ट–1)/2020/1186, दिनांक: 18.03.2024 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में गया एवं नवादा लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखण्ड उत्पाद अधिनियम– 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं मेघा भारद्वाज (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा– 135 (ग) के आलोक में आदेश देती हूँ कि उक्त निर्वाचन के अवसर पर मतदान समाप्ति के लिये नियत समय के 48 घंटे पूर्व से अर्थात दिनांक: 17.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे से मतदान समाप्ति अर्थात दिनांक: 19.04.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन सम्पूर्ण कोडरमा जिला में शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित किया जाता है ।

शुष्क दिवस (DRY DAY) की उक्त अवधि में कोडरमा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तराँ एवं बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तराँ, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा ।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जाए ।

ह०/–जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR.NO.323818Election(224-25):D

## न्यूज रील्स

### सुर राउत राय कांग्रेस से निष्कासित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक सुरेश राउतराय को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उच्छृंखल आचरण और पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उन्हें कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। एआईसीसी साधारण संपादक के सी बेनुगोपाल ने जानकारी दी। हालांकि, कांग्रेस की कार्रवाई के बाद सुरेश राउतराय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा-निष्कासित होने पर कोई आपत्ति नहीं है। मैं मरते दम तक कांग्रेस में रहूंगा।

### केजरीवाल की हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** शराब नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने रविवार को कहा कि हम मामले की सुनवाई इस महीने के आखिरी हफ्ते में करेंगे। उधर, राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

# सामान्य रहेगा मानसून : मृत्युंजय महापात्र

- पूरे राज्य में भीषण गर्मी, भुवनेश्वर दोपहर 2:30 बजे तक 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव से देश में इस साल सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) मृत्युंजय महापात्र ने पूवार्नुमान की है कि राज्य में कम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के डीजी के अनुसार, मौसम दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए अनुकूल है। इस प्रकार, मानसून देश में 106% वर्षा का कारण बन सकता है। हालांकि, ओड़िशा में बारिश सामान्य से कम होगी। यदि वर्षा कम होती है, तो कृषि प्रधान ओड़िशा में कृषि प्रभावित होने की संभावना है। आज राज्य में गर्मी का कहर जारी है। राजधानी में दोपहर 2:30 बजे तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। चांदबाली में 41.1 डिग्री सेल्सियस, झारसुगुड़ा में 41 डिग्री सेल्सियस और बालेश्वर में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इस बीच, हीराकुंड में 39.5, संबलपुर में 39.4 और राउरकेला में 39.2 दर्ज किया गया। अगले 5 दिनों तक भीषण गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने 5 दिनों के लिए गर्मी की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने तापमान में 4 से 6 डिग्री की वृद्धि की आकलन की है। मौसम विभाग ने आकलन की है कि कुछ स्थानों पर तापमान 17 से 20 तक और कुछ स्थानों पर 43 से 45 डिग्री तक पहुंच सकता है।

# ज्योति पाणिग्राही भाजपा में हुईं शामिल

उन्होंने कुछ दिन पहले बीजेडी से इस्तीफा दिए थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ज्योती पाणिग्राही बीजेपी में शामिल हो गयी। बीजू जनता दल से टिकट नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद उन्होंने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही नुआपड़ा के कई युवा नेता बीजू जनता दल (बीजेडी) छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गये हैं। बीजेडी संपादक सरोज साहू, जिला युव बीजेडी अध्यक्ष हरीश चंद्र पंडा, डुमेरपाणी के सरपंच टिकेराम साहू के साथ पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गये। विलय समारोह में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति, बसंत बसंत पंडा के साथ कई नेता उपस्थित थे।

## संबलपुर रेल मंडल में डॉ बी आर अंबेडकर की जयंती मनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ बी आर अंबेडकर की 133वीं जयंती मंडल कार्यालय संबलपुर में मनायी गयी। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर पांडेय ने रेल अधिकारी और कर्मचारी को डॉ बी आर अंबेडकर के सिद्धांतों और विचारधाराओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जुसुफ कबीर अंसारी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## भाजपा को जीत दिलाने को लेकर रणनीति बनायी गयी



बैठक में अन्नपूर्णा देवी के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा कोर कमेटी की बैठक धनवार के साहू धर्मशाला में हुई। बैठक में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी उपस्थित थीं। पुनः भाजपा को जीत दिलाने को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक के पश्चात सांसद अन्नपूर्णा देवी और पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने संतरायडीह, डोरंडा और भरौना के ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान विधायक डॉक्टर नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, सहसंयोजक प्रणव वर्मा, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो,ज़िला अध्यक्ष महादेव दुबे, अनूप जोशी, सुनील अग्रवाल, रोहित लाल सिंह, अभिमन्यु प्रसाद, चुन्नूकांत, पवन साव सहित कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व तट रेलवे ने डॉ बी आर अंबेडकर की जयंती मनायी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे की ओर से संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। पूर्व तट रेलवे के कार्यकारी महाप्रबंधक महेश कुमार बेहेरा के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे के प्रमुख विभागीय अधिकारियों के साथ डॉ बी आर अंबेडकर के फटो चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काटी ने किया। अंबेडकर जयंती भी रेलवे के सभी रेलवे स्टेशनों जैसे खुर्दा रोड, संबलपुर और वाल्टेयर पर मंडल रेलवे प्रबंधक के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करके मनायी गयी।

## खोरधारोड मंडल ने डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। एच एस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड मंडल ने अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) कल्याण पटनायक, शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारतीय संविधान के निमार्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। आर एन ए परिडा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधारोड ने कार्यक्रम का संचालन किया ।


## आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.


# आइआइटी भुवनेश्वर ने कई नवीन कार्यक्रमों और नये पाठ्यक्रमों का शुभारंभ किया

## एम टेक सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और चिप डिजाइन में डिग्री प्रोग्राम

इंटरडिसिप्लिनरी ब्लेंडेड-मोड एमटेक विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र में कार्य करने वाले इंजीनियरों के लिए 'उन्नत रखरखाव प्रौद्योगिकी' में डिग्री कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने उभरती प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों और उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, आगामी 2024 सत्र के लिए दो नए कार्यक्रमों सहित अन्य कई नये पाठ्यक्रमों को लॉन्च किया है। इन दो नये कार्यक्रमों में (ए) विशेष रूप से उद्योग में काम करने वाले इंजीनियरों के लिए उन्नत रखरखाव प्रौद्योगिकी में डिग्री संबंधी एक अंतःविषय ब्लेंडेड-मोड एमटेक कार्यक्रम तथा (बी) नियमित छात्रों के लिए ¤सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और चिप डिजाइन में एम टेक डिग्री कार्यक्रम शामिल है। **उन्नत रखरखाव प्रौद्योगिकी में ब्लेंडेड-मोड एमटेक डिग्री:** उद्योग में उपकरणों और प्रणालियों का ससमय समुचित रखरखाव संचालन, उत्पादकता और गुणवत्ता की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है । नये एम.टेक कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों में काम करने वाले इंजीनियरों को शिक्षित और प्रशिक्षित करना है ताकि उद्योगों की स्थिरता और उत्पादकता को बढ़ाया जा सके, और उद्योग-अकादमिक संपर्क को बढ़ाया जा सके। अंतःविषय कार्यक्रम यांत्रिक, सिविल, विद्युत, धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग से प्रासंगिक और उन्नत पाठ्यक्रमों का एक आधुनिक मिश्रण प्रदान करता है, जिसमें संक्षरण, वेल्डिंग, कंपन, संरचनाओं से संबंधित रखरखाव के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, और विफलताओं के निदान के लिए डिजिटल जुड़वां के विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। इस संबंध में पंजीकरण विवरण पर उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में गतिशील प्रणालियों में अराजकता का अध्ययन और अनुप्रयोग भी शामिल है। एक अनुसंधान समूह ने पहले ही एक नये अराजक आकर्षण की खोज की है, जिसका विफलता का पता लगाने के लिए कुछ औद्योगिक प्रणालियों में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। यह आकर्षक गतिशील प्रणालियों में विफलता की भविष्यवाणी/पता लगाने हेतु महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। **एम टेक अर्धचालक प्रौद्योगिकी और चिप डिजाइन में डिग्री कार्यक्रम :** भारत का सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) देश को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डिजाइन हब के रूप में आगे बढ़ा रहा है। हाल के माइलस्टोन में 1.25 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ एक नया सेमीकंडक्टर एफएबी और दो आउटसोर्स असेंबली एंड टेस्टिंग (ओएसएटी) सुविधाएं शामिल हैं। संबंधित परियोजनाएं हजारों प्रौद्योगिकी नौकरियों और स्टार्ट-अप अवसरों का निर्माण करेंगी, 28 एनएम, 40 एनएम और 90 एनएम ट्रांजिस्टर के साथ चिप्स का उत्पादन करेंगी। गैलियम नाइट्राइड और सिलिकॉन कार्बाइड जैसे यौगिक अर्धचालकों पर आईएसएम का ध्यान भारत की रक्षा, स्थान और इलेक्ट्रिक वाहन परिवहन की जरूरतों को पूरा करेगा। कुशल पेशेवरों के निर्माण द्वारा इस वृद्धि का समर्थन करने के लिए, आईआईटी में विद्युत विज्ञान विद्यापीठ ने एक एमटेक कार्यक्रम शुरू किया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# किम्स अस्पताल ने उन्नत देखभाल के लिए अत्याधुनिक स्ट्रोक केंद्र खोला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने आज अपने नए व्यापक स्ट्रोक सेंटर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की, जो इस क्षेत्र को स्ट्रोक के विनाशकारी प्रभावों से निपटने के लिए अत्याधुनिक संसाधन प्रदान करेगा। केंद्र स्ट्रोक विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम, जो नैदानिक और उपचार प्रौद्योगिकियों में नवीनतम है, और तेजी से, रोगी-केंद्रित देखभाल के लिए एक प्रतिबद्धता है। किम्स के एसोसिएट प्रोफेसर और न्यूरोलॉजी के प्रमुख डॉ संतोष कुमार दास ने कहा कि स्ट्रोक एक समय-महत्वपूर्ण चिकित्सा आपातकाल है, इन रोगियों को स्ट्रोक के साढ़े चार घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचने की आवश्यकता होती है, ताकि मस्तिष्क को अधिकतम नुकसान न हो। यह नया स्ट्रोक केंद्र यह सुनिश्चित करता है कि हमारे रोगियों को सबसे उन्नत देखभाल उपलब्ध हो, जो उन विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाती है। किम्स अस्पताल स्ट्रोक केंद्र उन्नत स्ट्रोक देखभाल का एक पूर्ण स्पेक्ट्रम प्रदान करता है। इसमें स्ट्रोक विशेषज्ञों तक 24/7 पहुंच, रैपिड डायग्नोस्टिक इमेजिंग (जैसे सीटी स्कैन और एमआरआई), क्लॉट-बस्टिंग दवाओं का समय पर आवश्यक होने पर न्यूनतम इनवेसिव क्लॉट हटाने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। इस स्ट्रोक केंद्र का उद्घाटन ओड़िशा में स्वास्थ्य सेवा के लिए एक बड़ा कदम है। स्ट्रोक के रोगियों को ठीक होने का सबसे अच्छा संभव मौका देते हुए हमें इस महत्वपूर्ण सेवा की पेशकश करने पर गर्व है। हम इसे वास्तविकता बनाने में उनके अटूट समर्थन के लिए किट के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। किम्स अस्पताल ओड़िशा में एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता है, जो विशिष्टताओं की एक विस्तृत श्रृंखला में असाधारण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105



समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

## RAJHANS ACADEMY

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

Upto 100% SCHOLARSHIP

ADMISSION OPEN

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

## S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

## बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन



993106883
9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

## ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

FREE FRANCHISE

Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City



Certified with

For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908

Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com

Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

## वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!

झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला

अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला


Date : 08.04.2024 से

Time : 4 -10 PM

Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi



विशेषताएं
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट



Book Now .: 7004494715

Organiser : Krishna Kumar Shaw



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**